खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें : jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025 । वर्ष –69 । अंक –147 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ जिनकी फिल्मों ने... ■ मध्यवर्गीय यथार्थ ... 04
■ दुनियाभर में उथल-पुथल मचाने वाले ट्रंप की ... ■ तो-तीन हिस्सों में बंट जाएगा देश: अमेरिका 09
■ यूपीआई एक बार फिर हुआ डाउन.. ■ मटर की बंपर आमद से टूटे दालों के दाम 11
■ मुंबई की कोशिश.. ■ धोनी ने लगातार .. 10

### सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए तय की समय सीमा

# राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर बिल पर लेना होगा फैसला

### सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में की टिप्पणी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है।



अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास विधेयकों को लंबित रखने की समयसीमा भी तय करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस समय सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए।

**पूर्व कानून मंत्री ने फैसले को सराहा-** पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना करते हुए अब केन्द्र सरकार जानबूझ कर राज्यों के बिलों पर फैसला लेने में देरी नही करवा सकेगी। उन्होंने कहा कि अटार्नी जनरल ने समय-सीमा निर्धारित करने के निर्णय का विरोध किया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के विपरीत रुख को खारिज कर दिया।

#### दूसरे राउंड में राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध

पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं। पीठ ने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति की पहल को सराहा

# 'विक्रम संवत' परंपरा भारतीय संस्कृति की पहचान : प्रधानमंत्री







**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में होने वाले तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और इससे जुड़ी प्रदर्शनियों के आयोजन की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि मुझे खुशी है कि मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के आयोजकों एवं इसमें हिस्सा ले रहे देश के कलाकारों को आयोजन की सफलता की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

प्रधानमंत्री ने संदेश में लिखा है कि युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है। वह भारत की न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी नेतृत्व परंपरा के प्रतीक थे। उन्होंने साहित्य, कला और विज्ञान को जिस रूप में प्रोत्साहित किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। उनके काल की 'विक्रम संवत' परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान है। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और प्रदर्शनी का महत्व एक सांस्कृतिक आयोजन से कहीं अधिक है। इसका उद्देश्य हमारे इतिहास, हमारी जड़ों और हमारे आत्मबोध को एक उत्सव के रूप में मनाने का है। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजनों से वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियां भारत के स्वर्णिम अतीत से परिचित होंगी और उससे ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का सुशासनकाल आज भी भारत के सभी राज्यों में सम्मान के साथ याद किया जाता है। उनके शौर्य, पराक्रम, वीरता, ज्ञानशीलता, दानवीरता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहल ने शासन संचालन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। बेताल पच्चीसी, सिंहासन बत्तीसी सहित विक्रमादित्य की वीरता की गाथाएं आज भी याद की जाती हैं। संस्कृति मंत्रालय, दीनदयाल शोध संस्थान और दिल्ली सरकार के सहयोग से कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य के काल को जीवंत करते हुए उनके सुशासन की झलक दिखाने का प्रयास किया।

# राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन आज

### केन्द्रीय मंत्री शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में होगा कार्यक्रम

**भोपाल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत होने वाले राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। रविवार 13 अप्रैल को रवीन्द्र सभागम में दोपहर 12 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में सांसद वी.डी. शर्मा, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पशुपालन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल विशेष अतिथि होंगे। कार्यक्रम में सहकार से समृद्धि के विजन अंतर्गत श्वेत क्रांति 2.0 और मध्यप्रदेश डेयरी विकास परियोजना पर लघु फिल्म प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एवं मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य अनुबंध का निष्पादन भी किया जायेगा। मध्यप्रदेश में सहकारिता तथा पैक्स के व्यवसाय विविधीकरण की दिशा में किये गये प्रयासों की लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

# महुआ बीनने गए बच्चे को उठा ले गया बाघ

### खून से लथपथ शव मिला



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे पिपरिया गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां जंगल में महुआ बीनने गए एक 14 वर्षीय बालक पर बाघ ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

जानकारी के अनुसार विजय कोल पिता अर्जुन कोल अपने एक साथी के साथ शनिवार सुबह गांव से सटे जंगल में महुआ बीनने गया था। जंगल में घने झाड़ियों के बीच छिपे बाघ ने अचानक विजय पर हमला कर दिया। बाघ ने बालक को अपने जबड़े में दबोच लिया और जंगल की ओर घसीटते हुए ले गया।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ घटना स्थल की ओर दौड़ी। सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की टीम भी मौके पर पहुंची और बालक की तलाश शुरू की गई। कड़ी मशक्कत के बाद बालक का शव एक नाले में मिला। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है, वहीं मृतक के परिजन रो-रो कर बेहाल हैं।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना वाले क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें वन क्षेत्र में जाने से पहले सतर्क किया जाए और उनके लिए वैकल्पिक आजीविका के साधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि उन्हें जंगल में जाना ही न पड़े।

#### इसी माह में दूसरी घटना

यह घटना वन विभाग और प्रशासन के लिए एक गंभीर चेतावनी है, क्योंकि यह बाघ के हमले की पिपरिया गांव के आसपास की दूसरी घटना है। इससे पहले, दो अप्रैल को भी पनपथा बफर परिक्षेत्र में बाघ ने एक महिला को अपना शिकार बना लिया था। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जब महुआ और अन्य वन उत्पादों के लिए लोग जंगल जाते हैं, तब बाघों की गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में वन विभाग को पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए थे।

# एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत



**देवप्रयाग, (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में स्थित देवप्रयाग में शनिवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कार सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिरने के बाद नदी में समा गई, जिसके कारण यह घातक दुर्घटना हुई। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना के समय कार में छह लोग सवार थे।

एक महिला को मलबे से बचाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल महिला का अस्पताल में इलाज जारी है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) को भी मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बचाव अभियान शुरू किया। टीमों ने क्षतिग्रस्त कार को नदी से बाहर निकालने के लिए क्रेन और अन्य भारी मशीनरी का इस्तेमाल किया, लेकिन दुर्गम इलाके के कारण इस प्रक्रिया में कई घंटे लग गए।

#### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

#### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-**कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिये भी समय सीमा तय की है।

**चुहिया- हां प्रिये-** वक्त के साथ कानूनों में भी बदलाव समय पर होना जरूरी है।

**हेराल्ड हाउस मामला** / सोनिया और राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें

# ईडी ने संपत्तियां जब्त करने के लिए दिया नोटिस

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** हेराल्ड हाउस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 661 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ईडी ने शुक्रवार को एजेएल की दिल्ली, मुंबई और लखनऊ की संपत्तियों को जब्त करने के लिए नोटिस जारी किए। एजेंसी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन संपत्तियों का कुल मूल्य 661 करोड़ रुपए है। नोटिस की प्रति इन संपत्तियों पर भी चस्पा की गई है।

इसके साथ ही, मुंबई स्थित हेराल्ड हाउस की सातवीं, आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को मासिक किराया/लीज की राशि ईडी के निदेशक के पास जमा कराने का आदेश दिया गया है। हेराल्ड हाउस का स्वामित्व एजेएल के पास है। इस मामले में राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अलावा कई कांग्रेस नेताओं के नाम सामने आए थे। इनमें सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडिया भी शामिल है। अन्य आरोपियों में मोतीलाल वोहरा और ऑस्कर फर्नांडिस अब जीवित नहीं हैं।

यंग इंडिया का स्वामित्व सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी के पास है। आरोप है कि यंग इंडिया ने एजेएल की 2,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां महज 50 करोड़ रुपए में खरीदी थीं, जो उनके वास्तविक मूल्य से काफी कम है।

ईडी ने 2021 में इस मामले की जांच शुरू की और पाया कि एजेएल की आपराधिक आय 988 करोड़ रुपए है। इसकी वसूली के लिए उसने 20 नवंबर 2023 में 661 करोड़ रुपए की उसकी संपत्तियों को अस्थायी तौर पर कुर्क किया था, जिसकी बाद में 10 अप्रैल 2024 को पुष्टि कर दी गई थी। अब इन संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।





डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022
www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से होगी शुरू, सभी तैयारियां पूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड में आगामी 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। चारधाम यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसे लेकर प्रशासन अलर्ट है। सीएम पुष्कर सिंह धामी खुद नियमित तौर पर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुलभ बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और इसे और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह देखा जा रहा है।

### Notice Inviting e-Tenders

Madhya Pradesh Poorv Kshetra Vidyut Vitaran Company Limited Civil Works Department.
Office of the Superintending Engineer (Civil) Circle M.P.P.K.V.V.C.L Chhindwara
Contact - Phone 07162-222715 email-eecivilchhindwara@rediffmail.com

N.I.T. No S.E civil/chhindwara/purchase/01/e-tendering.... dated 09.04.2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors fulfilling the desired eligibility criteria.

| Sr. | On line tender No. | Work | District(s) | Probable Amount (Rs. in Lakh), | E.M.D in Rs. | Category of Contractor | Cost of Tender document including GST | Nos of Call | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ PKVVC_ 416074_1 | R&M of Various civil works at 66 Kv S/s colony premises Chhindwara | Chhindwara | 5,61,115/- | 5620/-EMD will be accepted through RTGS/ NEFT | "C" Class & Above in MPPWD & A class and Above in MPPKVVCL/ Successor company of MPSEB | Rs. 1000+ 18% GST=1180 through RTGS/ NEFT | Ist Call | 03 months i/c All Season |
| 2 | 2025_ PKVVC_ 416085_1 | R&M misc. civil work & drilling of borewell at AE/JE town office Seoni | Seoni | 6,28,381/- | 6290/-EMD will be accepted through RTGS/ NEFT | "C" Class & Above in MPPWD & A class and Above in MPPKVVCL/ Successor company of MPSEB | Rs. 1000+ 18% GST=1180 through RTGS/ NEFT | Ist Call | 03 months i/c All Season |
| 3 | 2025_ PKVVC_ 416091_1 | R&M Extension, Rising of height of boundary wall & Providing of Two block Toilet at camping house Balaghat | Balaghat | 8,37,745/- | 8380/-EMD will be accepted through RTGS/ NEFT | "C" Class & Above in MPPWD & A class and Above in MPPKVVCL/ Successor company of MPSEB | Rs. 1000+ 18% GST=1180 through RTGS/ NEFT | Ist Call | 03 months i/c All Season |

1. Rates Mentioned in the BQ of the work are applicable on PWD SOR for Building works & Electrical SOR w.e.f. 01-12-2020 since it is approved by the company 2. The Rate quoted by the Contractor shall be exclusive of GST. Other Taxes are applicable as per Government Rule.3. The contractor can view the detailed notice and the time schedule for all the tenders processed using the e-Procurement System on the website https://mptenders.gov.in. Only a brief Advertisement related to the Tender shall be published in the newspapers, our company's website www.mpez.co.in and the Detailed Notice shall be published on the e-Procurement System.4 The Bid Document can be purchased only online from 11/04/2025, 10:00 AM to 21/04/2025, 10:00 AM through online payment.5 Amendments to NIT, if any, would be published on website, and newspaper 6. The contractor shall submit the Reciept of E.M.D payment through RTGS/NEFT only & affidavit for Rs. 100/- during online Bid Submission.
7. account.Detailed NIT and other detailed can be view on the above mentioned portal.8 The Bidder should be registered in EPF department & GST.9 SOR with effects from 01/12/2020 MPPWD SOR for Building Works/Electrical Works..10 Before engagement of labours, the contractor have to achieve license from Labour Officer Chhindwara, under act 12, otherwise tender will not be accepted.11 The contractor shall submit the experience certificate for at least 02 Nos. works executed in MPPWD OR MPPKVVCL/Successor Company of MPSEB for the Financial Cost up to 5 Lakh12 The Contractor shall submit the undertaking/declaration (as enclosed under schedule II & III) CA Certificate on the non-judicial stamp paper worth Rs.500/- duly notarized to fulfill, Commercial terms & condition and the Technical requirements of the Tender Specification.13. The Contractor/Bidder shall submit the Certificate (as enclosed under schedule III) on the Letter Head of the Chartered Accountant Firm to Fulfill the Financial Criteria for latest financial Year as required, under clause 1-2 (a) & (b) Annexure-II of the Tender.14 Only three Nos. running

**KEY DATES**

| S. No | Bid stage | Bidder's Stage | Start | | Expiry | | Envelopes |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Date | Time | Date | Time | |
| 1 | | Purchase of Tender-Online | 11/04/2025 | 10:00 AM | 21/04/2025 | 10:00 AM | |
| 2 | | Bid Submission-Online | 11/04/2025 | 10:00 AM | 21/04/2025 | 10:00 AM | |
| 3. | Technicial Bid open (Envelope-C) | | 22/04/2025 | 10:00 AM | | | Envelope-C |

Superintending Engineer (Civil) M.P.P.K.V.V.C.L Chhindwara

### ऐक्सिस बैंक लिमिटेड

**गिरवी रखी गई परिसंपत्ति स्वर्ण आभूषणों की नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

उधारकर्ता को विशेष और सामान्य रूप से जनता को यहां सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा की निम्न शाखाओं में आयोजित की जानी है।

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता ने सुरक्षा के प्रति बैंक के पक्ष में सोने के गहने (गोल्ड लोन सुविधा) की गिरवी के एवज एक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाया है। उधारकर्ताओं / गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किए गए हैं जो उधारकर्ताओं / गारंटरों को गोल्ड लोन सुविधा का लाभ उठाने के लिए उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा है। जैसा कि उधारकर्ता / गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में विफल रहे हैं, बैंक गिरवी आभूषणों की ई–नीलामी करने के लिए विवश है और **23-04-2025** को **दोप. 12.30 बजे से 3.30 बजे,** जहां है जैसा है, जैसा है जितना है में गिरवी रखी गई स्वर्ण आभूषणों की नीलामी बिक्री का प्रस्ताव रखा गया है। उधारकर्ताओं और बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है।

| उधारकर्ता का नाम | ऋण खाता क्रं. | बकाया राशि (₹) | पुन: सूचना दिनांक | कुल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा : बालाघाट (म.प्र.)** | | | | | |
| रणजीत सिंह ठाकुर | XXXXXXXXXXX5885 | 187124 | 30-01-2025 | 41.000 | 40.600 |
| **शाखा : बिजुरी (म.प्र.)** | | | | | |
| अर्चना | XXXXXXXXXXX9068 | 148083 | 27-09-2024 | 32.440 | 32.180 |
| दिनेश कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX9394 | 75380 | 27-09-2024 | 17.350 | 17.250 |
| गोविंद सिंह | XXXXXXXXXXX5167 | 164683 | 07-01-2025 | 41.500 | 41.400 |
| केशव प्रसाद पनिका | XXXXXXXXXXX9413 | 160885 | 07-01-2025 | 39.700 | 39.500 |
| राम प्रसाद गोस्वामी | XXXXXXXXXXX7950 | 73460 | 04-11-2024 | 17.480 | 17.080 |
| सूरज सोनी | XXXXXXXXXXX0403 | 120668 | 20-07-2024 | 30.420 | 29.750 |
| **शाखा : बुरहर (म.प्र.)** | | | | | |
| इलियास अहमद | XXXXXXXXXXX7696 | 109728 | 24-03-2025 | 29.700 | 24.300 |
| जगदम शाह | XXXXXXXXXXX1341 | 99297 | 24-03-2025 | 23.200 | 21.800 |
| मोहम्मद सरीफ | XXXXXXXXXXX0811 | 36697 | 24-03-2025 | 9.000 | 8.200 |
| शारदा प्रसाद रायकवार | XXXXXXXXXXX5789 | 44504 | 24-03-2025 | 12.000 | 10.300 |
| उमरावती देवी | XXXXXXXXXXX3606 | 80599 | 04-11-2024 | 19.400 | 16.000 |
| उत्तम राव | XXXXXXXXXXX6651 | 54150 | 08-09-2024 | 10.500 | 10.400 |
| यश सलूजा | XXXXXXXXXXX0935 | 54857 | 27-09-2024 | 15.100 | 13.500 |
| **शाखा : दमोहनाका, जबलपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| शावाज़ बानो | XXXXXXXXXXX3177 | 42573 | 27-09-2024 | 11.000 | 10.800 |
| **शाखा : गाडरवारा (म.प्र.)** | | | | | |
| पुरुषोत्तम पटेल | XXXXXXXXXXX2579 | 131474 | 07-09-2024 | 30.400 | 29.400 |
| **शाखा : जबलपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| माया गौड | XXXXXXXXXXX8321 | 74171 | 09-01-2025 | 18.500 | 17.800 |
| **शाखा : करेली सी2841 (म.प्र.)** | | | | | |
| सीमा ठाकुर | XXXXXXXXXXX0283 | 69429 | 04-11-2024 | 15.200 | 15.000 |
| शिवम सराठे | XXXXXXXXXXX0917 | 30857 | 04-08-2024 | 6.700 | 6.600 |
| **शाखा: कोतमा (म.प्र.)** | | | | | |
| अंकित कुमार गुप्ता | XXXXXXXXXXX2442 | 100363 | 20-11-2024 | 23.000 | 22.600 |
| जावेद अख्तर | XXXXXXXXXXX9828 | 58789 | 24-03-2025 | 12.600 | 12.200 |
| कैलाश प्रसाद पांडे | XXXXXXXXXXX7292 | 46981 | 04-08-2024 | 11.800 | 11.600 |
| **शाखा: मदन महल जबलपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| जितेंद्र खियानी | XXXXXXXXXXX0929 | 382297 | 27-11-2024 | 112.860 | 106.310 |
| **शाखा: मैहर (म.प्र.)** | | | | | |
| अजय सिंह | XXXXXXXXXXX6663 | 41333 | 27-09-2024 | 10.400 | 10.200 |
| जिमी हामिद | XXXXXXXXXXX4735 | 91101 | 24-03-2025 | 21.400 | 21.000 |
| ममता के | XXXXXXXXXXX9813 | 41359 | 24-03-2025 | 9.500 | 9.200 |
| मोहम्मद साहिद | XXXXXXXXXXX9588 | 118637 | 06-09-2024 | 30.200 | 28.300 |
| नंद कुमार सोनी | XXXXXXXXXXX8374 | 453461 | 24-03-2025 | 153.800 | 151.600 |
| राज कुमार पटेल | XXXXXXXXXXX7016 | 453336 | 24-03-2025 | 139.500 | 132.400 |
| रूपा विश्वकर्मा | XXXXXXXXXXX5437 | 110365 | 27-09-2024 | 31.800 | 27.320 |
| संगीता कुशवाह | XXXXXXXXXXX0046 | 39893 | 27-09-2024 | 10.500 | 10.200 |
| सत्यम टी | XXXXXXXXXXX3572 | 46214 | 24-03-2025 | 9.700 | 9.500 |
| विरेंद्र सोंधिया | XXXXXXXXXXX8268 | 37954 | 26-02-2025 | 10.400 | 10.000 |
| **शाखा : मंडला (म.प्र.)** | | | | | |
| अभि चौरसिया | XXXXXXXXXXX2047 | 42243 | 27-09-2024 | 10.000 | 9.980 |
| निखिल मिश्रा | XXXXXXXXXXX1872 | 140170 | 08-09-2024 | 30.600 | 30.300 |
| रघुवेंद्र पटेल | XXXXXXXXXXX0268 | 62367 | 07-09-2024 | 14.300 | 14.200 |
| संतोष कुमार | XXXXXXXXXXX4372 | 38335 | 08-09-2024 | 8.100 | 7.800 |
| विक्रमादित्य पटेल | XXXXXXXXXXX2005 | 85478 | 06-01-2025 | 20.100 | 19.900 |
| **शाखा : मऊगंज (म.प्र.)** | | | | | |
| बंशीधर तिवारी | XXXXXXXXXXX5342 | 144480 | 24-03-2025 | 36.470 | 33.150 |
| पंकज चर्तुर्वेदी | XXXXXXXXXXX2480 | 56205 | 30-01-2025 | 12.920 | 12.000 |
| विजय कुमार द्विवेदी | XXXXXXXXXXX8530 | 42002 | 07-09-2024 | 12.300 | 11.180 |
| **शाखा : नरसिंहपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| अभिजीत | XXXXXXXXXXX6209 | 53907 | 08-05-2024 | 15.400 | 15.200 |
| बेबी यादव | XXXXXXXXXXX3593 | 39535 | 27-09-2024 | 11.700 | 11.300 |
| कमलेश | XXXXXXXXXXX8138 | 122578 | 26-09-2024 | 27.600 | 27.400 |
| **शाखा : पन्ना (म.प्र.)** | | | | | |
| आदिल खान | XXXXXXXXXXX8345 | 37135 | 06-09-2024 | 9.800 | 9.500 |
| लीलाधर पाल | XXXXXXXXXXX6741 | 42488 | 15-02-2024 | 15.800 | 11.400 |
| संकुल सेठिया | XXXXXXXXXXX4537 | 124404 | 24-03-2025 | 28.500 | 27.500 |
| **शाखा : रांझी (म.प्र.)** | | | | | |
| राजीव कपूर | XXXXXXXXXXX9192 | 77370 | 24-03-2025 | 16.030 | 15.830 |

| उधारकर्ता का नाम | ऋण खाता क्रं. | बकाया राशि (₹) | पुन: सूचना दिनांक | कुल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा : रीवा (म.प्र.)** | | | | | |
| अलोक सिंह | XXXXXXXXXXX4645 | 57784 | 06-09-2024 | 15.200 | 14.500 |
| ओम प्रकाश द्विवेदी | XXXXXXXXXXX9888 | 61838 | 27-09-2024 | 13.200 | 12.700 |
| राज कुमार पटेल | XXXXXXXXXXX5467 | 118123 | 20-07-2024 | 31.100 | 29.900 |
| ऋषि सक्सेना | XXXXXXXXXXX4533 | 199232 | 28-11-2024 | 58.900 | 43.400 |
| सत्य प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX3927 | 118466 | 28-12-2023 | 25.700 | 25.500 |
| सत्य प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX0815 | 47847 | 17-01-2024 | 10.500 | 10.000 |
| **शाखा : समन तिराहा, रीवा (म.प्र.)** | | | | | |
| अनिल कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX0469 | 129272 | 20-07-2024 | 39.900 | 35.600 |
| अतुल सिंह | XXXXXXXXXXX1226 | 40535 | 06-01-2025 | 9.340 | 9.300 |
| दिनेश कुमार मिश्र | XXXXXXXXXXX0105 | 62471 | 02-04-2024 | 17.700 | 16.000 |
| राघवेंद्र मिश्र | XXXXXXXXXXX8558 | 72994 | 15-02-2024 | 25.970 | 17.900 |
| राजेंद्र सोनी | XXXXXXXXXXX4533 | 45162 | 27-09-2024 | 11.010 | 10.800 |
| रंजना मिश्रा | XXXXXXXXXXX1303 | 111898 | 27-09-2024 | 24.760 | 24.500 |
| संतोष कुमार सोनी | XXXXXXXXXXX4600 | 340500 | 06-01-2025 | 104.080 | 87.700 |
| शिव कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX4299 | 268440 | 20-07-2024 | 66.610 | 64.500 |
| शिव कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX4587 | 168440 | 20-07-2024 | 41.900 | 39.900 |
| शिवाकांत त्रिपाठी | XXXXXXXXXXX8893 | 163599 | 07-09-2024 | 41.990 | 40.500 |
| श्रवण कुमार | XXXXXXXXXXX1654 | 97075 | 08-05-2024 | 21.780 | 21.000 |
| सुषमा देवी | XXXXXXXXXXX8141 | 44417 | 24-03-2025 | 9.700 | 9.500 |
| सुषमा देवी | XXXXXXXXXXX4674 | 54411 | 28-11-2024 | 12.720 | 12.500 |
| **शाखा : सतना (म.प्र.)** | | | | | |
| जितेन्द्र प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX4787 | 51566 | 04-11-2024 | 13.600 | 13.400 |
| ममता सोनी | XXXXXXXXXXX9875 | 93975 | 15-02-2024 | 26.800 | 26.200 |
| मंगलेश्वर सिंह | XXXXXXXXXXX7776 | 39578 | 24-03-2025 | 10.200 | 10.000 |
| प्रमिला सिंह | XXXXXXXXXXX8845 | 187920 | 15-02-2024 | 46.400 | 44.900 |
| शुभम सिंह | XXXXXXXXXXX2632 | 63556 | 07-09-2024 | 22.300 | 21.100 |
| **शाखा : सतना मार्केट (म.प्र.)** | | | | | |
| अतुल सोनी | XXXXXXXXXXX5307 | 250696 | 27-09-2024 | 75.100 | 65.000 |
| विजय तिवारी | XXXXXXXXXXX3968 | 85107 | 28-02-2025 | 23.100 | 21.800 |
| **शाखा : सिवनी (म.प्र.)** | | | | | |
| मनोज कुमार चौधरी | XXXXXXXXXXX6695 | 55195 | 24-03-2025 | 13.200 | 13.000 |
| **शाखा : शहडोल (म.प्र.)** | | | | | |
| दीपक कुमार सोनी | XXXXXXXXXXX2981 | 98568 | 20-07-2024 | 20.800 | 20.800 |
| दीपक कुमार सोनी | XXXXXXXXXXX7854 | 91894 | 20-07-2024 | 21.300 | 21.300 |
| इमरान खान | XXXXXXXXXXX0336 | 99827 | 04-11-2024 | 21.700 | 20.200 |
| शाहिल खान | XXXXXXXXXXX6710 | 44047 | 24-03-2025 | 10.700 | 9.150 |
| विरेंद्र कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX2203 | 108403 | 24-03-2025 | 26.100 | 20.880 |
| **शाखा : शाहपुरा (म.प्र.)** | | | | | |
| सुभाष कुमार साहू | XXXXXXXXXXX0321 | 126851 | 06-01-2025 | 30.300 | 29.900 |
| **शाखा : सीधी (म.प्र.)** | | | | | |
| अशोक सिंह | XXXXXXXXXXX0281 | 56570 | 24-03-2025 | 22.000 | 19.000 |
| हरेराम गुप्ता | XXXXXXXXXXX1119 | 121534 | 24-03-2025 | 29.200 | 28.000 |
| खुशबू सिंह परिहार | XXXXXXXXXXX6282 | 135506 | 24-03-2025 | 53.200 | 42.000 |
| ममता विश्वकर्मा | XXXXXXXXXXX5200 | 47353 | 04-11-2024 | 12.600 | 11.700 |
| मांडवी | XXXXXXXXXXX8114 | 53571 | 27-09-2024 | 12.300 | 12.100 |
| प्रमोद पांडे | XXXXXXXXXXX9611 | 45535 | 24-03-2025 | 9.900 | 9.700 |
| सत्यवती पटेल | XXXXXXXXXXX8158 | 62813 | 04-11-2024 | 19.500 | 18.000 |
| श्रीनिवास द्विवेदी | XXXXXXXXXXX1791 | 42384 | 27-09-2024 | 11.200 | 10.500 |
| सुनील कुमार कुशवाह | XXXXXXXXXXX9643 | 49010 | 07-01-2025 | 15.800 | 13.000 |
| **शाखा : सिहोरा (म.प्र.)** | | | | | |
| पूजा चक्रवर्ती | XXXXXXXXXXX5111 | 42564 | 30-01-2025 | 10.300 | 9.800 |
| संगीता बाई काछी | XXXXXXXXXXX2370 | 37055 | 24-03-2025 | 8.700 | 8.300 |
| **शाखा : सिंगरौली (म.प्र.)** | | | | | |
| अंकिता केशरी | XXXXXXXXXXX1785 | 44619 | 24-03-2025 | 10.910 | 10.340 |
| अंकिता केशरी | XXXXXXXXXXX0847 | 49993 | 24-03-2025 | 12.580 | 11.580 |
| मिनाक्षी झा | XXXXXXXXXXX3521 | 449694 | 30-01-2025 | 132.580 | 125.620 |
| प्रवीण कुमार श्रीवास्तव | XXXXXXXXXXX6053 | 42844 | 24-03-2025 | 11.740 | 10.800 |
| सनप्रीत सिंह | XXXXXXXXXXX8783 | 32198 | 28-11-2024 | 9.760 | 8.000 |
| **शाखा : वैढ़न (म.प्र.)** | | | | | |
| चंद्रकेस प्रसाद नापीत | XXXXXXXXXXX6697 | 66073 | 24-03-2025 | 13.820 | 13.000 |
| दिलीप कुमार कनौजिया | XXXXXXXXXXX6595 | 236479 | 27-11-2024 | 82.110 | 77.300 |
| दिलीप कुमार कनौजिया | XXXXXXXXXXX8355 | 193531 | 27-11-2024 | 82.940 | 58.300 |
| लकी फरहा | XXXXXXXXXXX9755 | 76626 | 07-09-2024 | 21.270 | 18.700 |
| पवन कुमार | XXXXXXXXXXX4116 | 36847 | 04-11-2024 | 11.280 | 9.800 |
| सीता साकेत | XXXXXXXXXXX7641 | 52399 | 27-09-2024 | 10.270 | 8.800 |
| सुनील कुमार जायसवाल | XXXXXXXXXXX1627 | 117131 | 27-09-2024 | 36.730 | 36.200 |
| सुनील कुमार जायसवाल | XXXXXXXXXXX5721 | 81027 | 27-09-2024 | 18.690 | 18.500 |
| विकाश कुमार गुप्ता | XXXXXXXXXXX5372 | 73963 | 24-03-2025 | 18.600 | 17.000 |
| **शाखा : वारासिवनी (म.प्र.)** | | | | | |
| लक्की चौहान | XXXXXXXXXXX4945 | 103596 | 27-09-2024 | 24.200 | 23.800 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/नीलामी की तारीख बदलने का अधिकार है। नीलामी ऑनलाइन माध्यम से वेबसाईट: **https://gold.samil.in** पर **दोपहर 12:30 से 3:30 बजे** के बीच आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए दिये गई बेबसाईट : **https://gold.samil.in** पर लॉग इन करें।

**स्थान: मध्यप्रदेश**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एक्सिस बैंक लिमिटेड**

## एक महीने से दहल रहा जम्मू संभाग

# जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना का जेसीओ शहीद

–सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** पाकिस्तान ने अपनी रणनीति बदलते हुए एक बार फिर जम्मू संभाग को निशाना बनाना आरंभ किया है। हालत यह है कि एक माह से जम्मू संभाग के लगभग प्रत्येक जिले में आतंकियों की आवाजाही की सूचनाएं सामने आ रही हैं तो साथ ही कई स्थानों पर उनके साथ मुठभेड़ों की खबरें भी। यही नहीं जम्मू संभाग से सटी पाक कब्जे वाले कश्मीर को बांटने वाली एलओसी को भी वह गर्माए हुए है।

जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है।

स्थिति यह है कि जम्मू संभाग के लगभग हर जिले में आतंकियों को देखे जाने और उनसे मुठभेड़ों की घटनाएं एक बार फिर जम्मू संभाग के लोगों को दहशतजदा कर रही हैं। जानकारी के लिए पिछले तीन सालों से पाकिस्तान ने अपना सारा ध्यान अब कश्मीर से हटा कर जम्मू संभाग पर लगाना शुरू किया तो जम्मू संभाग में सैनिकों और नागरिकों की मौतों का ग्राफ बहुत बढ़ चुका है। हालांकि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इसके लिए जम्मू संभाग से सैनिकों को हटा कर चीन सीमा पर भिजवाने के फैसले को जिम्मेदार ठहराते थे।

### यूएवी से जख्मी सेना का जवान शहीद

पाक सेना ने जम्मू के पुंछ और अखनूर सेक्टरों में संघर्ष विराम का उल्लंघन करके माहौल को गर्माने के साथ ही एलओसी से सटे गांवों में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी पैदा कर दी है। इस बीच जम्मू में अपने ही यूएवी के क्रैश हो जाने से जख्मी हुए सेना के जवान ने दम तोड़ दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और शुक्रवार देर रात एलओसी (नियंत्रण रेखा) पुंछ सेक्टर में कई जगहों पर गोलीबारी की। जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया, जबकि पुंछ सेक्टर में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

## सुखबीर सिंह बादल फिर बने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष

### पार्टी की एक अहम बैठक में लिया गया निर्णय

**चंडीगढ़,(एजेंसियां)।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने एक बार फिर सुखबीर सिंह बादल को सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष चुना है। पार्टी की एक अहम बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने किसी अन्य उम्मीदवार का परिचय नहीं कराया, जिसके बाद सभी नेताओं ने सुखबीर सिंह बादल के नाम पर सहमति जताई। शिरोमणि अकाली दल की इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में पार्टी के पिछले कार्यकाल और उनकी रणनीतियों पर चर्चा हुई।

नेताओं ने माना कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पार्टी को पंजाब की सियासत में मजबूती मिलेगी। सुखबीर सिंह बादल ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हमारा लक्ष्य पंजाब के हितों की रक्षा करना तथा अकाली दल को और मजबूत करना है।' पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए सुखबीर ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की है।

## दाम बढ़ाने के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन कर सरकार से सवाल किया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें गिर रही है तो देश की जनता को क्यों लूटा जा रहा है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आंकड़े बताते हैं कि देश में 100 करोड़ लोग आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं और हालात बद से बदतर होने वाले हैं। जनता तिल-तिल कर जिए या महंगाई में दबकर मर जाए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन सब से फर्क नहीं पड़ता।

Presiding Officer : ओमप्रकाश रजक
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(UN CIV/0000026/2024)
छोटी बाई व अन्य .......... वादी
Vs
जितेन्द्र कुमार पटेल व अन्य....... प्रतिवादी

Process Id - 2025
पेशी दिनांक : 07/05/2025

प्रेषिती–

(1) कमला बाई पति स्व. चुन्नी लाल पता- निवासी उड़ना सड़क तहसील पाटन जिला जबलपुर (2) वती बाई पिता स्व. चुन्नी लाल पता- निवासी उड़ना सड़क तहसील पाटन जिला जबलपुर (3) सावित्री सोनी पिता स्व. चुन्नी लाल पता- निवासी उड़ना सड़क तहसील पाटन जिला जबलपुर (4) ममता सोनी पिता स्व. चुन्नी लाल पता- निवासी उड़ना सड़क तहसील पाटन जिला जबलपुर (5) सुरेन्द्र कुमार सोनी पिता स्व. चुन्नी लाल पता- निवासी उड़नासड़क तहसील पाटन जिला जबलपुर

यह कि प्रार्थी छोटी बाई व अन्य ने आपके विरूद्ध अपंजीकृत सिविल के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- उपस्थिति हेतु समंस के आवेदन की छाया प्रति संलग्न है एवं समाचार के माध्यम से।

**(ओम प्रकाश रजक)**
**जिला न्यायाधीश**
**पाटन, जबलपुर (म.प्र.)**

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ इलाके में इंद्रावती नदी के पास शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर हो गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम ने आज सुबह नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया।

## एयरपोर्ट पर 6.30 करोड़ का सोना जब्त किया, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक यात्री से 6.30 करोड़ रुपये का विदेशी सोना जब्त किया। खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई अधिकारियों ने थाई एयरवेज की फ्लाइट टीजी 317 से बैंकॉक से आए एक यात्री को रोका। तलाशी के दौरान यात्री के पास से 14 सोने की छड़ें बरामद हुईं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**विक्रम संवत....**

प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ेंगी। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि सांस्कृतिक मूल्यों को आधार बनाकर, आधुनिकता और विरासत को साथ लेकर, इस अमृत काल में विकसित भारत की ओर अग्रसर राष्ट्र पर सभी को गर्व है। इस यात्रा में सम्राट विक्रमादित्य समेत हमारे महापुरुषों से मिली न्याय, पराक्रम और सेवा जैसी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करेंगी। यह आयोजन देश की सांस्कृतिक चेतना को और सशक्त बनाते हुए युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़कर आत्मविश्वास से पूर्ण, जागरूक औ कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

### कार्यालय कलेक्टर (समग्र शिक्षा) जिला अनूपपुर (म.प्र.)

E-mail add: zsk.anuppur@gmail.com ph No. 07659-222971

क्र./जि.शि.के./विज्ञप्ति/2025/410 अनूपपुर दिनांक 09/04/2025

विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक / जनशिक्षकों के पद पूर्ति हेतु जारी प्रेस विज्ञप्ति / सूचना पत्र में शुद्धि पत्र

विषयांतर्गत पूर्व में जारी विज्ञप्ति क्रमांक 388 अनूपपुर दिनांक 2.04.2025 में निर्धारित अर्हता के बिन्दु क्रमांक 02 को आयु-01 जनवरी 2025 की स्थिति में 52 वर्ष से अधिक न हो पढ़ा जावे।

**जिला परियोजना समन्वयक (सचिव)**
**जिला शिक्षा केन्द्र जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

### पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/67/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| S.No | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1. | 40255002 | दर अनुबंध अनइंसुलेटेड कैडमियम कॉपर कैटेनरी तार 65 वर्ग मिमी | 500MT |
| 2. | 40255001 | दर अनुबंध संयुक्त कम नालीदार हार्ड खींचा तांबे संपर्क तार 107 वर्ग मिमी | 1200MT |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

उपरोक्त निविदाओं की Due Date क्रम संख्या-1 से 2 की Due Date-24.04.2025 है।

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

### हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोहिम**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियन 3(1) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13(2) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुन: देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है –

| Sr. No. | उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि |
|---|---|---|
| 1 | MP/JBR/GDWR/A000000137 श्री आशीष नेमा श्री जगदीश नेमा | 12-03-2025 & Rs. 13,36,702/- (Thirteen Lacs thirty thousand Seven Hundred Two Only)) |
| | मोजा गाडरवारा एन.बी.119 फोन नं. 42/1 खसरा नं.124/8 गाडरवारा, सेमिअर्बन, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत – 487551 कुल क्षेत्रफल - 1250 वर्ग फीट संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व - सड़क, पश्चिम - सरकारी जमीन, उत्तर - राजेश नेमा का प्लॉट, दक्षिण - कमल धुर्वे का प्लॉट | |
| 2 | MP/KTN/SHDL/A000000393 श्री हरीपाल राठौड़ श्रीमती मीरा राठौड़ | 12-03-2025 & Rs. 5,10,573/- (Five Lacs ten Thousand five Hundred Seventy three Only) |
| | खसरा नं.62 ग्राम पठारी तहसील उमरिया जिला उमरिया, शहरी, बांधोगढ़, मध्य प्रदेश, भारत - 484661 कुल क्षेत्रफल - 2690 वर्ग फीट संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व - सड़क, पश्चिम - सड़क, उत्तर - लालन और बुद्धू सिंह का मकान, दक्षिण - तेजू सिंह का मकान | |
| 3 | MP/SGR/SAGR/A000000511 श्री केशव लाल पारोचे श्रीमती रेखा बाल्मिक | 12-03-2025 & Rs. 9,62,024/- (Nine Sixty Two thousand Twenty four Only) |
| | नया बाजार नं. 2, नजूल शीट नं. 32, लाला लाजपत राय वार्ड नं. 18, तहसील, धगत चौक के पास, दमोह, मध्य प्रदेश, 470661 कुल क्षेत्रफल - 561 वर्ग फीट संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व - कमला रामदास का घर, पश्चिम - सड़क, उत्तर - सड़क, दक्षिण - मदन परोचे का घर | |
| 4 | MP/JBR/JBLP/A000000519 श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा श्री बरनदावन विश्वकर्मा | 12-03-2025 & Rs. 10,69,930/- (Ten Lacs Sixty Nine thousand Nine Hundred thirty Only) |
| | मोजा भगतसिंह वार्ड छोटा छिंदवाड़ा एन.बी. पी.एच.एन. 16, तहसील गोटेगांव मेट्रो, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487114 कुल क्षेत्रफल - 524 वर्ग फीट संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व - सड़क, पश्चिम - द्वारका यादव का मकान, उत्तर - खारिया मासाहब का प्लॉट, दक्षिण - शशि तिवारी का मकान | |
| 5 | MP/JBR/JBLP/A000000485 श्री लीलाधर बरमैया श्रीमती अनुराधा बरमैया | 12-03-2025 & Rs. 10,77,301/- (Ten Lacs Seventy Seven thousand Three Hundred One Only) |
| | ग्राम बालाघाट फोन 13/2, आरएनएम और तहसील बालाघाट, खसरा नंबर 9/1डी, शहरी, बालाघाट, मध्य प्रदेश, भारत - 481001 कुल क्षेत्रफल - 989 वर्ग फीट। संपत्ति की सीमाएँ: पूर्व - सड़क, पश्चिम - सरकारी भूमि, उत्तर - तिलक चंद धावरे की भूमि, दक्षिण - महावीर प्रसाद ब्रम्हे की भूमि | |
| 6 | MP/MBR/CDWR/A000000430 श्री मंगेश दिदिमीसे श्रीमती नीता डिडमिस | 12-03-2025 & Rs. 5,18,114/- (Five Lacs Eighteen Thousand One Hundred Fourteen Only) |
| | बी एन 376 पीएचएन 60/23 खसरा नंबर 156/5, सतनूर, ग्रामीण, सौसर, मध्य प्रदेश, भारत - 480108 कुल क्षेत्रफल - 750 वर्ग फीट संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - शिवाजी चांदेकर का मकान, उत्तर - इंदु बाई शिंदे की भूमि, दक्षिण - सड़क | |
| 7 | MP/JBR/NRSP/A000000270 श्री प्रदीप सोनी श्रीमती फूला बाई सोनी | 21-03-2025 & Rs. 5,15,279/- (Five Lacs fifteen thousand two hundred seventy nine Only) |
| | आबादी खसरा नंबर 239/1-2, प.ह.न. 01/03, एन.बी. -584 ग्राम सुआतला, हल्का सुआतला, तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर, सेमीअर्बन, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 कुल क्षेत्रफल - 2160 वर्ग फुट। संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व - प्रशांत चंचोनिया का घर, पश्चिम - सड़क, उत्तर - कौशल मिश्रा का घर, दक्षिण - प्रदीप सोनी का घर | |
| 8 | MP/JBR/JBLP/A000000638 श्री रवि शुक्ला श्रीमती मनीषा शुक्ला | 12-03-2025 & Rs. 10,84,136/- (Ten Lacs Eighty Four Thousand One Hundred Forty Six Only) |
| | बिरसा मुंडा वार्ड 75 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सुभाष नगर जबलपुर एच नंबर 622 एरिया 33.45 वर्ग मीटर खसरा नंबर 622 प्लॉट नंबर 623, गायत्री नगर अधारताल जबलपुर एमपी, शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482004 कुल क्षेत्रफल - 2813 वर्ग फीट संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व - सड़क, पश्चिम - सड़क, उत्तर - प्लॉट नंबर 623, दक्षिण - प्लॉट नंबर 621 | |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Sameer Singh- 958420575, Mr. Shivendra Kumar Mishra, Mo. No. 8839287191

दिनांक - 13/04/2025 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

# देश-प्रदेश

उवाच

## इतिहास से रुबरू हो रहे दिल्लीवासी : श्रीमती गुप्ता



**नईदिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव ने दिल्ली की जनता को विक्रमादित्य के चरित्र और शौर्य से साक्षात्कार का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा और दिल्ली का परम सौभाग्य है कि आज सम्राट विक्रमादित्य को और अधिक समझने का अवसर प्राप्त हुआ। सौभाग्य है कि शौर्य और पराक्रम के प्रतीक सम्राट विक्रमादित्य पर महानाट्य का महामंचन यहां हो रहा है। दिल्लीवासी आज इतिहास से रुबरू हो रहे हैं।

10 हजार गायों के पालन-पोषण की व्यवस्था होगी : महू में हाईटेक सुविधाओं से युक्त गौ-शाला का भूमिपूजन, मुख्यमंत्री ने कहा-

# मप्र में गौ सेवा की लिखेंगे नई इबारत



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा तेजी से संकल्पबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए गौ-शालाओं के विस्तार के लिए योजनाबद्ध रूप से प्रयास किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी वृद्धि की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर जिले के महू-मण्डलेश्वर मार्ग पर स्थित आशापुरा में प्रदेश में हाईटेक कामधेनु गौ-शाला के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस गौ-शाला में 10 हजार गायों के पालन-पोषण की व्यवस्था रहेगी।

यह गौ-शाला लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाई जा रही है। इस गौ-शाला का निर्माण इंदौर नगर निगम द्वारा किया जायेगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी नगर निगम ही संभालेंगी। गौ-शाला के संचालन में संत समाज का सहयोग भी लिया जायेगा। गौ-शाला के संचालन में समाजसेवी निस्वार्थ भाव से गौ-सेवा के कार्यों में जुड़ सकेंगे। गायों के पालन और संरक्षण के लिये सभी जरूरी सुविधाएं गौ-शाला में रहेंगी।

## गौ-सेवा कर, बछिया को दुलारा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के प्रारंभ में गौमाता का पूजन कर गौ-ग्रास भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने बछिया को गोद में लेकर स्नेह से दुलार किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने सम्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास की नयी इबारत लिखी जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गौ-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये कृत संकल्पित होकर कार्य किये जा रहे हैं। हातोद स्थित गौ-शाला का कायाकल्प किया गया। इसे उच्च सुविधाओं से युक्त किया गया है। इससे गायों की संख्या बढ़कर 650 से 2 हजार हो गयी।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर के पितृ पर्वत पर हनुमान के दर्शन कर की पूजा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर इंदौर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत पर हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने गौ-माता का पूजन भी किया। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायकद्वय रमेश मेंदोला तथा मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## प्रदेश को मिले 13 नए आईपीएस, 5 को गृह राज्य मिला

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश को 13 नए आईपीएम अधिकारी मिले हैं, जिनमें 5 को गृह राज्य मिला है। नए आईपीएस की केन्द्र सरकार ने सूची जारी कर दी है, जिसमें राजीव अग्रवाल दीपांशु, माही शर्मा, मनोज कुमार, माधव गुप्ता, माधव अग्रवाल, समीक्षा सरवरी, अर्णव भंडारी, रितु यादव, कागज सिंह, अमित कुमार, अंशुल चौधरी और लेखराज मीणा के नाम शामिल हैं।

केन्द्र की सूची के मुताबिक इन 13 आईपीएस अधिकारियों में से माही शर्मा, माधव अग्रवाल, अर्णव भंडारी, रितु यादव और काजल सिंह का गृह राज्य मध्य प्रदेश है और इन्हें होम कैडर ही आवंटित हुआ है। जिसके बाद वह ये अधिकारी मध्यप्रदेश में ही सेवा देंगे। सूची में मध्यप्रदेश को मिले शेष 8 आईपीएस अधिकारियों में 1 उत्तर प्रदेश, 2 हरियाणा, 2 दिल्ली, 2 राजस्थान और 1 बिहार के निवासी हैं, जिन्हें मध्य प्रदेश कैडर अलॉट हुआ है। वर्ग के लिहाज से देखें तो इन अधिकारियों में 8 सामान्य, 3 अन्य पिछड़ा वर्ग, 1 अनुसूचित जाति और 1 अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पुलिस अधिकारी हैं।

दिल्ली में मीडिया, सोशल मीडिया और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा-

# डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी और सही समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी



**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आईआईआईडीईएम में मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते मीडिया के बदलते दौर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करना और उनके बीच बेहतर समन्वय बनाना था।

मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी, सही और समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया नोडल अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे और वे किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न हों।

कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी शामिल हुए। इस ओरिएंटेशन के दौरान अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के जरिए सही जानकारी कैसे फैलानी है, गलत सूचनाओं से कैसे निपटना है और मतदाताओं को कैसे जागरूक करना है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में विगत दिनों हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश के मीडिया नोडल अधिकारी राजेश दाहिमा, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी सुनील वर्मा और और जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा शामिल हुए।


### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 1500/ अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रवण कौशिक एवं अन्य पिता सूरज राम कौशिक निवासी 1438, छापर रामपुर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ........ के माध्यम से मौजा रामपुर नं.ब. 1 प.ह.नं. 22 ख.नं. 22/1 रकवा 1062 व.फु. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने फौती नामांतरण की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 15/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/04/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 01/04/2025

पेशी दिनांक - 15/04/2025

र.नं. 111

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, Army no JC-584049F Rank NB SUB Name JAGDEEP SINGH OF UNIT- JAK RIF RC Presently residing at VILL- DHOLAN, PO-DHOLAN, TEH-JAGRAON, DISTT- LUDHIANA, STATE- PUNJAB, PIN-142026, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम AMANJOT KOUR से AMANJOT KAUR एवं मेरी माताजी का नाम DALJIT KUAR से DALJIT KAUR परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनॉक 12/04/2025 नोटरी जबलपुर मप्र ।

कृति


# लाड़ली बहनों के खातों में 16 को आएगी राशि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि इस बार 16 अप्रैल को बहनों के खाते में आएगी। मंडला जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि बहनों के खातों में अंतरित कर सकते हैं। ज्ञात हो कि इस योजना की राशि हर माह की 10 तारीख का मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राही महिलाओं के खातों अंतरण किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक नगदी प्रवाह प्रबंधन इसका एक महत्वपूर्ण कारण है, नए वित्तीय वर्ष का पहला माह होने के कारण राज्य को केन्द्र सरकार से मिलने वाली राशि आमतौर पर 10 तारीख तक आती है। जिसके बाद अलग-अलग योजनाओं के लिए राशि दी जाती है।

लाड़ली बहना योजना की राशि में देरी का कारण तकनीकि बताया जा रहा है। वहीं योजना का संचालन करने वाली महिला एवं बाल विकास विभाग और राशि जारी करने वाले वित्त विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। वहीं इस मामले को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि लाड़ली बहनों से वायदा तो 3000 की राशि का किया था, लेकिन जो 1250 रुपये दिए जा रहे हैं, वह भी समय पर नहीं आए हैं।

# नई तबादला नीति तैयार, मई-जून में बढ़े पैमाने पर होंगे तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में नई तबादला नीति का मसौदा तैयार कर ली गई है, मंत्रिपरिषद की बैठक में इस नीति को मंजूरी मिल सकती है। नई नीति के लागू होते ही प्रदेश में मई-जून में बढ़े पैमाने पर तबादले होंगे।

सूत्रों के अनुसार सरकार की नई तबादला नीति के दौरान जो कर्मचारी तबादला चाहते हैं, उनके आवेदनों पर इस आधार पर उसके तबादले पर विचार किया जाएगा। जिसमें कर्मचारी और उसके परिवार की जरूरत का ध्यान रखा जाएगा, उसके बाद यह देखा जाएगा कि उसका पहले कब-कब और कहां-कहां तबादला हो चुका है। नई तबादला नीति में पहले उनक कर्मचारियों को तरजीह दी जाएगी, जिनका लंबे समय से तबादला नहीं हुआ है। इस बात का भी ख्याल रखा जाएगा कि जिन कार्यालयों से उनका तबादला किया जाना है, जिस जगह उनका तबादला किया जाना है, दोनों में कर्मचारियों की कितनी आवश्यकता है। इसमें खास बात यह है कि इसमें प्रभारी मंत्रियों को खास महत्व दिया जाएगा, समस्त तबादले प्रभारी मंत्रियों की अनुशंसा के आधार पर ही किए जाएंगे। हालांकि कुछ मामले राज्यमंत्री को भी दिए जा सकते हैं।

संभावना है कि नई तबादला नीति के बाद व्यापक स्तर पर तबादले किए जाने की संभावना हैं, क्योंकि मई-जून के महीने में स्कूलों की छुट्टियां होती हैं। ऐसे में तबादला होने पर कर्मचारी आसानी से दूसरी जगह स्थानांतरित हो सकते हैं। इस बात को सरकार भी भंलिभांति जानती है, यही वजह है मंत्रि परिषद की बैठक में नई तबादला नीति के मंजूर होते ही, कर्मचारियों के व्यापक स्तर पर तबादले होंगे।


### CHANGE OF NAME

I, ARMY NO-15677295L RANK-HAV NAME-HIVARE YUVARAJ BAJIRAO S/O BAJIRAO HIVARE OF UNIT 2TTR- 1STC JABALPUR (MP) HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME ARADHYA - YUVRAJ HIVARE TO ARADHYA - YUVARAJ HIVARE VIDE AFFIDAVIT - DATED 26 MAR 2025 NOTARY NO 15 AB 034145

CORRECT NAME
ARADHYA YUVARAJ HIVARE
INCORRECT NAME
ARADHYA YUVRAJ HIVARE

कृति

### नाम और जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. J.C.386675A रेन्क सुबेदार नाम अनिल पटेल जिला जबलपुर मध्यप्रदेश पिन 482001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम एवं जन्मतिथि सावित्री भाई और 01/7/1960 और मेरे पिता का नाम एवं जन्मतिथि श्री राम पटेल एवं 01/7/1955 जो कि गलत है। मेरी माता का नाम सावित्री बाई एवं 91/01/1961 और मेरे पिता का नाम श्रीराम पटेल एवं 01/7/1957 जो कि आधार एवं अन्य कागजातों में दर्ज है। मेरी माता एवं पिता के नाम एवं जन्मतिथि को पढ़ा व सुना जाये एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

सही नाम एवं जन्मतिथि -
माता का नाम - सावित्री बाई 01/01/1961
पिता का नाम - श्रीराम पटेल 01/07/1967
गलत नाम एवं जन्मतिथि -
माता का नाम - सावित्री भाई 01/07/1960
पिता का नाम - श्री राम पटेल 01/07/1955

र.नं. 107

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गुले नगमा पति तुफैल अहमद कुरैशी, निवासी- म.नं. 447/ए/एस, कमिशनर ऑफिस के सामने, सिविल लाईन, जबलपुर की सम्पत्ति मौजा सिविल स्टेशन नजूल ब्लाक नं. 21, नजूल प्लाट नं. 11, नामान्तरण पश्चात प्लाट नं. 11/48, प्लाट रकबा 500 वर्गफुट पर निर्मित मकान/यूनिट नं. 03, जो सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड, सिविल लाईन, जबलपुर में स्थित है जिसकी चौहद्दी उत्तर में श्री के.जी. आईयप्पन, दक्षिण में भौसले जी की यूनिट, पूर्व में डायस कम्पाउण्ड अपार्टमेंट, पश्चिम में पैसेज है को विक्रेता श्री श्याम लाल यादव पिता श्री गजाधर प्रसाद यादव से रजिस्टर्ड हस्तांतरण पत्र दिनांक 20/03/2025, ई रजिस्ट्रेशन नं. MP182542025A1238705 के माध्यम से क्रय की है और क्रय दिनांक से ही उक्त सम्पत्ति पर मालिक की हैसियत से काबिज है। उपरोक्त सम्पत्ति को श्री श्याम लाल यादव ने रजिस्टर्ड हस्तांतरण पत्र दिनांक 27/12/1996, दस्तावेज नं. 1326 को समदड़िया गुडविल कन्स्ट्रक्शन डायरेक्टर श्री अजीत समदड़िया से क्रय की थी। इसके पश्चात नजूल डिपार्टमेंट जबलपुर से लीज का नवीनीकरण कराकर सब- रजिस्ट्रार आफिस में दिनांक 11/02/2025 को ई रजिस्ट्रेशन नं. MP182542025A1093579 पर रजिस्टर्ड कराया है जिसमें लीज की अवधि 30 वर्ष के लिये 31 मार्च 1999 से 31 मार्च 2029 तक रहेगी। उपरोक्त रजिस्टर्ड नवीनीकरण पट्टा दिनांक 11/02/2025, ई रजिस्ट्रेशन नं. MP182542025A1093579 जो वर्तमान स्वामी श्रीमति गुले नगमा के लिये लिंक दस्तावेज है की मूल प्रति श्री श्याम लाल यादव जी से गोराबाजार रोड पर कहीं गिर गयी है जिसे बहुत खोजने पर ना मिलने की स्थिति में उनके द्वारा पुलिस थाना गोराबाजार जबलपुर में दिनांक 09/04/2025 को सूचना देकर रिर्पोट दर्ज करायी जिसका रो. सान्हा क्रमांक (रजिस्ट्रेशन नं.) 36/09.04.2025 है। उपरोक्त नवीनीकरण पट्टा दिनांक 11/02/2025 को ई रजिस्ट्रेशन नं. MP182542025A1093579 की मूल प्रति की अनुपस्थिति में वर्तमान स्वामी गुले नगमा ने भारतीय स्टेट बैंक जबलपुर से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है, बैंक द्वारा वर्तमान स्वामी का लिंक मूल नवीनीकरण पट्टा की अनुपस्थिती में उपरोक्त समपत्ति को बन्धक कर ऋण प्रदान किया जा रहा है। अतः उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी आम या खास, किसी व्यक्ति, निगम, संस्था, वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था, या कोई भी बैंक, आदि को, किसी भी प्रकार की आपत्ति या लेन-देन या कोई उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, वह मूल दस्तावेज लेकर सूचना प्रकाशन से एक सप्ताह के अन्दर मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज कराये व पावती प्राप्त करे, अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जावेगा और बैंक उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बन्धक रख उस पर ऋण देने को स्वतंत्र रहेगा। जबलपुर दि. 12.04.2025

**अखिलेश मिश्र (अधिवक्ता)**
देवायन 6, स्टेट बैंक कॉलोनी,
सिंगल स्टोरी, बल्देवबाग, जबलपुर
फोन: 0761-4004196, 9826319966

BIROTHIA

### न्यायालय तहसीलदार, तहसील पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र. /1905/ अ-6/ 2024-25
पनागर, दिनांक 04/04/25

**// आम इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं ग्राम खजरी प.ह.नं. 81 तहसील पनागर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ हकग्रहितागण 1. कैयूम अली पिता हाजी मंजूर अली, 2. अनवर अली पिता हाजी मंजूर अली, 3. शहादत अली पिता श्री हाजी मंजूर अली निवासी- एमआईजी 43, न्यू आनंदनगर, रजा चौक, अधारताल, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड तह. व जिला जबलपुर म.प्र. के द्वारा ग्राम खजरी प.ह.नं. 81 रा.नि.मं. बरौदा स्थित भूमि खसरा नं. 60/7 रकबा 0.022 हे., खसरा नं. 60/8 रकवा 0.090 हे., कुल रकवा 0.1120 हे. भूमि पर दानग्रहिता श्री हाजी मंजूर अली पिता स्व. मकसूद अली से ग्रहण करने के उपरांत पंजीकृत दान पत्र क्रमांक एमपी182552024ए11052961 दिनांक 22.08.2024 के माध्यम से वर्तमान अभिलेख से आवेदक के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया

जारी दिनांक 04/04/2025
पेशी दिनांक 18/04/2025

सील

कृति

**तहसीलदार पनागर**

### इश्तहार

थाना-बेलखेड़ा — जिला जबलपुर
मर्ग क्र. 52/24 — धारा 194 बीएनएसएस
नाम मृतक - अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 35-45 वर्ष
दि.स. फौती- 22.11.24 के पूर्व
फौत स्थान- हिरन नदी खैर माता के सामने कटाई घाट बेलखेडा थाना बेलखेड़ा
हुलिया- अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 35-45 वर्ष
रंग- सावला या गेंहुआ
पहनाव-मटमैले रंग की टी-शर्ट अन्दर नीले का इनर एवं कत्थे रंग का पैंट पहने हैं पतले तार से कमर में पैंट बंधा हुआ था, शव क्षत-विक्षत हालात में है।
लंबाई करीबन 5.5-6 फुट
शरीरिक बनावट- इकहरा बदन



पहचानने पर थाना बेलखेड़ा को निम्न मोबाईल नंबरों पर सूचित करें
मोबा. 9425856927 उनि नेतराम सिंह
मोबा. 9826668306 सउनि महेश सिंह मरकाम
मोबा. 7587632966 सीयूजी थाना मोबाईल

**थाना प्रभारी बेलखेड़ा, जिला जबलपुर**

### नाम सुधार सूचना

मैं अनूप पटेल पिता स्व. श्री राजू पटेल उम्र 37 वर्ष, निवासी- म.नं. एल.आई.जी. 27 हाथीताल कॉलोनी, गोरखपुर जबलपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरा पुराना नाम अनूप कुमार पटेल (Anoop Kumar Patel) है जो कि मेरे दसवी व बारहवीं समस्त अंकसूचियों में दर्ज है। मेरा वर्तमान नाम अनूप पटेल है। (Anoop Patel) है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड मे दर्ज है। अत: आज से मुझे अनूप पटेल (Anoop Patel) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**गलत नाम** - अनूप कुमार पटेल (Anoop Kumar Patel)
**सही नाम** - अनूप पटेल (Anoop Patel

र.नं.- 108

### न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं/088/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक- ........

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हिरदेपुर प.ह. 06 तहसील गोरखपुर-1, जिला जबलपुर की सूचित किया जाता श्रीमती कमलेश कुशवाहा पति श्री त्रिलोक सिंह कुशवाहा निवासी राईट टाउन जबलपुर द्वारा मौजा हिरदेपुर के द्वारा हिरदेपुर में स्थित भूमि खसरा 45 रकवा 100 हे./ वर्गफुट भूमि पर विक्रय पत्र/ फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्याय/ वसीयत/बंटवारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज 24/04/25 दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 08/04/2025
पेशी दिनांक- 24/04/2025

र.नं. 112

**तहसीलदार गोरखपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 1497/अ-6/ 2024-25 जबलपुर, दिनांक 11/04/25

**आम इश्तहार**

ग्राम सालीवाड़ा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर सिंह गौड़ पिता दयालु गौड़ ने ग्राम सालीवाड़ा प.ह.नं. 53 स्थित भूमि ख.नं. 04 रकवा 1.2200 हे. भूमि पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 24/04/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक- 11/04/2025
पेशीं दिनांक- 24/04/2025

र.नं. 105

**अतिरिक्त तहसीलदार बरगी (जबलपुर)**


## तूफान वाहन पलटने से 4 की मौत, 6 गंभीर

**झाबुआ, देशबन्धु।** झाबुआ जिले के पेटलावद प्रखंड में बोलासा घाटी में मरीज को लेकर जा रहे एक तेज रफ्तार तूफान वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन सवार 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। हादसे के शिकार सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

मामले की जांच में जुटी रायपुरिया पुलिस का कहना है कि हादसे का शिकार हुए वाहन सवार धार जिले के ग्राम झाय सुनार के रहने वाले हैं। यहां के ही निवासी दरू हटीला ने कोई जहरीली दवाई पीली थी। जिसके चलते उसके परिचित उसे इलाज के लिए सारंगी ले जा रहे थे। जहरीला पदार्थ पीने वाले शख्स की हालत नाजुक होने के चलते चालक वाहन तेज रफ्तार में दौड़ा रहा था। ताकि, उसे जल्द से जल्द इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

लेकिन, जब वो लोग झाबुआ के बोलासा घाट पर पहुंचे तो यहां वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके बाद पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे के शिकार तूफान वाहन में 12 लोग सवार थे। संभवत- सभी एक ही परिवार के हैं। इनमें से 4 की मौत हो गई, जबकि 6 गंभीर रूप से घायल हैं।


### PUBLIC NOTICE

It is general Information that I, RAMKUMARI BALMIKI W/o Late. Birju Karosiya Employed as Post DB Worker, Section F-13, T.No. 138, P.No. 67049 at Ordnance Factory Khamaria Jabalpur (M.P). residing at H.No. 341, Vikash Nagar, Manegaon, Khamaria Ranjhi, Jabalpur (M.P.)-482005 declare that name of mine has been wrongly written as RAMKUMARI BALMIK in my Service Record. The Actual name of mine is RAMKUMARI BALMIKI respectively which may be amended accordingly.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

RAMKUMARI BALMIKI
Signature
कृति (in existing new name)

### PUBLIC NOTICE

I hitherto known as NIRBHAWANE VIKAS DAMODAR S/o Late. DAMODAR NIRBHAWANE Employed as Post Electroplater (HS-I), Personal No. 68719, T.No. 37, Section A-2 at Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P)., Residing at Plot No. C-22 Pariyat Green Colony Mohaniya Ranjhi Jabalpur, (M.P.) 482005 have changed my name shall hereafter be known as VIKAS DAMODAR NIRBHAWANE.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

NIRBHAWANE VIKAS DAMODAR
Signature
कृति (in existing old name)

### PUBLIC NOTICE

I hitherto known as RAJ KUMAR S/O Late. SARJU LAL YADAV Employed as Post HS-I, Personal No. IA2146, Section S.Q.A.E.(A) & LPR at Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P)., Residing at Padariya Road Kasahi Gram Kasahi Post Padariya Kashi Padaria Jabalpur, (M.P.) -483220 have changed my name shall hereafter be known as RAJ KUMAR YADAV.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

RAJ KUMAR
Signature
कृति (in existing old name)

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग क्रं.-2, जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 फोन नं. एवं फैक्स नं.: 0761-2622333 ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.02/व.ले.लि./2025-26 जबलपुर, दिनांक-09/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-02**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| सं. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_ 415260_pack1 | गुलौआ चौक से 90 क्वार्टर्स मार्ग (वीर सावरकर वार्ड) में बी.टी. रिनुवल का कार्य। | प्रथम | 81.29 लाख | 81300/- | 10000/- | 06 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2. | 2025_PWDRB_ 415281_pack1 | इंदिरा गांधी वार्ड अंतर्गत ज्योति नायक जी के मकान से रेखा राजपूत के मकान तक 350 मी. एवं सचदेवा जी के मकान से चौरसिया जी के मकान तक 150 मी. कुल लंबाई 500 मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 75.55 लाख | 75600/- | 10000/- | 06 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 3. | 2025_PWDRB_ 415324_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मेडिकल कॉलेज जबलपुर अंतर्गत आर.पी एवं एफ टाईप क्वार्टर में छत, दरवाजे एवं खिड़कियों की मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 4. | 2025_PWDRB_ 415325_pack1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मेडीकल कॉलेज जबलपुर अंतर्गत जी एच एवं आई टाईप क्वार्टर में छत दरवाजे एवं खिड़कियों की मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |

टीप- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 29/04/2025 समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग क्रं.-2, जबलपुर**

जी- 11430/25

# साहित्य



# मध्यवर्गीय यथार्थ और भीष्म साहनी की कहानी

■ नीरज कुमार मिश्र

भीष्म साहनी प्रेमचंद के बाद ऐसे कहानीकार हैं,जिनकी कहानियों में समाज का यथार्थरूप सामने आता है। इस बात को नामवर सिंह, के शब्दों में कहें तो,'मेरी कुछ ऐसी धारणा है कि अपने उपन्यासों की अपेक्षा भीष्मजी अपनी कहानियों के लिए ज्यादा याद किए जायेंगे। प्रेमचंद की तरह उनकी सर्जनात्मक प्रतिभा कहानी विधा के लयात्मकता के साथ व्यक्त हुई है।'भीष्म साहनी अपने पात्रों के चरित्र के विकास की जद्दोजहद में नहीं लगते,क्योंकि उनके पात्र अपने चरित्र का विकास स्वयं ही करते हैं। इसी बात की ओर विष्णु प्रभाकर संकेत करते हैं कि 'भीष्म साहनी कहीं भी चरित्र के विकास के लिए प्रयास नहीं करते,वस्तुतः महान चरित्र वही होता है,जो अपने आप आगे बढ़ जाता है' ।कहानी की रचना-प्रक्रिया के माध्यम से उन्होंने अपनी कहानियों के प्रारूप और तत्त्वों पर गहन पड़ताल की है।एक साक्षात्कार में भीष्म साहनी ने कहानी की रचना-प्रक्रिया को स्पष्ट किया है,'कहानी लिखते समय हम स्थितियों-घटनाओं को तो वास्तविक जीवन से अक्सर उठाते हैं,साथ ही साथ पात्रों को भी उठाते हैं।जहाँ कोई स्थिति कहानी में पनपने,अपना स्वरूप और आकार ग्रहण करने लगती है,कल्पना के द्वारा की जाने वाली जोड़-तोड़ के साथ पात्रों वहाँ पात्र भी अपना स्वरूप,चरित्र और व्यक्तित्व ग्रहण करने लगता है।यों तो यह कहना सरलीकरण होगा कि हम किसी स्थिति और घटना को जीवन से उठाते हैं,घटना उस सक्रिय पात्र के साथ जुड़कर ही हमारा ध्यान आकृष्ट करती है।पात्र काल्पनिक अथवा अमूर्त नहीं होता।जो विसंगति किसी स्थिति विशेष में पाई जाती है।इस तरह पात्र की ओर ध्यान अधिक जाता है'। इसीलिए भीष्म साहनी के पात्र पाठक को इतने आत्मीय प्रतीत होने लगते हैं कि पाठक स्वयं उसमें जीवंत हो उठता है।

'चीफ की दावत' भीष्म साहनी की सबसे चर्चित कहानियों में से एक है,जिसमें मध्यवर्ग के अंतर्विरोध का बहुत बारीकी से अंकन किया गया है।आजादी के बाद मध्यवर्गीय जीवन ने विकास के जिन सोपानों को पार करते हुए अपनी मानसिकता विकसित की है।मध्यवर्ग की उसी विकसित मानसिकता की विड़म्बना को 'चीफ की दावत' में उद्घाटित किया गया है। यह कहानी प्रारम्भ से अंत तक अंतर्विरोधों से जूझती नज़र आती है, इस कहानी में नए रिश्तों के बनने के एवज में पुराने रिश्ते तेजी से बिखरते दिखाई देते हैं। खुद लेखक के अनुसार यह कहानी बदलते हुए समय में माँ की स्थिति को उजागर करने वाली कहानी है,'यूं तो वृद्धावस्था की असहायता और पीडा के केंद्र में प्रेमचंद बहुत पहले 'बूढी काकी' रच चुके थे।बाद में ऊषा प्रियंवदा ने वृद्धावस्था की संवेदना के तार से 'वापसी' गढ़ी।लेकिन 'चीफ की दावत' से हिंदी कहानी के अंतर्गत समाज के करियरिज्म के प्रभाव की शुरूआत मानी जा सकती है'।

आधुनिकता के दौर में पैसे और पद की लोलुपता के दबाव में मनुष्य परम्परागत मूल्यों और संबंधों को दरकिनार करता जाता है।पूँजीवाद ने मनुष्य की मानसिकता को किस कदर कुंद कर दिया है कि वह अपने तरक्की के लिए अपनी बूढी माँ की परवाह नहीं करता।

'चीफ की दावत' में शामनाथ के घर उसके चीफ के साथ कुछ मेहमान दावत पर आ रहे हैं।यह उसके लिए बडे सौभाग्य की बात है।वह जानता है कि यदि साहब प्रसन्न रहेंगे,तभी उसको पद और पैसों में उन्नति होगी।इसीलिए पति-पत्नी घर को इस तरह संवारने में लगे हैं,जैसे कोई उत्सव मनाया जाना हो।फालतू का सामान को हटाकर पूरे घर को सलीके से सजाने के बाद शामनाथ का ध्यान अपनी बूढी माँ पर गया।वह पत्नी से कहता है, 'माँ का क्या होगा?' शहर के मध्यवर्गीय जीवन में पूँजीवाद व्यवस्था और उससे उत्पन्न आधुनिकता बोध के कारण जो विकृतियाँ और विसंगतियाँ आ रही हैं,उक्त कथन उसी का जीता जागता उदाहरण है।

अपनी पदोन्नति की आस में अंधा शामनाथ पूरी कोशिश में रहता है कि उसकी माँ चीफ के सामने न आये,तभी तो माँ को हिदायत देते हुए कहता है,'माँ,हम लोग पहली बैठक में बैठेंगे।उतनी देर तुम यहाँ बरामदे में बैठना।फिर जब हम यहाँ आ जाए,तो तुम गुसलखाने के रास्ते बैठक में चली जाना'। बेटे की तरक्की की राह में कोई भी माँ रोडा नहीं बनना चाहती,इसीलिए उसकी हर बात में हाँ करती जाती है।जो माँ अपना सब कुछ बच्चों के भविष्य के लिए बलिदान कर देती है।समय बदलने के साथ उन्हीं बच्चों के लिए फालतू की वस्तु बनकर रह जाती है।शामनाथ अपनी माँ से सफेद कमीज और सलवार के साथ गहने पहनने की बात करता है।माँ ने उसे याद दिलाया कि गहने तो उसकी पढ़ाई में बिक गए।

कोई भी स्वार्थी बेटा,जिसे अपनी माँ के त्याग और संघर्ष का भान न हो,वह शामनाथ की तरह ही तिलमिला उठेगा,'यह कौन सा राग छेड़ दिया,माँ!सीधा कह दो,नहीं हैं जेवर बस ! इससे पढ़ाई-वढ़ाई का क्या ताल्लुक? जो जेवर बिका,तो कुछ बनकर ही आया हूँ,निरा लँडूरा तो नहीं लौटा।जितना दिया था उससे दुगुना ले लेना'। लेकिन सवाल ये है कि शामनाथ ने अपनी माँ को उसके त्याग एवं संघर्ष के एवज़ में दुगुना क्या दिया? सिवाय तिरस्कार अपमान और अवहेलना के।मेहमान के सामने उसकी माँ केवल उपहास की पात्र बनकर रह जाती है।जब चीफ ने माँ से पूछा, 'हाऊ डू यू डू?' शामनाथ ने उन्हीं अंग्रेजी शब्दों को दोहराने का आदेश दिया।माँ को तो बेटे की हर बात माननी थी,वह बोली, 'हौ डू डू'। यह सुनकर सब हँसने लगे।उसे अंदर तक गहरी चोट लगी थी।अंदर कुछ बिखर सा गया था,जिसे वह चाहकर भी संभाल नहीं पा रही थी।चीफ की दिलचस्पी माँ की तरफ देख,शामनाथ माँ की तारीफ करने लगा,क्योंकि माँ उसकी तरक्की का माध्यम जो बन रही थी।माँ के हाथ की बनी फुलकारी बेटे की तरक्की की सीढ़ी चढ़ने का माध्यम बनती है।

यह कहानी पदोन्नति की होड़ में अंधे हो चुके मध्यवर्गीय व्यक्ति की प्रदर्शनप्रियता,महत्त्वाकांक्षा,अपनी माँ की ममता को तार-तार करने वाले और पश्चिमी सभ्यता की चकाचौध में चौंधियाए व्यक्ति की मानसिकता का पर्दाफाश करती है।इस कहानी में आधुनिकता और सुसंस्कृति का पाखण्ड़ के साथ-साथ पारिवारिक जीवन मूल्यों का विघटन,बूढ़ों की दुर्दशा आदि अनेक समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ चित्रित भी किया गया है।यह कहानी आज के समय की सबसे बड़ी सच्चाई से हमें रूबरू करवाती है कि आज बाज़ारवाद के दौर में सब बाज़ारमय हो गया है।

माँ-बेटे का निश्चल संबंध भी इस पूँजीवादी मानसिकता के चपेट में आ गया है।बेटे को माँ तभी तक अच्छी लगती है जब तक वो तरक्की की सीढ़ी होती है। बाहर से सभ्य,सुसंस्कृत दिखने वाला हमारा मध्यवर्गीय समाज अंदर से खोखला,पिलपिला और संवेदनहीन होने के बावजूद अपने परम्परागत मूल्यों और संबंधों को होने का नाटक करता है।

कृष्णा सोबती इनकी कहानियों में आये मध्यवर्ग के इसी चरित्र को रेखांकित करती हैं।वह लिखती हैं कि 'भीष्म मध्यवर्ग की खरोंचें,जख्म,उसके दर्द और उसके ऊपरी खोल को छू-छूकर,अपने को उस भीड़ से अलग खड़ा कर लेते हैं और नए सिरे से अपनी पुरानी चिर-परिचित जमीन में उन्हें अंकित करने का निर्णय कर डालते हैं।हशमत इतना जरूर कहना चाहेंगे कि जिस मध्यवर्गीय खोखलेपन को भीष्म का लेखन उघाड़ता है,उसे देखने की आंख भी उसे उसी वर्ग से मिली है।'

नई कहानी समाज के जिन जटिल और ज्वलंत प्रश्नों से टकराती है,उसकी अभिव्यक्ति के शिल्प को कथ्य के अनुरूप होना चाहिए।कोई शिल्प तभी श्रेष्ठ माना जाता है,जब लेखक समाज के मनोभावों को उतनी ही तीव्रता से पाठकों के सामने लाये,जितनी तीव्रता से लेखक ने अनुभव किया हो।भीष्म साहनी की कहानियों में शिल्प उनके कथ्य पर हावी नहीं होता क्योंकि उनका कथन जितना सघन है,उतना ही शिल्प सशक्त।लेखक की संवेदना और जीवन-विवेक को पाठक के जोड़ने में इनकी कहानियाँ सफल रही हैं।ये कहानियाँ पाठक के हृदय तक पहुँचती ही नहीं बल्कि वह उसे अपनी कहानी लगने लगती हैं।कहानी के संवाद शब्दों की शिल्पकारी के साथ लेखक की मर्मस्पर्शी शैली को भी प्रकट करते हैं।उन्होंने भाषा को पात्रानुरूप ही रचा है।उनकी कहानियों में जैसे-जैसे कहानी का विकास होता जाता है,वैसे वैसे भाषा भी निरंतर विकसित होती जाती है।यही वजह है कि भीष्म साहनी की भाषा बहुत सादगी के साथ सधी हुई शैली में नए प्रतिमान गढ़ती प्रतीत होती है।नामवरसिंह भीष्म साहनी की कहानी कला की इन विशेषताओं की तरफ इशारा करते हुए कहते हैं कि 'सादगी और सहजता भीष्म साहनी की कहानी कला की ऐसी खूबियाँ हैं,जो प्रेमचंद के अलावा और कहीं नहीं दिखाई देती है।जीवन की विड़ंबनापूर्ण स्थितियों की पहचान भी भीष्म साहनी में अप्रतिम है।

यह विड़ंबना उनकी अनेक अच्छी कहानियों की जान है।वस्तुतः भीष्म साहनी उन कहानीकारों में हैं जिन्होंने कथा-साहित्य की जड़ता को तोड़ा नहीं बल्कि,उसे ठोस सामाजिक आधार देकर एक महत्त्वपूर्ण कार्य भी किया है।सामाजिक विसंगतियों, संकीर्णताओं आदि से निराशा और पलायनवादी रुख के स्थान पर,उन कारणों को सामने लाना जरूरी समझा,जो इन सबकी जड़ में है।स्वाधीनता आंदोलन,स्वतंत्रता की प्राप्ति,साम्प्रदायिक दंगे,विदेशी आक्रमण,पूँजीवादी शिकंजा,गड़बड़ाते जीवन-मूल्य, वर्ग-घृणा का फैलाव,अफसरशाही,दोगली राजनीति,सस्ती नेतागिरी हमारे इतिहास के हिस्से हैं।इन तमाम त्रासदियों के अंतः-सूत्र की पहचान सही लेखन के लिए जरूरी शर्त है और भीष्म साहनी का लेखन इस शर्त को पूरा करता है'।

अंत में बच्चन सिंह के शब्दों में कहें भीष्म साहनी की 'चीफ की दावत' स्वतंत्र भारत की औपनिवेशिक प्रवृत्ति का अवशिष्ट है,जो आज भी खत्म नहीं हो रहा है।

# जिनकी फ़िल्मों ने पढ़ाया दर्शकों को देशभक्ति का पाठ

■ ज़ाहिद ख़ान

बीती सदी के छठे—सातवें दशक के अहम अदाकार मनोज कुमार ने सत्तासी साल की उम्र में हमसे अपनी आख़िरी विदाई ले ली। 4 अप्रैल को वे हमसे हमेशा के लिए जुदा हो गए। पिछले काफी समय से वह बीमार थे। फ़िल्मी दुनिया में मनोज कुमार को एक ऐसी हरफ़नमौला शख़्सियत के तौर पर जाना जाता है, जिन्होंने अपने बेजोड़ अभिनय के साथ-साथ निर्देशन, लेखन, संपादन और फ़िल्म निर्माण की क़ाबिलियत से दर्शकों के दिल में अपनी ख़ास पहचान बनायी। 'शहीद', 'उपकार', 'शोर', 'यादगार', 'क्रांति', 'पूरब और पश्चिम', 'रोटी-कपड़ा और मकान' जैसी लाजवाब और कभी न भुलाए जाने वाली फ़िल्में उन्होंने अपने चाहने वालों को दीं। उनके द्वारा निर्देशित ज़्यादातर फ़िल्में भारतीयता और देशभक्ति की भावना से ओत-पोत हैं। इन फ़िल्मों और उनके गाने सुनकर कई पीढ़ियों ने देशभक्ति का पाठ सीखा है। आज़ादी की वर्षगांठ हो, गणतंत्र दिवस हो या फिर स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती-पुण्यतिथि के आयोजन मनोज कुमार की फ़िल्मों के गाने मसलन 'ऐ वतन-ऐ वतन हमको तेरी कसम', 'सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है', 'मेरा रंग दे बसंती चोला', 'अब के बरस तुझे धरती की रानी', 'मेरे देश की धरती सोना उगले', 'भारत का रहने वाला हूँ' ज़रूर बजते हैं। इन गानों के बिना यह आयोजन मानो अधूरे होते हैं।

अविभाजित भारत के एबटाबाद में 24 जुलाई, 1937 को जन्मे मनोज कुमार का परिवार बंटवारे के बाद, नई दिल्ली में आकर बस गया। यहीं उनकी तालीम हुई। उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी है, फ़िल्मों में आकर वह मनोज कुमार हो गए। अपने बचपन में वे अभिनय सम्राट दिलीप कुमार से बेहद प्रभावित थे और उन्हीं की तरह हीरो बनना चाहते थे। अपने इस ख़्वाब को लेकर वे मायानगरी मुंबई पहुँचे। फ़िल्मों में काम की तलाश में उन्होंने काफ़ी संघर्ष किया। छोटी-छोटी भूमिकाओं से शुरुआत करने के बाद, साल 1961 में निर्देशक एचएस रवैल ने उन्हें अपनी फ़िल्म 'कांच की गुड़िया' में हीरो का रोल दिया। फ़िल्म नाकाम रही। इसके बाद उन्हें और भी कई फ़िल्में मिलीं, लेकिन यह सभी फ़िल्में टिकिट खिड़की पर नाकामयाब साबित हुईं। साल 1962 में आई निर्देशक विजय भट्ट की 'हरियाली और रास्ता' वह फ़िल्म थी, जिसमें मनोज कुमार को कामयाबी का पहला स्वाद मिला। एक बार उन्होंने जो कामयाबी का दामन थामा, तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। 60 और 70 के दशक में मनोज कुमार ने एक के बाद एक कई सुपर हिट फ़िल्में लाईन से दीं। 'वो कौन थी', 'गुमनाम', 'हरियाली और रास्ता', 'हिमालय की गोद में', 'दो बदन', 'पत्थर के सनम', 'नील कमल', 'शोर', 'साजन', 'बेईमान', 'दस नंबरी', 'सन्यासी' और 'पहचान' जैसी अनेक फ़िल्में इस लंबी फ़ेहरिस्त में शामिल हैं। आगे चलकर मनोज कुमार फ़िल्म निर्देशक के तौर पर भी बेहद कामयाब रहे। उनकी फ़िल्मों का एक अलग ही स्कूल है, जो आज भी कई नये निर्देशकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

दिलीप कुमार जिन्हें मनोज कुमार फ़िल्मी दुनिया में अपना आदर्श मानते थे, आगे चलकर उन्होंने उनके साथ दो फ़िल्में 'आदमी' और 'क्रांति' की। सिने पर्दे पर इन दोनों बेमिसाल अभिनेताओं की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। मनोज कुमार ने कई सुपर हिट फ़िल्मों में काम किया, लेकिन उन्हें असली पहचान देशभक्ति वाली फ़िल्मों से मिली। देश प्रेम, साम्प्रदायिक सद्भावना, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाली फ़िल्में उनका ट्रेडमार्क बन गईं।



**स्मृति शेष** : निर्माता-निर्देशक और कलाकार मनोज कुमार

इन फ़िल्मों में उन्होंनें न सिर्फ़ अभिनय किया, बल्कि फ़िल्म निर्माण से संबंधित अनेक विभाग भी एक साथ संभाले। इन सभी महकमों में वे कामयाब भी साबित हुए। साल 1965 में प्रदर्शित फ़िल्म 'शहीद', मनोज कुमार के सिने करियर की अहमतरीन फ़िल्मों में शुमार की जाती है। देशभक्ति के जज़्बे से सराबोर इस फ़िल्म में उन्होंने शहीद—ए—आज़म भगत सिंह के किरदार को रुपहले पर्दे पर ज़िंदा कर दिया था। भगत सिंह के साथी बटुकेश्वर दत्त की कहानी पर आधारित इस फ़िल्म की पटकथा पंडित दीनदयाल शर्मा ने लिखी थी। ब्रिटिश निर्देशक-अभिनेता रिचर्ड एटनबरो की फ़िल्म 'गांधी' के बाद, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर आज भी इसके मुक़ाबले कोई दूसरी फ़िल्म नहीं है। क्रांतिकारी भगत सिंह की ज़िंदगी पर आगे चलकर और भी कई फ़िल्में बनीं, लेकिन उन्हें 'शहीद' जैसी कामयाबी नहीं मिली।

साल 1965 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की समाप्ति के बाद, तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने देश में किसान और जवान की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुये 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया और मनोज कुमार से इस पर केन्द्रित एक फ़िल्म बनाने को कहा। प्रधानमंत्री का यह ख़याल मनोज कुमार को बेहद पसंद आया और उन्होंने फ़िल्म 'उपकार' शुरू की। साल 1967 में यह फ़िल्म प्रदर्शित हुई। फ़िल्म में मनोज कुमार ने किसान के साथ-साथ जवान का किरदार निभाया। इस फ़िल्म में पहली बार उनके किरदार का नाम 'भारत' था। उसके बाद तो यह नाम, मनोज कुमार की शख़्सियत पर हमेशा के लिए चस्पा हो गया। अपने प्रशंसकों के बीच वे 'भारत कुमार' के नाम से ही मशहूर हो गए। 'उपकार' देश भर के दर्शकों को ख़ूब पसंद आई। फ़िल्म न सिर्फ़ टिकिट खिड़की पर कामयाब रही, बल्कि उसे उस साल सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ कथा और सर्वश्रेष्ठ संवाद श्रेणी में फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार भी मिले। मनोज कुमार की एक नहीं, कई ऐसी फ़िल्में हैं, जिनमें जनता के लिए कोई न कोई संदेश है। उन्होंने अपनी फ़िल्मों के ज़रिए हमेशा यह कोशिश की कि जनता को एक विचार, एक दिशा मिले। मनोरंजन के अलावा दर्शक उनकी फ़िल्मों से एक पैग़ाम लेकर जाएं। मनोज कुमार के निर्माण और निर्देशन में बनी फ़िल्म 'पूरब और पश्चिम' अपने देश की मिट्टी और भारतीय संस्कारों से प्रेम करने का प्रभावी संदेश देती है, तो फ़िल्म 'शोर', 'रोटी, कपड़ा और मकान' और 'क्लर्क' के ज़रिए वे ज़िंदगी के बुनियादी सवालों से जूझते आम लोगों की कहानी कहते हैं। 'क्रांति' फ़िल्म में उन्होंने 1857 की क्रांति के दौर को ज़िंदा किया है। मनोज कुमार के तमाम सियासी लीडरों से अच्छे संबंध रहे हैं। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के अलावा इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेई भी उनकी फ़िल्में पसंद करते थे। एक दौर था, जब दर्शक मनोज कुमार की हर अदा के दीवाने थे। उनकी स्टाइल, तमाम फ़िल्म स्टारों से जुदा है। चाहे वह उनका ड्रेस सेंस हो। मसलन बंदगले वाले कपड़े या फिर अभिनय का अनूठा अंदाज़। चेहरे पर जब वे अपना हाथ लाकर, एक स्पेशल पोज बनाते, तो सिनेप्रेमियों को वह बेहद लुभाता। डायलॉग को आहिस्ता-आहिस्ता बुदबुदाते हुए, ऊँची आवाज़ तक ले जाना भी उनकी अदाकारी का लाज़िमी हिस्सा था। यही नहीं उनकी निर्देशित फ़िल्मों में कैमरा वर्क भी अलग ही दिखलाई देता है। बेहतरीन गीत-संगीत उनकी फ़िल्मों का आकर्षण रहता था। गायक मुकेश ने उनकी फ़िल्मों में कई शानदार गीत गाए हैं। राज कपूर के बाद मनोज कुमार ही वे अदाकार थे, जिनके लिए मुकेश की आवाज सौ फ़ीसदी सटीक बैठी। भारतीय सिनेमा में मनोज कुमार के विशेष योगदान के लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से नवाज़ा गया। भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान 'दादा साहब फ़ाल्के अवार्ड' के साथ-साथ, मनोज कुमार को उनके सिने करियर में सात बार फ़िल्मफ़ेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें साल 1973 में आई फ़िल्म 'बेईमान' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शामिल है। राष्ट्रीय एकता पर बनी सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म के लिये 'शहीद' को 'नर्गिस दत्त पुरस्कार', तो 'उपकार' के लिए उन्हें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार मिला। यही नहीं फ़िल्मों में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार ने मनोज कुमार को साल 1992 में 'पद्मश्री सम्मान' से भी नवाज़ा था। बढ़ती उम्र और शारीरिक अस्वस्थता के चलते, मनोज कुमार एक लंबे अरसे से फ़िल्मों से दूर थे, लेकिन उनकी पुरानी फ़िल्में और सदाबहार गाने देशवासियों को आज भी रोमांचित करते हैं। उनमें देशभक्ति का जज़्बा जगाते हैं। और आइंदा भी उनकी फ़िल्में भारतीय दर्शकों को देश प्रेम का पाठ पढ़ाती रहेंगी।

**महल कॉलोनी, शिवपुरी म.प्र.**
**मो. 94254 89944**

## बोधकथा

मिट्टी ने मटके से पूछा- 'मैं भी मिट्टी तू भी मिट्टी, परंतु पानी मुझे बहा ले जाता है और तुम पानी को अपने में समा लेते हो. वह तुम्हें गला भी नहीं पाता, ऐसा क्यों?' मटका हंसकर बोला- 'यह सच है कि तू भी मिट्टी है और मैं भी मिट्टी हूं. पर मेरा संघर्ष अलग है. पहले मैं पानी में भीगा, पैरों से गूंथा गया फिर चाक पर चला कुम्हार के. थापी की चोट, आग की तपन को झेला. संघर्ष झेलकर पानी को अपने में रखने की ताकत मैंने पायी.

मंदिर की सीढ़ियों पर जड़े पत्थर ने मूर्ति के पत्थर से पूछा- 'भाई तू भी पत्थर मैं भी पत्थर पर लोग तुम्हारी पूजा करते हैं और मुझे पैरों से रौंदकर, बिना ध्यान दिये चलते हैं. ऐसा क्यों? मूर्ति के पत्थर ने उत्तर दिया- क्या तू मेरे संघर्ष को जानता है? मैंने इस शरीर पर कितनी छैनियों के प्रहार सहे हैं, मुझे कई बार घिसा गया है, मार और संघर्ष की पीड़ा को सहकर ही मैं इस रूप में आया हूं. संघर्षों की भट्टी में तपकर ही 'जीवन' स्वर्ण बनता है.

**प्रस्तुति : श्रीकांत कुलश्रेष्ठ**

# नौवीं परिक्रमा है नेत्रहीन तुलसीदास की



## नर्मदा परिक्रमा से लौट कर नरेंद्र जायसवाल - दो

मां नर्मदा के प्रति भक्तों की आगाध आस्था किसी से छिपी नहीं है। नर्मदा परिक्रमा में झांसी घाट के पास रहने वाले 25 वर्षीय तुलसी दास अपने साथी कैलाश के नर्मदा की परिक्रमा कर रहे हैं। इसके पहले उन्होंने आठ बार नर्मदा परिक्रमा की है। वे जन्म से नेत्रहीन हैं। उनकी मां नर्मदा के प्रति आस्था को इसी से समझा जा सकता है कि इतनी कम उम्र में वे नौवीं बार परिक्रमा कर रहे हैं। इसके पहले उन्होंने कभी रेल मार्ग तो कभी सड़क मार्ग से परिक्रमा की है।

तुलसीदास अपने साथ लाल कपड़ा बंधा डंडा लेकर चलते हैं। इसे वे एक देवता के रूप में देखते हैं। उनका कहना है कि इनके सहारे बिना किसी बाधा के वे पैदल चलते हैं। इसके अलावा रोज मर्रा के दिनचर्या के काम भी कर लेते हैं। यह सब मां नर्मदा के आशीर्वाद से होता है। उनका कहना है कि कई बार उन्हें ऐसा एहसास होता है कि जैसे की माई उनका हाथ पकड़कर ले जा रही हैं। माई के सहारे ही उन्होंने अब तक नर्मदा परिक्रमा की यात्रा पूरी की है।

अमरकंटक में नर्मदा जी पहाड़ी रास्ते और दुर्गम जगह से निकली हैं। वहां पर काफी नीचे तक पथरीली मार्ग पर तुलसीदास ने अपने साथी के साथ पैदल चलकर कपिल मुनि की कुटिया के दर्शन किये। इस दौरान करीब आठ किलोमीटर की दूरी उन्होंने पैदल यात्रा की। तुलसीदास ने बताया कि अपनी सामान्य दिनचर्या के दौरान अपने घर और मंदिर में सुबह और शाम लगभग तीन घंटे सीताराम का जाप करते हैं और प्रतिदिन झांसीघाट पर नर्मदा जी के दर्शन करते हैं। इस बार भी यात्रा का संचालन कराने वाले संचालक सीएस ठाकुर बबलू भैया ने नि:शुल्क यात्रा तुलसीदास को उनके साथी के साथ कराई। इसके लिये बबलू भैया का कहना है कि यह सब मां नर्मदा की कृपा से हुआ है। उन्हीं की प्रेरणा इस तरह का सहयोग उनके द्वारा किया गया है।



## बाइक से परिक्रमा करते मिले नर्मदा भक्त



गुजरात में जबलपुर के दो नर्मदा परिक्रमा वासी एक बाइक में मिले। उन्होंने बताया कि दूसरी बार उन्होंने यात्रा की। उन्हें ठहरने और भोजन नर्मदा भक्त कराते हैं। बरेला के मिंटू जगदीश चौरसिया अपने साथी बिलहरी निवासी आनंद पिल्ले के साथ छह फरवरी को जबलपुर के गौरीघाट से बाइक से नर्मदा परिक्रमा शुरू की।

उन्होंने बताया कि नर्मदा यात्रा बिना किसी बाधा के करीब 18 दिनों में पूरी की। कई बार वे तीन सौ किलोमीटर भी चले। यात्रा के दौरान नर्मदा भक्तों का प्यार और सहयोग हर जगह मिला। नर्मदा भक्त उनकी बाइक देखते ही खुद खाने के प्रसाद के रूप में फल और दूसरी फलहारी सामग्री एवं पेयजल उपलब्ध कराते थे। गुजरात के बिमलेश्वर मंदिर पहुंचने पर उन्होंने आगे की यात्रा समुद्र के जहाज से पूरी की। उन्होंने बाइक एक स्थानीय नर्मदा भक्त को सौंप दी थी।

सड़क के दूसरे मार्ग से जो करीब दो सौ किलोमीटर का था, मीठी तलाई पर बाइक लाकर दी थी। वहां से दूसरे भक्तों के साथ नर्मदा माई की आराधना के बाद आगे की यात्रा पूरी की। यात्रा के दौरान जरूरी सामान वे बाइक में लेकर चल रहे थे। उन्हें असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

## संघर्ष

संघर्ष की गाथा है
नयारी कही हो जाती है
हरियाली तो कही हो जाता
है सब खाली
मुश्किल घड़ी ही जीवन
में संघर्ष कर खुशहाल
बनाना सिखाती हैं
कितने दिन गुजर जाते हैं
संघर्ष करते-करते फिर
एक उजाले की किरण
नजर आती है
तूफानों से लड़ने
मुश्किल घड़ी में राहें बनती
हैं
संघर्ष से ही जीवन
उज्जवल बनता है
इसलिये तो कहते हैं
संघर्ष ही जीवन
जीवन ही संघर्ष

**मोहन सुरजन**
**जबलपुर**

## पश्चिम विक्षोभ से बने साइक्लोन का असर, अभी गरम हवा से राहत के आसार

### जबलपुर और आस-पास के जिलों में तापमान नीचे लुढ़का



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन व टर्फ के सक्रिय होने के साथ ओले व बारिश का दौर जारी है। सुबह इंदौर में हल्की बारिश हुई है। वहीं धार के बदनावर सहित आसपास के गांवों में तेज पानी गिरा है। वहीं जबलपुर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, शहडोल, सागर संभाग सहित 31 जिलों में आज बारिश के आसार है। पांढुर्णा, सिवनी, मंडला व बालाघाट में ओले गिरने की संभावना है। इस पंद्रह अप्रेल तक जबलपुर प्रदेश के अधिकतर जिलों में गरम हवा से लोगों को राहत मिल सकती है। इसे अच्छी खबर माना जा सकता है।

बताया जाता है कि धार जिले के बदनावर में शनिवार सुबह 6 बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। कुछ गांवों में तेज तो कुछ जगह बूंदाबांदी हुई। इंदौर में भी मौसम बदला रहा, कई इलाकों में बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। पिछले 24 घंटे में 17 जिलों में हल्की बारिश हुई।

इनमें रतलाम, धार, उज्जैन, झाबुआ, भिंड, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, रायसेन, नर्मदापुरम, रीवा, मऊगंज, अनूपपुर, शहडोल, सीधी व सिंगरौली शामिल हैं. दूसरी ओर हवा की रफ्तार भी ज्यादा रही। सिंगरौली में सबसे ज्यादा 71 किमी प्रतिघंटा रफ्तार रही। ऐसा मौसम 15 अप्रैल तक बना रहेगा।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन व दो ट्रफ के एक्टिव होने के कारण प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। 15 अप्रैल तक लू का असर नहीं रहेगा। दिन-रात के पारे में गिरावट भी देखने को मिलेगी। पिछले दिन भोपाल-इंदौर में तापमान 39.6 डिग्री, ग्वालियर 39.07, उज्जैन 30.02, जबलपुर 40.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।






## पारे के उछाल से सूखे निगम के फुहारे

**जबलपुर,देशबन्धु।** पारा 42 के पार जाने को तैयार, और इस झुलसा देने वाली गर्मी राहगीरों को राहत पहुंचाने वाले फुहारे खुद पानी की बाट जोह रहे हैं। रसल चौक, नेहरू गार्डन, सिविल लाईन,यहां तक कि निगम के परिसर के फुहारे भी शो पीस बनकर खड़े हैं। निगम के कर्मचारी कमरों मे दुबके मौज कर रहे । निगमिया कार्यप्रणाली का ये पहला कारनामा नही है। ये मेंटेनेंस तो गर्मी शुरू होने से पहले ही कर लेने चाहिए थे।

## वाई एस धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता जागरूकता शिविर आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** जरूरतमंदों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आज वाई एस धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता शिविर का आयोजन स्मार्ट सिटी ऑफिस के सामने पटेरिया भवन मे किया जा रहा है,। जो कि सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा यहां अलग अलग मामलों के विधि विशेषज्ञ जरूरतमंदों की समस्या सुनेंगे साथ ही उन्हें नि:शुल्क कानूनी सहायता भी उपल्ब्ध कराएंगे, तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों की भी जानकारी देंगे। उक्ताश्य की जानकारी रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर के अध्यक्ष सार्थक सेठी एवं अधिवक्ता शिवेंद्र पांडे ने प्रेस कांफ्रेंस मे पत्रकारों से जानकारी साझा की उक्त विधिक सहायता शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति डी एम धर्माधिकारी करेंगे तथा ये आयोजन राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।



## आयुष भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** महाविद्यालय महात्मा गांधी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर व आयुष विभाग जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य पर 09 अप्रैल को नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर डॉ. अर्चना मरावी के तत्वाधान में आयोजित किया किया जिसमें कार्यालय के कार्यरत कर्मचारी एवं आगन्तुकों की जांच एवं परामर्श किया गया शिविर के माध्यम से होम्योपैथिक पद्धिति अपनाने व होम्योपैथिक परामर्श के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा लोगों को नि:शुल्क परामर्श किया गया एवं उन्हें होम्योपैथिक दवाई भी

उपलब्ध कराई गई। शिविर में लगभग 300 लोगों की उपस्थिति रही। महाविद्यालय से डॉ. माया गुप्ता, डॉ.प्रवीण मल्होत्रा, डॉ. नैनसी माहतो एवं अन्य छात्र छात्राएं की उपस्थिति रही।

## ए.पी.नर्मदा विधि महाविद्यालय में ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' विषय पर सेमीनार




**ज्बलपुर, देशबन्धु।** ए.पी.नर्मदा विधि महाविद्यालय में ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' विषय पर एक दिवसीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डा0 अशित कुमार श्रीवास्तव (सहा.प्राध्यापक धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिर्वसिटी, जबलपुर) डा0 अनिमेष झा (सहा.प्राध्यापक धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिर्वसिटी, जबलपुर) एड. गोपेश यश तिवारी, डा. अश्विनी कुमार जायसवाल (सहा.प्राध्यापक विधि विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमेन श्री चमन श्रीवास्तव द्वारा की गई।

कार्यक्रम का संचालन मेहर परिहार व आभार प्रदर्शन महाविद्यालय विधि विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। निर्णायक मंडल द्वारा सुधांशु पाठक, डी.एन.एल.यू. एवं अतुल दुबे ए.पी.नर्मदा विधि महाविद्यालय के छात्र को विजयी घोषित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापकों में विजयश्री तिवारी, त्रिपदा भट्ट, आकांक्षा अवस्थी, मृत्युंजय तिवारी, शशांक यादव, सपना जैन, आकांक्षा मिश्रा, डा. जयश्री तिवारी, रक्षा पालीवाल, निकिता कौरव, अनुश्री गुप्ता, प्रकृति शास्त्री, छात्र-छात्रायें शबा कुरैशी, स्नेहा पासी, तनुश्री तिवारी, सूर्यांश गुप्ता, एंवं राज यादव का सराहनीय सहयोग रहा।

## एलटीटी-छपरा-एलटीटी के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन



**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा समर में यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से स्पेशल गाड़ी संख्या 01029/01030 लोकमान्य तिलकत टर्मिनस-छपरा-लोकमान्य तिलकत टर्मिनस के मध्य दो-दो ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

स्पेशल ट्रेन की संक्षिप्त जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 01029 एलटीटी से छपरा स्पेशल ट्रेन सात ट्रिप के लिए 13 अप्रैल से 25 मई 2025 तक प्रत्येक रविवार को एलटीटी स्टेशन से रात 22:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी दोपहर 13:05 बजे, जबलपुर सायं 17:00 बजे, कटनी रात 19:00 बजे, सतना 21:00 बजे पहुंचकर तीसरे दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 00:55 बजे और मंगलवार को दोपहर 13:15 बजे छपरा स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01030 छपरा से एलटीटी स्पेशल ट्रेन को सात ट्रिप के लिए 15 अपरिल से 27 मई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को छपरा स्टेशन से रात 19:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रयागराज छिवकी प्रात: 05:50 बजे, सतना सुबह 08:40 बजे, कटनी 10:05 बजे, जबलपुर दिन में 12:10 बजे, इटारसी सायं 17:00 बजे और गुरुवार सुबह 08:00 बजे एलटीटी स्टेशन पहुँचेगी।

## टेलीकॉम फैक्ट्री रिछाई में श्रमिक नेता पर जानलेवा हमला चोरों का कारनामा, प्रबंधन की भूमिका संदिग्ध



**जबलपुर, देशबन्धु।** आस्तित्व संकट के दौर से गुजर रही टैलीकॉम फैक्ट्री का प्रबंधन इसके केंद्र सरकार द्वारा खत्म करने की घोषणा के पूर्व ही इसे दीमक की तरह चाटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा हैं। फैक्ट्री से जुड़े सूत्रों ने उक्त आरोप लगाते हुए जानकारी दी कि 6 वर्ष पूर्व टैलीकॉम फैक्ट्री की राइट टाउन शाखा में जिस तरह ट्रकों से आयरन डस्ट के बीच आयरन एंगल चोरी का कारनामा सामने आया था ठीक उसी तरह की घटना शुक्रवार को टेलीकॉम फैक्ट्री रिछाई में सामने आई। 25 अगस्त 2022 को फैक्ट्री के सुरक्षा कर्मियों ने ट्रकों में आयरन डस्ट के बीच एंगल ले जाते ट्रकों को न सिर्फ गेट पर पकड़ा बल्कि इस घटना की तस्वीरें भी उतारी लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाई। चोरी की वारदातों को प्रबंधन द्वारा गंभीरता से न लिए जाने का खामियाजा गत दिवस रिछाई फैक्ट्री के एनएफटीए के एक श्रमिक नेता को भुगतना पड़ा। एनएफटीई यूनियन के जिला सचिव एवं फैक्ट्री में इलेक्ट्रीशियन के पद पर पदस्थ रघुनंदन सिंह पर बीती रात की पाली में फैक्ट्री में चोरी कर रहे चोरों ने जानलेवा हमला कर दिया। श्रमिक नेताओं का आरोप हैं कि घटना की जानकारी मिलने के बाद भी न तो कथित तौर पर फैक्ट्री प्रबंधन ने गंभीर रूप से घायल श्रमिक को उपचार के लिए भिजवाने में रुचि ली न हीं एफआईआर दर्ज कराने में जिसके बाद कर्मचारी को उसके सहयोगियों ने त्रिवेणी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां श्री सिंह की स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई हैं। श्रमिक नेताओं का आरोप हैं कि रात भर कर्मचारी की प्रबंधन ने खबर तक नहीं ली।

### तीन वर्ष पूर्व भी बनी थी इसी तरह की स्थिति

25 अगस्त 2022 को टेलीकॉम फैक्ट्री रिछाई इसी तरह की घटना सामने आई थी जिसमें एफआईआर दर्ज न कराए जाने पर प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठे थे। उस वक्त ट्रकों में डस्ट के बीच आयरन एंगल की चोरी हो रही थी। फैक्ट्री के सुरक्षा कर्मियों ने ट्रकों में आयरन डस्ट के बीच एंगल ले जाते ट्रकों को न सिर्फ गेट पर पकड़ा बल्कि इस घटना की तस्वीरें भी उतारी। मामले की जानकारी प्रबंधन को दिए जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। हैरानी की बात यह है कि पूर्व में जब उक्त घटना टेलीकॉम फैक्ट्री राइट टाउन में हुई थी तब वहाँ श्रीमति स्नेहा शिवेश दुबे पदस्थ थी। सूत्रों की माने तो घटना के बाद सुरक्षात्मक कारणों से श्रीमति दुबे को रिछाई ट्रांसफर कर दिया गया था, वे वर्तमान में रिछाई में यूनिट हैड हैं। पूर्व में भी उन्होंने घटना की पुष्टि नहीं की थी और घटना दिनांक को भी गोल मोल जवाब देती रहीं। हालांकि घटना की शिकायत पर विजिलेंस ऑफिसर एस. मेहरा के साथ जांच के लिए पहुँचे एसडीई कोऑर्डिनेशन आर.एन. यादव ने न सिर्फ घटना की पुष्टि की बल्कि मामले में शिकायत आने पर जांच की बात भी स्वीकार की।

### महाप्रबंधक ने साधी चुप्पी

इस पूरे मामले में जहां फैक्ट्री के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार दोहरे ने चुप्पी साध रखी हैं वहीं मामले में सहायक महाप्रबंधक श्री डोंगरे ने बताया कि श्रमिक नेता के उपचार का खर्च योजनाओं के अनुसार फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उठाया जाता हैं। उन्होंने बताया कि यह आरोप निराधार हैं कि फैक्ट्री प्रबंधन ने मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराई हैं। उन्होंने बताया कि मामले में अधारताल थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई हैं।

## जय भारत मंच के महाकौशल प्रांतउपाध्यक्ष बने राहुल



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक जय भारत मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार वरिष्ठ प्रचारक संरक्षक गिरीश जुयाल भाई, राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज तिवारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता पं धीरज पाण्डेय, राष्ट्रीय महामंत्री अर्जुन सिंह मेवाड़ा, प्रांत महासचिव पं आशीष बाजपेयी की सहमति से प्रांताध्यक्ष जगदीश दुवे द्वारा समाज सेवी पं राहुल तिवारी जबलपुर को महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर हर्ष जताया गया है।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से दो बच्चों की आंखों की हुई सफल सर्जरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से स्वीकृत राशि से दो बच्चों के आंखों की जिला अस्पताल में सफल सर्जरी की गई। इन बच्चों में पाटन निवासी 9 वर्ष का रियांश वाल्मीक बायीं आंख में कर्जक्टिवल मास से ग्रसित था तथा सिद्धबाबा, जबलपुर की 15 वर्ष की अपूर्वा बायीं आंख में चालायन से पीडित थी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने बताया कि दोनों बच्चों के आंखों की सर्जरी शनिवार 12



अप्रैल को जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ तरुण अहरवाल ने नेत्र रोग विभाग की टीम के सहयोग से की। सफल और नि:शुल्क सर्जरी के बाद दोनों बच्चों के परिवारजनों ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से सहायता राशि स्वीकृत करने के लिये जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना, सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा तथा जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के प्रति आभार जताया है।

## संत्रागाछी-अजमेर-संत्रागाछी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 08611/08612 संत्रागाछी - अजमेर - संत्रागाछी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (03-03 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो जबलपुर मंडल के कटनी मुडवारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 08611 संत्रागाछी** - अजमेर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (03 ट्रिप) गाड़ी संख्या 08611 संत्रागाछी - अजमेर विशेष ट्रेन दिनांक 07 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक सोमवार को संत्रागाछी स्टेशन से रात 19:55 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए।

## टीटीई की उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन से और ब्रीथ ऐनलाइजर मशीन से जांच की जाएगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड दिल्ली द्वारा अनुशासनहीनता बरतने वाले कर्मचारियों पर लगाम लगाए जाने के लिए गंभीरता से विचार मंथन कर रहा है। इसके लिए नई नई आधुनिक तकनीकी का भी प्रयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब ट्रेन टिकट निरीक्षकों जिनकी ड्यूटी यात्री ट्रेनों में लगायी जाती है अब उनकी उपस्थित बॉयोमैट्रिक मशीन से की जाएगी।



इसके अलावा ट्रेन में चढ़ने के पूर्व ब्रीथ ऐनलाइजर मशीन से इसकी जांच की जाएगी यदि उक्त कर्मी नशे की हालत में पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस जयपुर जोन के अंतर्गत एक ट्रेन के एसी 2 एवं 3 टायर में ट्रेन टिकट निरीक्षक नशे की हालत में यात्रियों से टिकट की पूछताछ कर रहा था। इनका कुछ यात्रियों ने मोबाइल से वीडियों बनाया और वह वीडिओ अधिकतम शहरों में वायरल हुआ था। इसी के चलते ही रेलवे बोर्ड दिल्ली ने इन शिकायतों पर विराम लगाने के कारण यह नया प्रयोग शुरु किया है जानकारी के अनुसार इस संबंध में नई व्यवस्था को लागू किये जाने के लिए पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय उत्तर मध्य रेलवे के यूसी जोशी मध्य रेलवे के श्री मिश्रा, हुबली के महाप्रबंधक मुकुल शरण माथुर जयपुर ,भुवनेश्वर, गोरखपुर , गुवाहाटी, दिल्ली, हाजीपुर,चैन्नई,आदि सभी महाप्रबंधकों को इस नई व्यवस्था को लागू किये जाने के लिए कहा गया है। जब से इस नई व्यवस्था के संबंध में पता चला है उन सभी में बैचेनी देखी जा रही है। कई ऐसे भी कर्मचारी हैं जो कि अपना टीटीई का कैडर बदल कर अन्य विभाग में अपनी सेवाऐं देने के लिए तैयारी करने में व्यस्त दिखायी पड़ रहे हैं। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि शराब के नशे के कारण कई टीटीई को गंभीर बीमारियां हुई और उनकी मृत्यु तक हो गई है। नई व्यवस्था एक ओर जहां टीटीई की दिनचर्या में बदलाव लाएगी, यात्रियों के बीच भी इस व्यवस्था का संदेश भी जाएगा। रेल प्रबंधक जबलपुर के स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर एक में लोको पायलट ड्राईवर लॉबी में एक मशीन वर्षों पूर्व से स्थापित है।


JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 100
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 116
छोटा ब्रॉयलर - रु. 126
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 130
मुर्गा मीडियम - रु. 120
मुर्गा बड़ा - रु. 104
मुर्गा जम्बो - रु. 104
मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING 0761-4069889 4069889
समदड़िया सिनेमा
SIKANDAR: 09:30AM 10:30AM 12:15PM 01:30PM 03:00PM 04:00PM 05:30PM 07:00PM 08:15PM 09:15PM 10:15PM 11:00PM
CHHAAVA: 10:00AM 01:15PM 07:15PM 10:15PM
THE DIPLOMAT: 02:00PM
MINECRAFT HINDI(3D): 10:30AM 04:30PM 07:00PM
ENGLISH(3D): 12:30PM
L2: EMPURAAN: 04:00PM

# अंजनि लाल हनुमान जी महाराज का प्रकटोत्सव मनाया गया

## जगह-जगह भंडारा प्रसाद के पंडाल लगे, सीताराम के जयकारों के बीच प्रसाद का वितरण







***जबलपुर, देशबन्धु।*** *नगर में शनिवार को राम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सुबह से ही धार्मिक आयोजन शुरू हो गये थे। मंदिरों में पवन पुत्र हनुमान जी महाराज की जयकारों के साथ शंख और घंटियों के बीच भक्त पूजन अर्चन कर रहे थे। नर्मदा तट के सभी घाटों के साथ ही श्री रामलला मंदिर, सूपाताल में हनुमान मंदिर, रानीताल चौक स्वयं सिद्ध मंदिर, नौदरा ब्रिज मंदिर, दमोह नाका बाल मुखी एवं सराफा, कोतवाली, गढ़ा, आधारताल, सदर, माढ़ोताल आदि स्थानों पर संकट मोचन के दर्शन करने भक्तों का तांता लगा था। साथ ही शहर में सैकड़ों स्थानों पर विशाल भंडारा प्रसाद के पंडाल लगाये गये थे। जहां पर भक्तों को एक से बढ़कर एक व्यंजन परोसे जा रहे थे। विजय नगर, उखरी, आईटीआई, गोकलपुर, रांझी, घमापुर के अलावा अनेक जगह देर शाम तक भंडारा चल रहा था।*



**हनुमान जयंती के उपलक्ष में सुंदरकांड के उपरांत भंडारी का आयोजन-** मां बड़ी शरमाई मंदिर में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सर्वप्रथम सुंदरकांड का आयोजन किया गया सुंदरकांड के समापन के उपरांत पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया , रमेश पिपरा , अखिल पटारिया, राजकुमार भोजक, वीरू महार, और महेश रत्नाकर ,यस घनघोरिया ,धर्मेंद्र पटारिया, मुन्नू पंडा, दीपक बलराज भोजक, जीत जांगड़े राजा घनघोरिया, हेमराज महार,,सुभाष साहू रिंकू पिपरा एवं समस्त क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति के बीच हनुमान जी का हवन होने के उपरांतभंडारा का आयोजन किया गया।



**हनुमत जन्मोत्सव पर हिन्दू एकता मंच ने निकाली भव्य शोभायात्रा-** हनुमत जन्मोत्सव पर हिन्दू एकता मंच द्वारा श्री विराट संकटमोचन रथ एवं महाआरती शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विराट संकटमोचन रथ एवं महाआरती शोभायात्रा गोहलपुर थाना स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर श्री बड़े प्राचीन हनुमान मंदिर अधारताल तक निकाली गई। जिसमें विशेष रूप से धर्म ध्वजा, अश्व, घोडे, आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इस मौके पर पूजनीय संत, विभिन्न अखाड़ों के द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में 208 दीपों की महाआरती, जीवंत झलकियां, भारी संख्या में मातृ शक्तियां भी शामिल रहीं।



**465वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर निकली-** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर सुबह 465 वी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज सिद्धन माताजी बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के साथ नर्मदा भक्त हाथों में भगवा ध्वज लेते हुए संकीर्तन मंडलियों के साथ हनुमान जी महाराज का गुणगान करते हुए निकली

नर्मदा महाआरती संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर भगवान ने बताया परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल राघवेंद्र शुक्ला विनोद दीवान मनोज गुलाबवानी घनश्याम बबेले कैलाश विश्वकर्मा विशाल पंड्या प्रभाकर चतुर्वेदी सत्य प्रकाश नामदेव अवधेश खरे सचिन अग्रवाल एडवोकेट पुणे से नर्मदा भक्तों की टोली आई आदि उपस्थित थे।

**अन्मोल वाटिका, करमेता —** मजीठ बाबा प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। जिसमें पूजन के बाद विशाला भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।

अध्यक्ष मिथलेश पटेल, रजनीश मिश्रा, नीलेश वर्मा, दीपक पटेल, ईशु तिवारी, अनिल तिवारी, शुभम सिरसाम, हंसराज सोनी, दिनेश यादव, दिलीप पटेल जी,मेदिनी पटेल,पंकज राय, ऋषभ अग्रवाल, हर्ष सिंह, समर्थ यादव,समर श्रीवास्तव जी, योगेश देशमुख, रमाकांत पल्हा, अनुज तिवारी जी कृष्ण कुमार, सुनील शुक्ला, अनुराग दहिया जी,उत्कर्ष चौबे, कृष्णा साहू, के साथ मंदिर के पुजारी पंडित संदीप दुबे और समस्त भक्तगण हैं।





**जबलपुर, देशबन्धु।** हनुमान मंदिर सेवा समिति महिला मंडल, पचमठा मंदिर गढ़ा जबलपुर द्वारा श्री हनुमंत प्रगट महोत्सव पर महालड्डू के साथ कश्मीर से कन्याकुमारी तक के पारंपरिक पकवानों का महाभोग श्री हनुमानजी महाराज को लगाया गया। सुबह 8 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया गया। दोपहर 12 बजे महाआरती और 12.12 बजे से प्रसाद वितरण शुरू हुआ, रात्रि 10 बजे हनुमानजी की महाआरती हुई।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 13 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा नक्षत्र- चित्रा।**

**मेष**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ**
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार `क- आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क**
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह**
आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

**कन्या**
शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है।

**तुला**
गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है।

**कुंभ**
प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने म.

# खालसा पंथ का सृजन दिवस, वैसाखी महापर्व की आज देश भर में होगी धूम

**जबलपुर, देशबन्धु।** खालसा पंथ का सृजन दिवस और फसलों की कटाई उपरान्त मनाया जाने वाला वैसाखी महापर्व की आज देशभर में धूम रहेगी । संस्कारधानी जबलपुर में आज 13 अप्रैल को मुख्य आयोजन गुरुद्वारा प्रेमनगर, मदनमहल और गुरुद्वारा जी सी एफ में होगा जहां धूमधाम से बैसाखी महापर्व मनाया जाएगा। दोनों ही आयोजनों में श्री दरबार साहिब अमृतसर, पंजाब के विख्यात हुजूरी रागी जत्था भाई जगतार सिंह, ढाड्डी जत्था भाई ब्रिछपालसिंह, बरकंडी वाले, इतिहासविद ज्ञानी हरमीत सिंह,जम्मू सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे। अभिलाषियों को अमृत पान भी करवाया जाएगा और सिख नारी मंच के नेतृत्व में रक्तादान शिविर लगाया जाएगा। विभिन्न संस्थाओं द्वारा लस्सी और शरबत, छबील के स्टाल लगाकर सेवा की जाएगी। गुरु का लंगर दिनभर वितरित किया जाएगाप्रधान साहब मंजीत सिंह ननडा, चरणजीत सिंह कैला, सुरिंदर सिंह होरा, हरमीत सिंह धन्जल, बलजीत सिंह मांगट, अवतार सिंह पलाहा, अजायब सिंह कैंबो एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से सहयोग एवं उपस्थिति की अपील की है।

गुरुद्वारा जी सी एफ के प्रधान महेंद्र सिंह नागी एवं सचिव परमदीप सिंह मैनी ने बताया कि आजादी से पूर्व सन 1941से यहां वैसाखी महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां आज कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर पंगत में वितरित किया जाएगा। साथ ही गणमान्य समाज सेवियों को सम्मानित भी किया जाएगा।प्रबंधक कमेटी ने उपस्थिति की अपील की है। नगर के विभिन्न हिस्सों में फल और मिष्ठान के साथ ही जरुरतमंद छात्रों को कापी और किताबें प्रदान की जाएंगी वैसाखी पर आज रातभर गुरु का लंगर पकाने और तैयार करने हेतु कार सेवा की गई इसमें महिला पुरुषों क साथ ही युवा एवं बच्चों ने भी शिरकत की ।

# वक्फ कानून को वापस लेने की मांग - नव भारत पार्टी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय धर्म निरपेक्ष नव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ खान ने केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से मांग की है कि वक्फ कानून को जल्द से जल्द वापस लिया जाए। यह कानून से मुस्लिम समाज को बहुत ठेस पहुंची है। यह कानून से मुस्लिम समाज को बहुत ठेस पहुंची है। यह कानून भारत के संविधान का उल्लंघन है। भारत के संविधान की 44वां संशोधन 1978 संपत्ति का अधिकार अनुच्छेद 19 (1)(च) अनुच्छेद 31(1) के विरूद्ध है। ये वक्फ की संपत्ति ट्रस्ट की जमीन है और इसके उत्तराधिकारी सिर्फ और सिर्फ मुसलमान है। इसलिए जल्द से जल्द केन्द्र सरकार और राज्य सरकार इस वक्फ संशोधन बिल को वापस ले।

# सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब साउथ द्वारा प्याऊ स्थापित करने की श्रृंखला में पहला प्याऊ नवज्योति नशामुक्ति केन्द्र अवधपुरी के सहयोग से स्थापित किया गया। अध्यक्ष रोटे, अजय चौधरी ने आयोजन के प्रेरणास्त्रोत पूर्वाध्यक्ष अरूण कान्त अग्रवाल तथा केन्द्र के संस्थापक हेमंत सोलंकी का आभार व्यक्त किया तथा अन्य बन्धुओं से जो जल की व्यवस्था करने में सक्षम हों इस पुनीत कार्य हेतु आगे आने की अपेक्षा व्यक्त की पूर्वप्रांतपाल रोटे, सुनील फाटक ने हनुमान प्रकटोत्सव के पावन दिवस पर शुभारंभ इस श्रंखला की सराहना की। आपने कहा कि प्यासे को शीतल पेय जल उपलब्ध कराना वास्तव में पुनीत और धर्मसंगत कार्य है इस अवसर पर राकेश गिदरौनिया, पुष्पेन्द्र शर्मा, हेमंत सोलंकी, राजेन्द्र गुप्ता, श्वेता मिश्रा, रूपेश नायडू, डॉ सरकार, नीरज राजक, रश्मि सोलंकी, रवि रजक, राधिका अहिरवार आदि सदस्यों की वृहत संख्या में उपस्थिति उत्साहपूर्वक थी।

# चतुर्थ समयमान वेतनमान की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा उपरान्त चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर संगठन के द्वारा राज्य शासन को पत्र लिखा जा चुका है परंतु इतने गंभीर मुद्दे पर शासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

संघ ने आगे बताया कि शासन द्वारा इस गंभीर मुद्दे को लेकर आज दिनांक तक किसी प्रकार के आदेश जारी नहीं किए गए है जिससे सिर्फ और सिर्फ शिक्षकों को नुकसान हो रहा है वहीं कई शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और सैकड़ों की तादात में शिक्षक सेवानिवृत्ति की कगार पर हैं ऐसे में यदि चतुर्थ समयमान वेतनमान के आदेश जारी नहीं किए जाते तो यह शिक्षकों के साथ अन्याय होगा। संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, संतोष श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, शहीर मुमताज, सुखराम विश्वकर्मा, फिलिप अन्थोनी, मनमोहन चैधरी, रऊफ खान, एनोस विक्टर, संतोष चैरसिया, विनोद सिंह, सुधीर अवधिया, धनराज पिल्ले, सुनील झारिया, मक़सूद अहमद कादरी, गोपीषाह, रामकुमार कतिया, आषा राम झारिया, मनीष मिश्रा, सुधीर पावेल, राजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र पटेल, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, आषीष कोरी आदि ने शासन से माँग की है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**राजकुमारी छनियाँ** - विजय कुमार छनियाँ की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी छनियाँ का स्वर्गवास 12 अप्रैल 2025 को हो गया है। अंतिम यात्रा रविवार, दिनांक 13 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे करिया पत्थर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। आप अपने पीछे रविकांत, सूर्यकांत (पुत्र) महेंद्र, अभय, अजय (भतीजे) छोड़ गई हैं।



**श्रीमती लक्ष्मी रानी चक्रवर्ती-** अग्रवाल कॉलोनी निवासी श्री रविकांत चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी रानी चक्रवर्ती (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज बाई ठाकुर-** नई बस्ती आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री कमलेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बाई ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नवनीत उपाध्याय-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री नवनीत उपाध्याय (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मधु बशंकार-** प्रेमसागर निवासी श्री विजय बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती मधु बंशकार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नितिन कुमार शर्मा-** कालीमठ आमनपुर निवासी श्री चंद्रकांत शर्मा के पुत्र श्री नितिन कुमार शर्मा (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड तुलाराम के अखाड़े के पास निवासी श्री जगदीश कोरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजीव कुमार देव-** शास्त्री नगर त्रिपुरी वार्ड गढ़ा निवासी श्री संजीव कुमार देव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री पंचम लाल चौधरी के पुत्र श्री प्रदीप चौधरी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री इंदू प्रसाद राय-** आर/46, वार्ड नं. 14, सिविल लाइन निवासी श्री इंदू प्रसाद राय (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता चौधरी-** ठक्कर ग्राम जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री राजकुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# गला घोंटकर हत्या कर शव को फेंका था नाले में

## पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढोताल थानान्तर्गत कठौंदा कचरा प्लांट के समीप हत्या करने के बाद युवक के षव को नाले में फैंक दिया गया था। पुलिस ने पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस द्वारा मृतक युवक की षिनाख्ती के प्रयास जारी है।



माढोताल थाना प्रभारी नीलेष दोहरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 10 अप्रैल को ग्राम कोठवार से सूचना दी थी कि कठौंदा कचरा प्लांट के पीछे नाले किनारे एक अज्ञात पुरूष का शव पडा हुआ है। मृतक युवक की उम्र लगभग 25-30 वर्ष होगी तथा नाला किनारे औंधे मुंह पड़ा हुआ था। बदन में सफेद कलर की सेंडो बनियान, अंडरवियर लोवर पहने हुए था और गले में लाल कलर का कपड़ा लिपटा है। एफएसएल अधिकारी की उपस्थित में घटना का निरीक्षण करते हुये पंचनामा कार्यावाही कर शव को पीएम हेतु मेडीकल कालेज भिजवाया गया ।

पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में युवक की गला घोटने के कारण मृत्यु होने बताया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। अभी तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

मृतक युवक की शिनाख्त से पुलिस को घटना के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते है। इस बात की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि युवक की किसी अन्य स्थान पर हत्या का उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए नाले फेंक गया है। मृतक युवक की शिनाख्त के प्रयास जारी है।

# पेपर बिगड़ने के कारण छात्रा ने लगाई फांसी

## रांझी थानान्तर्गत बुचा कॉलोनी की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** पेपर बिगडने के कारण कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

रांझी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार षनिवार की सुबह बुचा कॉलोनी पुरानी बस्ती में एक युवती फांसी लगाये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। परिजनों के द्वारा पुलिस को बताया गया कि अजली सिंह गत दिवस कालेज से परीक्षा देकर आई थी। हम लोग रात्रि लगभग 11 बजे खाना खा लिये थे, खाना खाने के बाद सो गये थे। अंजली ने रात एक बजे अपनी मामी के साथ खाना खाया था। इसके बाद अपने कमरे में चली गई। सुबह लगभग 7 बजे अजली के मोबाईल पर पर फोन लगाये जो फोन नहीं उठा रही थी। परिजनों ने कमरे के खिड़की से देखे तो अंजली ग्रे कलर के साड़ी के फंदे से सिलिंग फेन से लटक रही थी। सिलीग फेन के नीचे लगभग 3 फिट ड्रम रखा था। परिजनों ने उसे नीचे उतार कर पलंग पर लिटा दिये परंतु उसकी मृत्यु हो चुकी थी। अजली के पेपर चल रहे थे, शायद पेपर बिगडने के कारण आत्महत्या की है।

# बस की टक्कर से पिता की मौत,बेटी घायल

## मझौली बायपास की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थानान्तर्गत मझौली बायपास में तेज रफतार में भागती बस ने मोटर साइकिल सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटर साइकिल सवार पिता की मौत हो गयी तथा पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सिहोरा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रुति पांडेय उम्र 21 साल निवासी ग्राम पटुरिया थाना बहोरीबंद जिला कटनी ने बताया कि वर्तमान में मे बी फार्मा की पढाई कर रही है। आज वह एवं उसके पिता सुरेंद्र पाडे उम्र 50 साल के साथ प्लेटिना मोटरसाइकिल से अपने गांव से सिहोरा बस स्टैंड जा रही थी। मझौली बाईपास के पास पहुंचे पोडा तरफ से आ रही स्कूल बस क्रमांक एमपी 20 डीए 0438 का चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चालाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों सड़क में गिर गये। इस घटना में युवती व उसके पिता को गंभीर चोटें आई थी। दोनों घायलों को उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टर ने प्रारंभिक जांच के बाद पिता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281,125, 106 ए बीएनएस 184 मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पिता के सामने पुत्र को 407 वाहन ने कुचला, मौत

## शहपुरा गंजकटंगा मेन रोड पर हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहपुरा थानातंर्गत एनएच-45 गंज कटंगा मेन रोड पर एक बेलगाम 407 वाहन के चालक ने मजदूरी कर जा रहे युवक को रौंदते हुए निकल गया। जिसके कारण युवक की घटना स्थल पर मौत हो गयी। घटना के समय युवक का पिता भी उसके साथ था,जो बीड़ी पीने के लिये पान दुकान में रूक गया था। पिता के सामने ही 407 वाहन की चपेट में आने के कारण जवान बेटे की मौत हो गयी। पुलिस ने अज्ञात वाहनप चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।



षहपुरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नटवारा निवासी 48 वर्षीय मनमोहन यादव तथा उसके बेटे यादवेन्द्र व धनंजय मजदूरी का काम करते है। वह गत दिवस आने बड़े बेटे यादवेन्द्र के साथ मजदूरी करने शहपुरा गया था। शाम को काम समाप्त कर दोनों वापस लौट रहे थे। दोनों एनएच-45 से होते हुए पैदल नटवारा जा रहे थे। गंजकटंगा के पास मनमोहन यादव पान टपरे में बीड़ी पीने रुक गया और उनका बेटा यादवेन्द्र आगे-आगे पैदल चलने लगा। इसी दौरान जबलपुर तरफ से आ रही टाटा एलपीडी 407 वाहन क्रमांक डीएल 1 एलपी 8822 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए यादवेन्द्र को टक्कर मार दी। जिसके कारण युवक सडक में गिर गया और वाहन चालक उसे रौंदते हुए निकल गया। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर भोपाल की ओर भाग गया। पिता और अन्य लोगों रक्तरंजित युवक को उपचार के लिए षहपुरा अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर षव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# शराब के लिये रुपये न देने पर घोंप चाकू

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज पुलिस ने बताया कि सतना जिले अमदरा क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय हिमांशु पटेल यहां सब्जी मंडी में पटेल फ्लावर के नाम से दुकान चलाता है।

बीती रात वह अपनी दुकान से निकलकर जा रहा था, उसी समय एक बीस वर्षीय युवक पहुंचा और उससे शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगने लगा।




हिमांशु ने रुपये देने से मना किया तो आरोपी ने चाकू से हमला कर उसके वाये पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी। हिमांशु की चीख पुकार सुन उसका जीजा अनिल पटेल व राहुल साहू दौड़कर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# एक लाख के गांजे के साथ तीन तस्कर पकड़ाएं

## क्राईम ब्रांच व पनागर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, 4 किलो 738 ग्राम गांजा जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने पनागर पुलिस के साथ मिलकर निरंदपुर के पास घेराबंदी कर स्विफ्ट कार में लायी जा रहीं गांजे की खेप पकड़ी है। पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने चार किलो 738 ग्राम गांजा कीमती 95 हजार रुपये का जप्त किया है। पुलिस ने कार व गांजा जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान क्राईम ब्रांच व पनागर पुलिस को रत्नाधाम निरंदपुर के पास एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ-4480 आती दिखी, जो कि पुलिस को देखकर उसका चालक तेजी से वाहन लेकर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने ट्राइडेंट वेयर हाउस के सामने गंगाजली मेन रोड बागोड़ा में घेराबंदी कर कार को रोक लिया। जिसमें तीन लोग सवार थे।



जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम सुजीत राय उम्र 37 वर्ष निवासी ग्वारीघाट स्टेशन के पास थाना ग्वारीघाट एवं ड्राइवर सीट की बाजू वाली सीट में बैठे व्यक्ति ने सूरज बेन उम्र 27 वर्ष निवासी बेन मोहल्ला रामपुर थाना गोरखपुर तथा कार की पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद सज्जाद उर्फ रेहान खान उम्र 24 वर्ष निवासी बड़ी ओमती नल के पास घंटाघर थाना ओमती बताया। संदेह होने पर पुलिस ने कार की डिक्की की तलाशी ली। जिसमें सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला ।

एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये गांजा की तौल करने पर 4 किलो 738 ग्राम गांजा कीमती लगभग 95 हजार रुपए का बरामद किया गया। पुलिस ने कार व गांजा जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# बेटा होने की खुशखबरी देते हुए पैर में झुक कर काटी जेब

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना गोरा बाजार डी मार्ट के बाहर एक युवक ने बेटा होने की खुशखबरी देते हुए पैर में झुका और जेब से पर्स पार कर दिया। पर्स में 6 हजार रूपये नगद व आवष्यक दस्तावेज थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अरोपी युवकों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

गोराबाजार थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईश्वर खत्री उम्र 52 वर्ष निवासी पिंक सिटी राधा नगरी बिलहरी डीमार्ट सामान खरीदने पैदल गये थे। उन्होने रात्रि करीब बजे सामान खरीदकर डीमार्ट से बाहर निकलकर घर जाने के लिये दो नंबर गेट पहुंचा थे। उसी समय एक स्लेटी रंग की एक्टीवां में दो अज्ञात लडके आये।जिसमें एक लडका एक्टीवा स्टार्ट करके रखे हुए था औश्र दूसरा लडका उसके पास आकर बोला कि चाचा मेरा बेटा हुआ है मुझे आशीर्वाद दो। उसने अपना दाहिना हाथ उसके सिर में रखा और आशीर्वाद दिया तो वह लडका बोला कि चाचा दोनो हांथ से आशीर्वाद दो । ऐसा कहते हुए उसके पैर में झुका और फिर एक्टीवा स्कूटी में बैठकर गोराबाजार की तरफ चला गया तभी दोनो लडको के जाने के बाद उसका ध्यान जेब में रखे पर्स में गया उसने अपनी जेब में हाथ डालकर देखा तो जेब में उसका पर्स नही था ।उसकी जेब से पर्स चोरी कर अज्ञात व्यक्ति अपने साथी के साथ एक्टिवा में बैठकर भाग गया। उसके पर्स में उसका पैन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, एटीएम. कार्ड, एक्टिवा की आरसी एवं नगद 6 हजार रुपये रखे थे। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पार्टी के लिए रुपये नहीं देने पर दो युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी तथा बेलबाग थानान्तर्गत शराब के लिए रुपये नहीं होने पर आरोपियों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

रांझी थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश बसोर उम्र 35 वर्ष निवासी गोकलपुर तालाब दुर्गा मंदिर हरिओम ट्रेवल्स माने गाँव में टैक्सी ड्राइवर का काम करता है। वह गत रात मोटरसाइकिल में रांझी पेट्रोल पंप से पैट्रोल भरवा कर घर जा रहा था। तभी कालू उर्फ साहिल कुण्डे आया एवं उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रुपये मांगने लगा उसने रुपये देने से मना किया तो चाकू से हमला कर पसली व जांघ में चोट पहुंचाता आसपास के लोग बचाने आये तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इसी प्रकार बेलबाग थानान्तर्गत बकरा मार्केट थाना हनुमानताल निवासी अब्दुल अयान उम्र 24 वर्ष गुरंदी में सलीम एण्ड संस पाईप की दुकान चलाता है। वह गत रात दुकान बंद कर रहा था नदीम आकर उसकी दुकान के पास खड़ा होकर उसे शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने लगा उसके मना करने पर गाली गलौज करने लगा तथा अपने साथियों को बुला लिया सभी उसके साथ मारपीट करने लगे नदीम उर्फ लहू अहसान एवं अन्य साथियों ले चाकू से पीठ पर हमजर कर चोट पहुंचा दी नदीम व उसके साथी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत चुंगीनाका कलारी के पास बीती रात दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जब समीप पर चखने का ठेला लगाने वाले युवक ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उसे भी चाकू से गोद दिया। दोनों युवकों को गंभीर चोटे आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए एक शातिर बदमाश को धर दबोचा है, जबकि उसका साथी फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रहीं है। पुलिस ने बताया कि करमेता शारदा नगर निवासी 27 वर्षीय अनमोल जैन चुंगीनाका कलारी के पास नमकीन, चखने की दुकान लगाता है। बीती रात करीब ग्यारह बजे जब अनमोल अपनी दुकान पर था, जहां पर अभिषेक सेन खड़ा था। उसी समय माढ़ोताल का धर्मवीर रैकवार व शरद यादव पहुंचे और चाकू लेकर अभिषेक सेन के साथ गालीगलौज करने लगे। अभिषेक अपनी जान बचाने की नियत से अनमोल की दुकान के ठेले के पास आ गया, जब अनमोल ने आरोपियों को जाने के लिये कहा तो उन्होंने दनादन चाकू से हमला कर दिया। जिससे अनमोल के दाहिने हाथ के पंजे के ऊपर, गले में बाये तरफ, कान के पीछे कमर पीठ में बांये तरफ दाहिनी जांघ मे चोट आ गई। इसके बाद आरोपियों ने अभिषेक सेन पर भी चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके माथे, नाक, बाये पैर, दाहिने घुटने के पास, बाये पीठ पर चोट लगी है। इसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सरगर्मी से तलाश करते हुए आरोपी धरमवीर रैकवार उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती आईटीआई माढोताल

# पंजीकृत डाक से नहीं भेजा गया था नोटिस,तो नहीं कर सकते सेवा से पृथक

## हाईकोर्ट ने औद्योगिक न्यायाधिकरण के आदेश को किया निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल ने अपने आदेष में कहा है कि द्विपक्षीय समझौते के तहत नोटिस सामान्य खंड अधिनियम 1897 की धारा 27 के अनुसार विधिवत तरीके से जारी किया जाना चाहिये। प्रबंधन यह साबित करने में विफल रहा कि उन्होंने पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस भेजा था। एकलपीठ ने औद्योगिक न्यायाधिकरण व श्रम न्यायालय के आदेष को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में राहतकारी आदेष जारी किये है।

बैंक कर्मचारियों के संगठन आईएनटीयूसी की तरफ से उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि द्विपक्षीय समझौते के तहत कर्मचारियों को सेवा से पृथक किये जाने के संबंध में नियम निर्धारित है। नियमानुसार 90 दिनों तक बिना सूचना दिये अनुपस्थित रहने पर प्रबंधन नोटिस जारी करेंगा। नोटिस में कर्मचारी को नौकरी में लौटने के लिए 30 दिनों का समय प्रदान करते हुए स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। नियम के तहत कर्मचारी को निर्धारित समय के भीतर अपने कर्तव्यों को फिर से शुरू करने या प्रबंधन की संतुष्टि के लिए अपनी स्थिति को स्पष्ट करने का अवसर दिया जाता है। याचिका में कहा गया था कि एसबीआई उमरिया ब्रांच की तरफ से विधिवत नोटिस नहीं दिया गया था। एकलपीठ ने पाया कि दस्तावेज की अनुसार वरिष्ठ क्लर्क के द्वारा नोटिस भेजा गया था। प्रबंधन यह साबित करने में विफल रहा कि उन्होंने पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस भेजा था। एकलपीठ ने अपने आदेष में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालय जबलपुर के द्वारा आदेष को निरस्त को निरस्त कर दिया। एकलपीठ ने पंद्रह दिन के भीतर कर्मचारी चंद्रशेखर को कार्यभार सौंपने के आदेष जारी किये है। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि कर्मचारी सेवानिवृत्त होने की आयु से कम है तो उसे समस्त परिणामी लाभ प्रदान करे। सेवानिवृत्ति की आयु पार कर चुका है तो उसे सेवा में मानते हुए उसके समस्त लाभ प्रदान किये जाये। एकलपीठ ने याचिका की लागत के रूप में 25 हजार रुपये याचिकाकर्ता को प्रदान करने के आदेष जारी किये है। उक्त राशि सरकारी खजाने से नहीं बल्कि दोषी अधिकारी से वसूली जाये। दोषी अधिकारी बैंक के कर्मचारी नहीं है तो बैंक के कल्याण कोष से जमा की जाये।

# एडीशनल कलेक्टर के आदेश पर रोक

## नरसिंहपुर कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने नरसिंहपुर के एडीशनल कलेक्टर के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी जिसके




तहत एक कॉलोनाइजर पर एफआईआर के निर्देश दिये गये थे। एक अपील की सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर नरसिंहपुर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

नरसिंहपुर निवासी सूर्यांश आचार्य की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा व कंचन मिश्रा पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मप्र नगर पालिक विकास नियम 2021 के तहत अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में कार्रवाई के लिये विहित प्राधिकार कलेक्टर हैं। एडिशनल कलेक्टर को यह अधिकार नहीं है। दरअसल, याचिकाकर्ता पर अवैध कॉलोनी बनाने का आरोप है। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के पास कॉलोनाइजर का सर्टिफिकेट है। रेरा में भी आवेदन दिया है। इस संबंध में एसडीएम की रिपोर्ट पर एडीशनल कलेक्टर ने आदेश जारी कर कहा कि उक्त जमीन में अस्तांतरणीय लिखा जाए और याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने कहा था। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# छोटे-छोटे विवाद घरेलू हिंसा की श्रेणी में नहीं

## अदालत ने दिया अहम फैसला

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रश्मि मंडलोई ठाकुर की अदालत ने अपने एक अहम आदेश में आदेश में स्पष्ट किया है कि छोटे-छोटे विवाद घरेलू हिंसा की श्रेणी में नहीं आते। चूंकि पत्नी के साथ घरेलू हिंसा प्रमाणित नहीं हुई, अत- वह घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष पाने की अधिकारी भी नहीं है।

अनावेदक बिलासपुर निवासी नितिन वर्मा सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि नितिन का विवाह नमिता वर्मा के साथ हुआ था, जिन्होंने केस दायर किया है। उनकी ओर से घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष दिलाए जाने की मांग की गई है। इस दंपति की एक संतान भी है। आवेदक ने पति के अलावा सास जेठ और जेठानी पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि कथन से स्पष्ट हुआ है कि विवाद की वजह कोई बड़ी नहीं बल्कि छोटी-छोटी होती थीं। एक तथ्य यह भी है कि आवेदक अपनी ससुराल में अधिक समय नहीं रही। वह किसी न किसी बहाने मायके चली जाती थी। ऐसे में पति के अलावा अन्य सदस्यों पर आरोप अनुचित प्रतीत होता है। इसके पीछे छिपी दुर्भावना स्वमेव रेखांकित हो रही है। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अनुतोष दिए जाने की मांग महज आंशिक रूप से बच्चे के सिलसिले में स्वीकार की। पत्नी को राहत देने से मना कर दिया।

# जस्टिस एसए धर्माधिकारी केरला हाईकोर्ट स्थानातंरित

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी का स्थानांतरण केरला हाईकोर्ट किया गया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद शनिवार को केन्द्रीय कानून मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। गौरतलब है कि 7 अप्रैल 2016 को वे मप्र हाईकोर्ट में न्यायाधीश के पद पर नियुक्त हुए थे।

# नवजात बच्ची की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट न देने पर 1.10 लाख का जुर्माना

## उपभोक्ता आयोग ने दिया फैसला

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला उपभोक्ता आयोग ने नवजात बच्ची के जन्म के समय किया गया बेबी शील्ड (ब्लड टेस्ट) रिपोर्ट नहीं देने पर लाइफ सेल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर एक लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष नवीन सक्सेना व सदस्य द्वय सुषमा पटेल एवं मनोज मिश्रा की संयुक्त पीठ ने कंपनी को निर्देशित किया है कि दो हजार रुपए का वाद व्यय भी परिवादी को अदा करे।

दरअसल जबलपुर के राइट टाउन में रहने वाले राहुल दुबे ने अपनी दो साल की बच्ची आर्या दुबे की ओर से आयोग में मामला दायर किया था। उन्होंने बताया कि उक्त कंपनी द्वारा स्टेम सेल सुरक्षित रखने के साथ-साथ बेबी शील्ड रिपोर्ट देने का काम करती है। बेबी शील्ड में नवजात को भविष्य में होने वाली संभावित कई बीमारियों के बारे में जानकारी मिल जाती है। परिवादी ने इसके लिए पांच हजार रुपए जमा किए थे, लेकिन कंपनी ने रिपोर्ट प्रदान नहीं की। जिसे सेवा में कमी मानते हुए फोरम ने उक्त निर्देश दिये।

# पिता-पुत्री को स्कूल बस ने कुचला, पिता की मौत, बेटी गंभीर

## पिता के साथ परीक्षा देने के लिए मोटरसाइकिल जा रही थी बेटी

**सिहोरा, देशबन्धु।** घर से पिता के साथ बेटी परीक्षा देने जबलपुर के लिए निकली थी लेकिन शायद ही बेटी ने कभी कल्पना भी नही की होगी कि पिता के साथ उसकी यह अंतिम बार बाइक में बैठ रही। जिनको एक निजी स्कूल की तेज रफ्तार बेलगाम बस ने टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिसमें पिता के ऊपर से बस के पहिये निकल गए और पिता की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि बाइक में पीछे बैठी पुत्री के गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है।

सिहोरा थानांतर्गत मझौली बाईपास के अंडरब्रिज के पास सुबह दस बजे करीब सुरेंद्र कुमार पांडे 44 वर्ष अपनी पुत्री श्रुति पांडे ग्राम पटुरिया थाना बहोरीबंद जिला कटनी निवासी को परीक्षा दिलाने जबलपुर जा रहे थे तभी






मारथोमा स्कूल की निजी बस के चालक ने तेज रफ्तार से बाइक सवारों को टक्कर मार दी जिसमे बाइक चालक गिर कर बस के पहिये के नीचे आ गया और मौके पर ही बेटी के आंखों के सामने पिता की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जबकि मृतक की पुत्री को गंभीर चोटें आई हैं जिसे सिहोरा सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है वहीं पुलिस ने बस के चालक को हिरासत में लेकर बस को जब्त किया है। जबकि मृतक के गृह ग्राम में शोक की लहर है और पूरा गांव इकठ्ठा होकर सांत्वना देते नजर आए इस गमगीन माहौल में हर कोई मायूस नजर आया।

### बेटी के सामने हुई पिता की मौत

मझौली बायपास के ब्रिज के नीचे हुई इस हृदयविदारक हादसे से हर कोई सहम गया जिसमें बेटी की आंखों के सामने ही पिता की दर्दनाक मृत्यु हो गई जबकि मृतक की बेटी भी गंभीर रूप से घायल है पिता की मृत्यु को देखकर बेटी गहरे सदमे में है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस इतनी तेज रफ्तार में थी कि बाइक से भिड़ंत के बाद बस सीसे तक फूट गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए परिजनों को सूचना दी है। एवं आरोपी बस चालक पर कार्यवाही करने में जुटे है।

# पानी भरे गड्ढे में डूबने से तीन बहनों की मौत

**सतना, देशबन्धु।** सतना में सड़क निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से तीन बहनों की मौत हो गई। घटना जसो थाने के रीछुल गांव में शनिवार दोपहर की है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण के लिए यहां तीन माह पहले गड्ढा खोदा गया था, जिसमें हाल ही में हुई बारिश का पानी भर गया था। जिसमें एक ही परिवार की तीन बच्चियां आज खेलते-खेलते गिर गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, राजकुमार चौरसिया की बेटियां - 8 वर्षीय तान्या और 5 वर्षीय जुड़वां बहनें जान्हवी और गौरी -गांव में घर के पास खेल रही थीं। खेलते-खेलते तीनों बच्चियां मिट्टी के उस गड्ढे तक पहुंच गईं, जो बारिश के पानी से पूरी तरह भर चुका था। बच्चियां फिसलकर पानी में जा गिरीं। जब तक ग्रामीण उन्हें बचा पाते, तब तक देर हो चुकी थी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठेकेदार मान सिंह तोमर के खिलाफ लापरवाही से मौत का प्रकरण दर्ज किया गया है। गांव वालों का कहना है कि ठेकेदार ने गड्ढा खोदकर ऐसे ही छोड़ दिया था, न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया और न ही आसपास कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई। अब तीन मासूम जानें चले जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। ग्रामीणों की मांग है कि दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

## तालाब में नहाने गईं दो बहनों की डूबने से मौत

**मझौली, देशबन्धु।** मझौली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पांड ग्राम पंचायत में शनिवार को तालाब में नहाने गई दो बालिकाओं की डूबने से मौत हो गई। हाल ही में जनपद पंचायत मझौली क्षेत्र अंतर्गत मझगवां ग्राम पंचायत के समदा में सगे दो भाई एक बहन की जल समाधि हो गई थी, इस घटना को बीते अभी सप्ताह भर हुआ होगा और शनिवार को पुन: दो सगी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गौरतलब है कि पांड ग्राम पंचायत निवासी रामसखा साहू की चार पुत्रियों में से तीसरे नम्बर की राशि साहू उम्र लगभग 11 वर्ष और सबसे छोटी रीना साहू 10 वर्ष सुबह महुआ फूल बीनने गई थी। वापस आकर घर के पास के तालाब में नहाने के लिए गई। नहाते वक्त गहरे पानी में डूब गई। जब कुछ देर तक बालिकाओं की आवाज सुनाई नहीं दी तो मंदिर में रहने वाले बुजुर्ग ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों की सूचना पर एसडीओपी कुसमी मझौली, थाना प्रभारी मझौली सहित पुलिस बल तालाब के पास पहुंचा। गांव के लोगों की मदद से दोनों बालिकाओं को तालाब से ढूंढ निकलवाया गया। तहसीलदार मझौली, हल्का पटवारी समक्ष पंचनामा कर शवों को पीएम के लिए मझौली मर्चुरी ले जाया गया है।

## सार-समाचार

### 14 अप्रैल को बसपा ने आयोजित की विशाल वाहन रैली

#### जुटेंगे जिले की आठों विस के निष्ठावान कार्यकर्ता

**पाटन, देशबन्धु।** अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिले की आठों विधान सभा के बसपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से अपील की गई है कि 14 अप्रैल को पार्टी के द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है जो सुबह 11 बजे बिरसा मुंडा चौक अधारताल से डॉक्टर अम्बेडकर चौक जबलपुर तक निकाली जाएगी और अम्बेडकर चौक पर विशाल आम सभा आयोजित होगी जिसमें पाटन,सिहोरा,पनागर,बरगी एवं शहर की चारों विधान सभा के बसपा कार्यकर्ता से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर वाहन रैली एवं आम सभा को सफल बनाने की अपील की है।

### वन भूमि निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ कांग्रेस का ज्ञापन

**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडेश्वर धाम सिहोरा कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने आदिवासियों के उपयोग की 37 लाख हेक्टेयर वन भूमि प्रदेश सरकार द्वारा निजी हाथों में दिए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने साथ ही हिरन नदी से अवैध उत्खनन रोकने, गेहूं की सोसायटी खरीद में किसानों से अवैध वसूली रोकने एवं अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की गई है।



कार्यक्रम राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी के नेतृत्व, जिला उपाध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन, जिला अध्यक्ष कमला प्रसाद पटेल, बब्लू यादव, बघराजी से राजेश सोनी की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। ज्ञापन में प्रकाश कुरारिया, अध्यक्ष बिहारी पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेन्द्र श्रीवास्तव, बाबा कुरैशी, संदीप ब्यौहार, राजेश चौबे,राम गोपाल पटेल, घनश्याम बड़गैया उपस्थित थे।

विवेक अवस्थी ने बताया कि मप्र वन विभाग द्वारा 37 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र को निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित करने की प्रस्तावित नीति वर्ष 2025 जनजातीय समुदाय और पारंपरिक वन निवासी के साथ गंभीर साजिश है। प्रदेश सरकार द्वारा जंगलों में बसे या लगे हुए प्रत्येक गांव संयुक्त वन प्रबंधन समितियां बनाई गई है और यह वन विभाग के अधीन है वन अधिकार कानून 2006 की कंडिका 3 (1) झ में ग्राम सभा को वनों का संरक्षण और प्रबंधन का अधिकार दिया गया है। प्रस्तावित नीतियों से वन अधिकारी कानून और पेसा नियमों का उल्लंघन होगा। 21 जनजाति संख्या वाले प्रदेश में इनकी आजीविका और आस्था वनों से जुड़ी हुई है नीतियों में वन उपज पर 20 प्रतिशत भाग वन समिति को शीश पर निजी निवेशकों का अधिकार होगा। जो की पूर्णता गलत है। हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

इस दौरान आलोक पांडे, गिरधर सरावगी,लालबहबुर पाठक,वीरेंद्र पटेल, ओम नारायण श्रीवास्तव,कौशल दाहिया,मुकेश पाटकर,अंकुर करे,शंकर वंशकार, अज्जू भाईजान, जितेन्द्र तिवारी, बालाराम तंतुवाय, गौस भाई आजाद, वीरेन्द्र खरे, आशीष ब्यौहार,डब्बू पाठक,बिट्टू खान, जमीला बानो,गणेश पटेल ,राम लोचन कोल,उमाकांत चौरसिया,बलराम राय,हुकुम सिंह,संतोष,ईश्वर दास,सोनेलाल कोल,बलराम पटेल, बेडीलाल कोल, दुखीलाल कोल, प्रदीप कुमार सहित अनेकों कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### पिकप ने मारी कार को टक्कर, दोनों वाहनों के नौ लोग घायल

**रीवा, देशबन्धु।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत जुगनहई टोल प्लाजा के समीप आज सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के संबंध में उत्तर प्रदेश बनारस निवासी निशा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने पति सहित अन्य लोगों के साथ पिकअप में सवार होकर बनारस जा रही थी इसी दौरान जुगनहई टोल प्लाजा के समीप पिकअप वाहन रुका और सब लोग नीचे उतर आ गए तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने चार लोगों को टक्कर मारते हुए पलट गई जिससे कर सवार पांच लोग घायल हुए हैं वही कार की टक्कर लगने के कारण चार लोग पिकअप सवार भी घायल हुए हैं सभी घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गांधीग्राम में रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



### • शोभायात्रा का नगर भ्रमण

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम में शनिवार को बुढ़ानसागर तालाब के तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर बुढ़ानसागर हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। भगवान श्री राम,लक्ष्मण, सीता के साथ स्थापित, अनगढ़ बड़े हनुमान जी की प्रतिमा का हनुमान मंदिर समिति गांधीग्राम के अध्यक्ष प्रभु पटेल, भूपेंद्र चौरसिया, प्रकाश मिश्रा,सुधीश त्रिपाठी,मोहित त्रिपाठी, विवेक चौरसिया, रामधनी चौरसिया, शैलू चौरसिया ने पुजारी शुभम त्रिपाठी के सानिध्य में पूजा अर्चन एवं अभिषेक किया। शाम 7 से विशाल शोभा यात्रा का हनुमान मंदिर से नगर भ्रमण हुआ जिसमें भगवान हनुमान जी ,पात्रों के साथ राधा कृष्ण की वेशभूषा में पात्रों झांकी सजाई गई। और विशाल हनुमान गदा के साथ कूड़ा कांजी तेरा गांधीग्राम बस स्टैंड व नगर की मुख्य मार्ग से होते हुए शोभायात्रा का नगर भ्रमण हुआ,भक्तों का मंदिर में सुबह से तांता लगा रहा और भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

उत्सव का मुख्य आकर्षण भगवान हनुमान की भव्य शोभायात्रा रही, जो शाम 7 बजे से रात 8 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से गाजे बाजे के साथ निकाली गई। सजे हुए रथ पर विराजमान भगवान हनुमान जी राधा श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी के दर्शन के लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए पुरुष, महिलाएं और बच्चे भक्तिगीत गाते और नृत्य करते हुए चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों और झांझ-मंजीरों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की और आरती उतारी।

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और शोभायात्रा को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शाम को शोभायात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंची, जहां महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।प्रभु पटेल, भूपेन्द्र चौरसिया, शैलू चौरसिया, रामधनी चौरसिया, सरपंच राधा विवेक चौरसिया, जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी, नरबद चौरसिया, प्रशांत चौरसिया, सचिन चौरसिया, योगेन्द्र मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, रामजी चौरसिया, रवि चौरसिया आदि शामिल रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर बच्चों किया हनुमान चालीसा, आरती, भजन और नृत्य



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मेरेडियन एस एस मेरेडियन स्कूल गांधीग्राम में शिक्षकों के साथ साथ छात्र छात्राओं ने हनुमान आरती, हनुमान चालीसा और हनुमान भजन का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम विद्यालय की मार्गदर्शक प्रताप सिंह बघेल प्राचार्य अंकिता अग्रवाल, पुष्पराज सिंह बघेल और शिक्षकों ने हनुमान जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन किया।यह एक बहुत ही सुंदर और भक्तिमय कार्यक्रम रहा।

धार्मिक आयोजन में हनुमान आरती ,भगवान हनुमान की स्तुति में आरती गाना, हनुमान चालीसा छात्र-छात्राओं ने देसी वाद्य यंत्र की मधुर धुन में गायन किया जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।भगवान हनुमान के सुंदर भजनों का गायन, जिससे सभी श्रोता भक्ति के रस में डूब गए । इस अवसर पर मार्ग दर्शक प्रताप सिंह बघेल ने भगवान हनुमान के जीवन और महत्व उनकी भक्ति, शक्ति और रामायण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला गया।

छात्रों द्वारा हनुमान जी के जीवन से जुड़ी कहानियों का नाट्य रूपांतरण या उनके पराक्रमों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। प्राचार्य अंकिता अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम छात्रों में धार्मिक मूल्यों और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पुष्पराज सिंह बघेल ,विद्यालय की मार्गदर्शक प्रताप सिंह बघेल, प्राचार्य अंकिता अग्रवाल, देव उपाध्याय सहित शिक्षण स्टाफ शामिल था।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली रामभक्त की विशाल शोभायात्रा



**बरेला, देशबन्धु।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिर में जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के लोक सागर तालाब स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर एवं बस स्टैंड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बजरंग बाल विहार स्थित हनुमान मंदिर एवं नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर भगवा दल द्वारा नगर में भगवान श्री राम लला की विशाल शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा भैरव बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर में निकाली गई इस शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत एवं भगवान श्री राम लला का पूजन किया गया। इस अवसर पर भगवा दल के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री हनुमंत लला के जयकारों से गूंजा पाटन नगर

**पाटन, देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में पवन पुत्र:हनुमान जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर प्रात:काल से ही धार्मिक आयोजन होना प्रारंभ हो गए थे।

पूजा अर्चना के पश्चात कटरा मोहल्ला हनुमान मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई एवं हनुमत लला की महाआरती में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा वही सिविल कोर्ट परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में संगीतमय अखंड रामायण पाठ के समापन के अवसर पर हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी वितरण की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव एवं अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ता बंधुओं एवं अपर सत्र न्यायालय सिविल कोर्ट के समस्त स्टाफ ने हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद लेकर प्रसादी ग्रहण की।



संकट मोचन के प्राकट्योत्सव पर हनुमान चालीसा, हवन, पूजन के साथ नगर में आयोजित हुए भंडारे

## हनुमान जयंती पर शहपुरा में हुए भंडारे

**शहपुरा, देशबन्धु।** नगर में हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान चालीसा, मंदिर में पूजा पाठ व भंडारे आयोजित किए गए। भगवान का प्रसाद ग्रहण करने के लिए गाँव-गाँव से जन मानस उमड़ा। शहपुरा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, थाना प्रांगण में हनुमान जयंती पर धार्मिक कार्यक्रम और भंडारे आयोजित किए गए। शहपुरा निकटवर्ती ग्राम नाचन खेड़ा में हनुमान जयंती पर मुनालाल शर्मा के द्वारा हनुमान जयंती महोत्सव मनाया गया, जिसमें नगर के समाजसेवी संग्राम सिंह, राजेंद्र बन्धु, राम बाबू, राज कमल जैन, पम्मी बाई, खिल्लू सिंह के साथ अन्य शामिल रहे।

# साहब, हम गरीब मजदूर बिसलरी नहीं खरीद सकते, प्यास बुझाने प्याऊ की व्यवस्था करो

**पाटन, देशबन्धु।** ग्रीष्म काल में ग्रामीण क्षेत्रों से नगर में आने वाले आमजनों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से निकाय के जिम्मेदार एवं नगर के समाजसेवी चुनिंदा स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करना भूल गए जिससे गरीब,मजदूर सहित राहगीरों को शीतल पेय जल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। यदि समय रहते ज़िम्मेदार अफसर सिविल अस्पताल, सिद्धेश्वरी माता मंदिर, सिविल कोर्ट चौराहा, मुख्य बस स्टेंड के पास एक-एक प्याऊ लगाकर लोगों को शीतल जल उपलब्ध करा दे,ऐसी मांग निकाय क्षेत्र की गरीब जनता कई बार अपने-अपने जनप्रतिनिधियों से कर चुकी है। वही एनजीओ और स्वसहायता समूहो की आड़ में मोटी कमाई करने वाले संस्कारी और निष्ठावान लोगों ने भी सबसे निचले तबके के लोगों को शीतल जल इस भीषण गर्मी में उपलब्ध हो इसके लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया।

बताया जाता है कि गरीब मजदूर वर्ग महंगी बिसलरी खरीद कर अपनी प्यास नहीं बुझा सकता है। इस भीषण गर्मी में जब भी इन लोगों को अपनी प्यास बुझानी होती है तब ऐसे जल सेवा केंद्र में आते है और शीतल जल प्राप्त करके अपनी प्यास बुझाते है। अब देखना होगा निकाय के जिम्मेदार अफसर एवं नगर के समाजसेवी इस भीषण गर्मी में गरीबों की प्यास शीतल जल से बुझे, इसके लिए क्या प्रयास करते है?

### इनका कहना

जब इस संबंध में सीएमओ से बात करनी चाही तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। वही क्षेत्रीय पार्षद ने बताया कि इस मामले में कई बार सीएमओ को मौखिक बोल चुका हूं और लिखित में पत्र भी दिया लेकिन अभी तक निकाय के द्वारा मिट्टी के मटकों में भरा शीतल जल वाले प्याऊ की व्यवस्था निकाय की तरफ से अभी तक नहीं की गई।

**दीपक जैन,** पार्षद, वार्ड नंबर 13 पाटन

## अमेरिका में विदेशी नागरिकों के लिए बना सख्त नियम, 30 दिन से अधिक समय तक रुकने पर कराना होगा

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** व्हाइट हाउस ने ऐलान किया कि देश में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुर्माना, जेल और निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। इस घोषणा से अमेरिका भर में अप्रवासी समुदायों के बीच चिंता पैदा हो गई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है जिसके लिए जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है। लेविट ने कहा, यदि ऐसा नहीं किया गया तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जुर्माना लगाया जाएगा, निर्वासित कर दिया जाएगा और आप कभी भी हमारे देश में वापस नहीं आ सकेंगे। यह निर्देश, दूसरे विश्व युद्ध के दशकों पुराने एलियन पंजीकरण अधिनियम पर आधारित है। इसे ट्रंप की तरफ से नियुक्त अमेरिकी जिला जज ट्रेवर एन. मैकफैडेन के फैसले के बाद हरी झंडी दी गई, जिन्होंने वकालत समूहों की कानूनी चुनौती को खारिज कर दिया।

# दुनियाभर में उथल-पुथल मचाने वाले ट्रंप की सेहत कैसी है?

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक शारीरिक जांच करवाई और इसके बाद दावा किया कि वह 'बहुत अच्छे स्वास्थ्य' में हैं। हालांकि, उनकी इस जांच के रिजल्ट तुरंत सार्वजनिक नहीं किए गए। 78 वर्षीय ट्रंप जनवरी 2025 में दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेकर अमेरिकी इतिहास में सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बने थे। उन्होंने शुक्रवार को वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में लगभग पांच घंटे बिताए। ट्रंप ने कहा कि इस दौरान उन्होंने वे सभी टेस्ट कराए जिनके बारे में आप सोच सकते हैं।



**ट्रंप ने कॉग्निटिव टेस्ट भी दिया-** ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मैं वहां लंबे समय तक था। मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छा किया है। राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि उन्होंने एक कॉग्निटिव टेस्ट भी दिया और इसमें सभी सवालों के जवाब सही दिए। ट्रंप ने अपने स्वास्थ्य को लेकर आत्मविश्वास जताते हुए कहा, मेरा दिल स्वस्थ है, मेरी आत्मा अच्छी है, और मैंने यह टेस्ट इसलिए दिया क्योंकि मैं अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन से अलग होना चाहता था, जिन्होंने ऐसा टेस्ट देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, ट्रंप ने अपनी जांच रिपोर्ट की डीटेल्स शेयर नहीं की। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रंप की जांच के दौरान एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे जितनी जल्दी हो सके जारी किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि यह रिपोर्ट विस्तृत होगी, लेकिन अभी तक कोई समयसीमा स्पष्ट नहीं की गई है। ट्रंप की जांच के बाद वह सीधे फ्लोरिडा के लिए रवाना हो गए, जहां वह वीकेंड बिताएंगे।

**लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने की सलाह-** ट्रंप ने पत्रकारों को यह भी बताया कि डॉक्टरों ने उन्हें लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि मैं बहुत अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में हूं। यह जांच ट्रंप के स्वास्थ्य को लेकर पहली आधिकारिक जानकारी होगी, खासकर पिछले साल जुलाई में पेनसिल्वेनिया के बटलर में उन पर हुए हमले के बाद, जिसमें उनके दाहिने कान में गोली लगने से चोट आई थी। उस समय ट्रंप के तत्कालीन चिकित्सक और समर्थक रॉनी जैक्सन ने केवल एक संक्षिप्त बयान जारी किया था, जिसमें चोट की जानकारी दी गई थी, लेकिन विस्तृत मेडिकल रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किए गए थे।

**फास्ट फूड के प्रेमी हैं ट्रंप-** ट्रंप का स्वास्थ्य हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी अपने स्वास्थ्य के बारे में सीमित जानकारी साझा की थी। 2020 में कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद उनकी स्थिति को लेकर कई सवाल उठे थे, जब उनके चिकित्सक ने उनकी हालत को स्थिर बताया था, लेकिन बाद में खबरें आई थीं कि उनकी स्थिति गंभीर थी। ट्रंप की उम्र और उनके फास्ट फूड के प्रति प्रेम ने उनके स्वास्थ्य को और अधिक सुर्खियों में ला दिया है।

ट्रंप ने फास्ट फूड के प्रति प्रेम का इजहार 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान मैकडॉनल्ड्स में एक फोटो ऑप के जरिए किया था।

## कल जारी हो सकती है रिपोर्ट

व्हाइट हाउस ने कहा है कि ट्रंप की जांच के परिणाम रविवार, 13 अप्रैल को जारी किए जा सकते हैं। हालांकि, ट्रंप के इतिहास को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि यह रिपोर्ट शायद सामान्य प्रशंसा और सीमित विवरण तक ही सीमित रह सकती है। ट्रंप ने पिछले साल अगस्त में सीबीएस को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि वह अपने मेडिकल रिकॉर्ड खुशी-खुशी जारी करेंगे, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। ट्रंप की यह जांच ऐसे समय में हुई है, जब उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर विपक्षी दल और जनता के बीच बहस छिड़ी हुई है। अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन की शारीरिक और मानसिक क्षमता पर सवाल उठाने वाले ट्रंप अब खुद उसी तरह की जांच के दायरे में हैं। बाइडन से तीन साल छोटे होने के बावजूद, ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण के समय बाइडन के 2021 के शपथ ग्रहण की तुलना में पांच महीने बड़े थे। राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के पास अपने मेडिकल रिकॉर्ड को निजी रखने का अधिकार है, जैसा कि आम नागरिकों के पास होता है। लेकिन आधुनिक समय में राष्ट्रपति की वार्षिक जांच को जनता के लिए उनके स्वास्थ्य की स्थिति का एक महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। ट्रंप का यह दावा कि वह स्वस्थ और तंदुरुस्त हैं, अब रविवार को आने वाली रिपोर्ट की प्रतीक्षा में है, जो उनके दावों की सत्यता को परखेगी।

## आज का इतिहास

1919 – जालियाँवाला बाग़ हत्याकांड। अँग्रेज़ और गोरखा सैनिकों द्वारा निहत्थी भीड़ पर की गई अंधाधुंध गोलीबारी में चार सौ लोग मारे गए।

पेरिस में शान्ति सम्मेलन का उद्घाटन, बेनिटो मुसोलिनी द्वारा इटैलियन फ़ासिस्ट पार्टी की स्थापना।

1994 – नई दिल्ली में एस्केप का स्वर्ण जयंती सत्र सम्पन्न, विश्व भर के बच्चों के शोषण से संघर्ष हेतु 112 नोबेल पुरस्कार विजेताओं द्वारा 'चाइल्ड राइट वर्ल्डसाइट' संगठन का गठन।

2001 – विमान चालकों के लौटने के बाद अमेरिका का चीन के प्रति रुख़ सख्त।

2002 – शांति के प्रति एलटीटीई प्रमुख वी. प्रभाकरण की प्रतिबद्धता का अमेरिका ने स्वागत किया।

2003 – एल.टी.टी.ई. ने टोकियो सहायता सम्मेलन का बहिष्कार किया।

## सुडोकू 6881

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 1 | | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | | 6 | 2 | 4 | 7 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | 1 | | 7 |
| | | 8 | 4 | 5 | 1 | | 7 | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 6 | | | | 2 | | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## अमेरिकी विशेष दूत और पुतिन की मुलाकात, ट्रंप ने कहा यूक्रेन युद्ध विराम पर आगे बढ़े रूस

**सेंट पीटर्सबर्ग, (आईएएनएस)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष पर बातचीत के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की। इस वर्ष दोनों की यह तीसरी वार्ता थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन ने कहा कि बैठक चार घंटे से ज्यादा चली और इसमें यूक्रेनी समझौते के पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। पुतिन से मिलने से पहले, विटकॉफ ने किरिल दिमित्रिएव के साथ बातचीत की। दिमित्रिएव ने बाद में कहा कि बातचीत सार्थक रही। विटकॉफ रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष के प्रमुख और विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत हैं। विटकॉफ-पुतिन की मुलाकात ऐसे समय में हुई जब ट्रंप ने बातचीत की स्थिति को लेकर पुतिन के प्रति निराशा व्यक्त की। शुक्रवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- रूस को आगे बढ़ना होगा। बहुत से लोग मर रहे हैं, हजारों लोग हर हफ्ते, एक भयानक और निरर्थक युद्ध में। इस बीच, ट्रंप के यूक्रेन दूत कीथ केलॉग ने इससे इनकार किया कि उन्होंने यूक्रेन के विभाजन का सुझाव दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक इंटरव्यू के दौरान, केलॉग ने प्रस्ताव दिया कि ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैनिक आश्वासन बल के हिस्से के रूप में यूक्रेन के पश्चिम में नियंत्रण क्षेत्रों को अपना सकते हैं। उन्होंने कथित तौर पर सुझाव दिया कि रूस की सेना कब्जे वाले पूर्वी क्षेत्र में रह सकती है उन्होंने कहा, आप इसे लगभग वैसा ही बना सकते हैं जैसा दूसरे विश्व युद्ध के बाद बर्लिन के साथ हुआ था। केलॉग ने बाद में सोशल मीडिया पर कहा कि लेख में उनकी कही गई बातों को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने आगे कहा- मैं यूक्रेन के विभाजन की बात नहीं कर रहा था।

## पाकिस्तान में 5.8 तीव्रता का भूकंप, जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए झटके

**श्रीनगर, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए। मौसम विभाग के निदेशक मुख्तार अहमद ने आईएएनएस को बताया कि शनिवार को 13:00:55 बजे 33.63 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 72.46 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। अहमद ने कहा, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान क्षेत्र में था। भूकंप धरती के 10 किलोमीटर अंदर आया। जम्मू-कश्मीर में भी हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप विज्ञान की दृष्टि से कश्मीर घाटी भूकंप-प्रवण क्षेत्र में स्थित है, जहां अतीत में भूकंपों ने तबाही मचाई है। 8 अक्टूबर, 2005 को सुबह 8.50 बजे रिक्टर पैमाने पर 7.6 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में था। इसमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) के दोनों तरफ 80,000 से अधिक लोग मारे गए थे। अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, भारत और झिंजियांग क्षेत्र में भी झटके महसूस किए गए थे। यह दशक की पांचवीं सबसे घातक प्राकृतिक आपदा थी। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान में इस भूकंप में मरने वालों की आधिकारिक संख्या 73,276 से 87,350 के बीच थी, जबकि कुछ अनुमानों के अनुसार मृतकों की संख्या 1,00,000 से भी ज्यादा थी। भारत में 1,360 लोग मारे गए।

# तो तीन हिस्सों में बंट जाएगा देश, अमेरिका

## तो तीन हिस्सों में बंट जाएगा देश, अमेरिका ने यूक्रेन को दिलाई दूसरे विश्वयुद्ध की याद

कीव में अमेरिका के राजदूत ने कहा है कि अगर यूक्रेन शांतिवार्ता के लिए नहीं तैयार होता है तो एक दिन आएगा जब यह देश तीन हिस्सों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का एक हिस्सा ब्रिटेन के नियंत्रण में तो दूसरा फ्रांस के नियंत्रण में होगा। वहीं तीसरा पूर्वी हिस्सा रूस के कब्जे में होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ना तो अपनी कोई फौज यूक्रेन में उतारेगा और ना ही कब्जा करेगा। दूसरे विश्वयुद्ध की याद दिलाते हुए जनरल केथ केलोग ने कहा कि जिस तरह से बर्लिन तीन हिस्सों में बंट गया था। एक पर ब्रिटेन का, दूसरे हिस्से पर फ्रांस का और तीसरे हिस्से पर रूस का नियंत्रण हो गया था। वही हश्र यूक्रेन का भी हो सकता है।

इस बार यूक्रेनी राष्ट्रपति वालोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिका दौरे के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तनातनी चल रही है। डोनाल्ड ट्रंप डरा-धमकाकर किसी भी तरह जेलेंस्की से मिनरल डील पर साइन करवाना चाहते थे। वहीं जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप की भी एक ना सुनी। ओवल हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दोनों नेताओं में तीखी नोकझोंक भी हो गई थी। इसके बाद जेलेंस्की वहां से बिना खाने खाए ही निकल गए।



अमेरिका के हाथ खींचने के बाद ब्रिटेन और नॉर्वे ने यूक्रेन को एंटी टैंक माइन, रडार और ड्रोन के लिए 450 मिलियन पाउंड देने का ऐलान किया है। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे युवराज हैरी अचानक यूक्रेन पहुंचे और वहां उन्होंने रूस के साथ जारी युद्ध के पीड़ितों से मुलाकात की।

एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। हैरी ने गुरुवार को लवीव में ऑर्थोपेडिक क्लीनिक 'सुपरह्यूमन्स सेंटर' का दौरा किया जहां घायल सैन्य कर्मियों और नागरिकों का इलाज किया जाता है। युवराज हैरी की यात्रा का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध के बीच लोगों को शीर्ष-स्तरीय सेवाएं मिलें। इस केंद्र में कृत्रिम अंग, पुनर्निर्माण सर्जरी और मनोवैज्ञानिक सहायता निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

युवराज हैरी की पश्चिमी यूक्रेन की यात्रा के संबंध में जानकारी तब दी गई जब वह वहां से रवाना हो गए। ब्रिटिश सेना में 10 साल सेवाएं देने वाले हैरी ने घायल सैनिकों की मदद को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाया है।

उन्होंने 2014 में 'इनविक्टस गेम्स' की स्थापना की ताकि घायल सैनिकों को पैरालिंपिक जैसे खेल आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल सके।

प्रवक्ता ने कहा कि 'इनविक्टस' सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है। यह चोट के बाद के जीवन के बारे में हैं, यही वजह है कि हैरी लवीव जैसे पुनर्वास केंद्रों में जाते हैं। यात्रा के दौरान हैरी ने यूक्रेन के पूर्व सैनिकों के मामलों की मंत्री नतालिया कलमीकोवा से मुलाकात की। हैरी (40) यूक्रेन की यात्रा करने वाले शाही परिवार के दूसरे सदस्य हैं। उनकी रिश्तेदार एवं डचेस ऑफ एडिनबर्ग सोफी ने पिछले साल कीव की यात्रा की थी।


# गाजा में 'नरसंहार' वाले बयान पर कनाडाई पीएम कार्नी से भिड़े नेतन्याहू, जमकर सुनाया

**तेलअवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कनाडा के समकक्ष पीएम कार्नी को जमकर नसीहत दी है। दरअसल, पीएम कार्नी की एक रैली में एक शख्स ने कहा कि गाजा में नरसंहार हो रहा है।

इस पर कार्नी ने जवाब दिया कि हां मुझे मालूम है इसलिए हमने हथियारों पर प्रतिबंध लगाया है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कनाडा के समकक्ष कार्नी को गाजा में इजरायली सेना के नरसंहार वाले एक बयान पर सहमति जताने के लिए जमकर खरी-खोटी सुनाई है। इजरायली प्रधानमंत्री का यह बयान कार्नी के उस वीडियो के जवाब में आया है, जिसमें एक कार्नी की एक चुनावी रैली के दौरान एक प्रदर्शनकारी चिल्लाते हुए कहता है कि वहां फिलिस्तीन में इजरायली सेना नरसंहार कर रही है। इस पर कार्नी पलटकर जवाब देते हुए कहते हैं कि धन्यवाद.. हां मुझे मालूम है कि वहां क्या हो रहा है, इसलिए हमने हथियारों की बिक्री पर रोक लगाई है। कनाडाई प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद मीडिया में अटकलबाजी शुरू हो गई। रैली के बाद जब मीडिया ने कनाडाई पीएम कार्नी से इस बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि मैंने 'नरसंहार' शब्द नहीं सुना था।

मैं बस इजरायल के संबंध में अपने हथियारों की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बारे में ही बता रहा था। पीएम कार्नी ने भले ही इस पर सफाई दे दी लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। कनाडाई पीएम के सफाई देने के पहले इजरायली पीएम तक यह वीडियो पहुंच चुका था। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कार्नी को आड़े हाथों लेते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, कनाडा ने हमेशा सभ्यता का पक्ष लिया है.. मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री कार्नी को भी ऐसा ही करना चाहिए। लेकिन वह एक लोकतांत्रिक देश इजरायल का समर्थन करने के बजाय हमास के साथ खड़े हो रहे हैं.. जो खुले तौर पर एकमात्र यहूदी राज्य के ऊपर लगातार हमले करता है।

## वर्ग पहेली 6881




**बायें से दायें:-**

१. कलाकार, गुणवान, निपुम (उर्दू)
४. झंडा, ध्वज (उर्दू)
६. गति, चाल वेग (उर्दू)
७. विफल(उर्दू)
८. बातचीत
१०. प्रार्थना करना
११. गुत्थी, फंसाव कठिनाई, चिंता
१३. नाइंसाफी
१४. हर्ष, पुलक
१५. एक बंददार, मर्दाना पहनावा
१७. लोभी
१९. विपदा,विरक्ति
२१. धनी, अमीर (उर्दू)
२२. चुभना, गड़ना, अनुचित जान पड़ना
२४. पछताना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. आज्ञा पत्र (उर्दू)
२. उदारमना (उर्दू)
३. बीच, मध्य (उर्दू)
४. पतंगा, लिखित आज्ञा पत्र(उर्दू)
५. गाज, बिजली
९. समानार्थी
११. श्रम, उद्यम उत्पादक, जीवन के लिए आवश्यक सामग्री उत्पन्न करने का धंधा
१२. छोटी खिड़की, गवाक्ष
१३. पृथ्वी
१४. रोकने वाला
१५. बदलना (अंतरिम)
१६. बचा-खुचा
१८. गहरी इच्छा, लालसा
१९. युद्ध
२०. एड़ी के ऊपर की हड्डी की गांठ
२३. अनेक

## वर्ग पहेली-6880



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**कवायद** | *जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों पर लगेगी रोक*

# सेना ने एनएच-44 पर सुरक्षा व्यवस्था को किया और मजबूत

**श्रीनगर, (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को रोकने और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (एनएच-44) पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। यह राजमार्ग केंद्र शासित प्रदेश के कई हिस्सों को जोड़ता है। आतंकवादियों द्वारा।**

हथियारों और सामान की तस्करी के लिए इसका इस्तेमाल करने की कोशिशों को नाकाम करने के उद्देश्य से सेना ने कई बड़े कदम उठाए हैं। सेना ने राजमार्ग पर दिन-रात गश्त बढ़ा दी है। खास तौर पर संवेदनशील इलाकों और महत्वपूर्ण जगहों पर नजर रखी जा रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर कई जगहों पर मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) बनाए गए हैं। ये चेक पोस्ट अचानक जांच करते हैं, जिससे आतंकियों के लिए इस मार्ग का दुरुपयोग करना मुश्किल हो गया है। इन चेक पोस्ट पर संदिग्ध वाहनों और लोगों की तलाशी ली जा रही है। सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल



किया जा रहा है। प्रमुख चौराहों और राजमार्ग के प्रवेश-निकास बिंदुओं पर उन्नत वाहन स्कैनर, एआई आधारित फेस रिकग्निशन सिस्टम और ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम लगाए गए हैं। ये तकनीकें रियल-टाइम जानकारी देती हैं और संदिग्ध गतिविधियों को तुरंत पकड़ने में मदद करती हैं। इससे आतंकी खतरों को पहले ही रोकने में आसानी हो रही है। सेना के अधिकारियों का कहना है कि इन उपायों से अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। हाल के सप्ताहों में कई संदिग्ध गतिविधियों को रोका गया है। बढ़ी हुई गश्त और तकनीकी निगरानी ने आतंकियों के लिए इस राजमार्ग का इस्तेमाल मुश्किल कर दिया है। इन कदमों से आतंकी नेटवर्क को कमजोर करने में मदद मिल रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से भारतीय सेना का यह प्रयास क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है। सेना का कहना है कि वह आतंकवाद को खत्म करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सुरक्षा उपायों से आतंकियों को अलग-थलग करने और उनके मंसूबों को नाकाम करने में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी सेना के इन प्रयासों की सराहना की है। उनका कहना है कि एनएच-44 पर बढ़ी सुरक्षा से न केवल आतंकी गतिविधियां रुकेंगी, बल्कि आम लोगों का सफर भी सुरक्षित होगा। भारतीय सेना का यह प्रयास जम्मू-कश्मीर में शांति और स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

- **संवेदनशील इलाकों और महत्वपूर्ण जगहों पर रखी जा रही है नजर**
- **जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर कई जगहों पर मोबाइल वाहन चेक पोस्ट बनाए गए हैं**

# खेल जगत

## धोनी और कोहली की तरह, रहाणे भी केकेआर के लिए आदर्श हैं: ओटिस गिब्सन

नई दिल्ली, 12 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच ओटिस गिब्सन ने कप्तान अजिंक्य रहाणे को टीम के लिए बल्लेबाजी का आदर्श बताया और कहा कि यह अनुभवी बल्लेबाज एम.एस. धोनी और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के बराबर है। अब तक रहाणे ने छह मैचों में 40.8 की औसत और 154.54 की स्ट्राइक-रेट से 204 रन बनाए हैं।

# मुंबई की कोशिश दिल्ली के घर में उसका विजय रथ रोकने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। केएल राहुल और उनकी नई टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनकी नन्हीं बेटी अपने जन्म के साथ आईपीएल 2025 में खुशकिस्मती भी लेकर आई। अपनी बेटी के जन्म के कारण लखनउ सुपर जायंटस के खिलाफ पहले मैच से बाहर रहने के बाद दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ केएल राहुल ने अगले तीन मैचो में पहले दिल्ली कैपिटल्स को एसआरएच के खिलाफ सही वक्त पर 15 रन की तेज पारी खेल सात विकेट से और फिर अगले दो मैचों में भी अर्द्धशतक जड़ पहले चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ उसके घर चेन्नै में 25 रन से फिर आरसीबी के खिलाफ उसके घर बेंगलुरू में संकट से उबार कर सात विकेट से जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स अपने शुरू के लगातार चार मैच जीत आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है। मुंबई अपने पिछले मैच में अपने घर में आरसीबी से 12 रन से हार कर जबकि तथा दिल्ली कैपिटल्स की टीम आरसीबी को उसके घर में छह विकेट से हराकर एक दूसरे के खिलाफ रविवार को आमने सामने होंगी। पांच बार की चैंपियन हार्दिक पांडया की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस अपने पांच में से मात्र एक में अपने घर मुंबई में केकेआर से आठ विकेट से जीत को छोड़ पिछले चार मैच हारे हैं। मुंबई इंडियंस की कोशिश दिल्ली कैपिटल्स का विजय रथ रविवार को उसके घर जेटली स्टेडियम के मैदान पर रोकने की होगी। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें अपने ही मैदान पर मुंबई इंडियंस को भी हरा लगातार पांचवीं जीत के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचने पर लगी होंगी।

मुंबई के हौसले अपने व दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के फिट होकर टीम में लौटने से बुलंद होंगे। बुमराह रंग में रहे तो वह अपने दम दिल्ली कैपिटल्स को रोक सकते हैं। शीर्ष क्रम दिल्ली और मुंबई की कमजोर कड़ी है। दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस से अपने पिछले मैच सहित अपने अंतिम पांच में से दो मैच जीते हैं और तीन हारे हैं। एक दिलचस्प बात यह है कि जैक फ्रेजर मैकगर्क की 84 रन की तूफानी पारी की बदौलत 2024 के संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस पर यहीं अरुण जेटली स्टेडियम के मैदान पर दस रन से जीत दर्ज की थी और रविवार को भी मेजबान टीम उनसे ऐसी ही तेज पारी को दोहराने की आस करेगी।जैक फ्रेजर ने हालाकि चार मैचों में 46 रन ही बनाए। दिल्ली को कप्तान अक्षर पटेल, लेग स्पिनर विपराज निगम व कुलदीप यादव सबसे बेहतरीन स्पिनर के साथ बल्ले से मैच का रुख बदलने की क्षमता के कारण सबसे संतुलित टीम बनाते हैं। दिल्ली के पास सच तो यह है कि कामचलाउ लेग स्पिनर ट्रस्टन स्टब्ज को भी जोड़ ले तो फिर गेंदबाजी में सात विकल्प हो जाते हैं और यही उसे मुंबई के मुकाबले बेहतर टीम बनाता है। केएल राहुल के साथ स्टब्ज ने भी मैच के मिजाज के मुताबिक बल्लेबाजी करना सीख लिया। बावजूद इसके दिल्ली कैपिटल्स को अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के लिए उसके शीर्ष क्रम को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मुंबई के हौसले चोट के चलते लंबे से बाहर रहने के बाद पांचवें मैच से तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम में लौटने, खुद कप्तान हार्दिक पांडया के पांच मैचों में दस विकेट चटकाने और रफ्तार की नई सनसनी अश्विनी कुमार के रूप में मुंबई के पास ऐसा तेज गेंदबाजी आक्रमण है जिसने शीर्ष क्रम में जैक फ्रेजर मैकगर्क, फाफ डू प्लेसी व अभिषेक पोरेल सस्ते में आउट कर दिया तो केएल राहुल व स्टब्ज व कप्तान अक्षर पटेल के लिए भी दिल्ली को संभाल बड़े स्कोर तक पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने बेशक अपने शुरू के चारों मैच जीते हैं लेकिन बावजूद उसकी चिंता शीर्ष क्रम में केएल राहुल(तीन मैच,185 रन) को छोड़ तीन तीन मैचों में शीर्ष क्रम में फाफ डू प्लेसी ने एक अर्द्धशतक सहित 81 अभिषेक पोरेल ने चार मैचो में कुल 74, कप्तान अक्षर पटेल चार मैचो में कुल मात्र 58 रन ही बनाए है। मुंबई इंडियंस के लिए सबसे उत्साहवर्द्धक बात यह है कि उसके कप्तान तेज गेंदबाज हार्दिक पांडया ने पांच मैचो में दस विकेट, बाएं हाथ के स्पिनर विगनेश पुतुर ने चार मैचो में छह विकट रफ्तार की नई सनसनी अश्विनी कुमार ने दो मैचो में पांच, ट्रेंट बोल्ट ने पांच मैचों में पांच, दीपक चाहर ने पांच मैचों में चार, मिचेल सेंटनर ने पांच मैचो में मात्र एक विकेट ही चटकाया है। मुंबई ने भले ही शुरू के अपने पांच में से एक ही जीता लेकिन वह लखनउ सुपर जायंटस से लखनऊ और अपने घर में आरसीबी से पिछले दो मैचों में उसकी हार का बड़ा कारण शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा, विल जैक और रेयन निकलटन की नाकामी रही। मुंबई इंडियंस के लिए सूर्य कुमार यादव ने एक अर्द्धशतक सहित पांच मैचो मं 199 , तिलक वर्मा पांच मैचों में एक अर्द्धशतक सहित 151 रन बनाए हैं जबकि शीर्ष क्रम में विल जैक ने चार मैचों 54, रोहित शर्मा न चार मैचों मात्र 38 रन बनाए हैं। सच तो यह है कि दिल्ली कैपिटल्स की शुरू के चारों मैच जीत अजेय रहने का सबसे बड़ा कारण उसके कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और विपराज निगम की स्पिन त्रिमूर्ति के साथ पिछले मैच में खासे महंगे साबित होने चार मैचों में एक पंजे सहित सबसे ज्यादा नौ विकेट चटकाने वाले मिचेल स्टार्क की दमदार गेंदबाजी है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए बाएं हाथ के लेग स्पनिर कुलदीप यादव ने आठ विकेट, लेग स्पिनर विपराज निगम ने चार मैचो चमें पांच, मुकेश कुमार ने चार मैचों तीन, मोहित शर्मा ने चार मैचों में दो विकेट चटकाए। स्टार्क और मुकेश ने शीर्ष क्रम में यदि मुंबई के रोहित, जैक और रिकल्टन को सस्ते में आउट कर दिया तो फिर बीच के ओवर में विकेट चटकाने में माहिर दिल्ली के लेग स्पिनर कुलदीप यादव सूर्य कुमार यादव व तिलक वर्मा व कप्तान हार्दिक पांडया को बड़े स्ट्रोक खेलने पर मजबूर कर मुंबई इंडियंस के लिए दिक्कतें वाकई बढ़ सकती है।

### 'केएल राहुल जैसे खिलाड़ी हमारी टीम में होना बहुत अच्छा'

'जब हमने शुरू के अपने तीनों मैच जीत लिए तो तब हमने सोचा की हम अपने शुरू के चारों मैच भी जीत सकते हैं। अब अपने अब तक के चारों मैच जीतना वाकई बढ़िया है। हमारी टीम में हर कोई पूरे विश्वास से खेल रहा है। विपराज ने शुरू के दो मैचों में दबाव महसूस किया लेकिन पिछले दो मैचों में वह आत्मविश्वास से भरे नजर आए। दिन ब दिन विपराज बतौर गेंदबाज बेहतर हरे रहे हैं। वह कप्तान का आत्मविश्वास देते हैं और इससे बेहतर और कोई बात नहीं हो सकती। केएल राहुल ने मेरा काम आसान कर दिया। मैं खुद बल्लेबाजी क्रम में उनकी तरह फ्लोटर यानी कहीं भी खेल चुका है। बल्लेबाजी में अलग अलग नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं हो सकता। केएल राहुल जैसे खिलाड़ी हमारी टीम में होना बहुत अच्छा है और उन्होंने परिपक्व पारी खेली और आरसीबी के खिलाफ हमें जिता कर लौटे। केएल राहुल चैंपियंस ट्रॉफी की बढ़िया रंगत को जारी रखे हैं।

### 'बुमराह के टीम में लौटने से मैं खुश हूं'

'हम आरसीबी के खिलाफ जीत से दो हिट दूर रह गए, सच कहूं मैं बता सकता हम हारे क्यों। गेंदबाजों के लिए यह मुश्किल पिच थी और बहुत विकल्प नहीं थे। हमने 10-12 रन आरसीबी को ज्यादा दे दिए। तिलक वर्मा ने बेहतरीन पारी खेली। तिलक की उंगली में इससे पहले मैच में चोट लगी थी और इसीलिए कोच ने किसी नए बल्लेबाज को क्रीज पर भेजने का फैसला किया। इस तरह के मैचो में पॉवरप्ले अहम होता है। आरसीबी के गेंदबाजों ने आखिर के मारधाड़ वाले ओवर में अपनी योजना के मुताबिक बढ़िया गेंदबाजी की और इस दौरान बढ़िया बल्लेबाजी नहीं कर पाए। हमारे लिए इस मैच में बुमराह की टीम में वापसी खास रही है और उन्होंने अपना काम बढ़िया ढंग से किया।बुमराह के टीम में लौटने से मैं खुश हूं।

# गुजरात टाइटंस को हराकर लखनऊ सुपर जायंट्स ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की




**लखनऊ,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। निकोलस पूरन (61) और एडन मारक्रम (58) की शानदार पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 26वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को तीन गेंदे शेष रहते विकेट छह से हरा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की छह मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एडन मारक्रम और कप्तान ऋषभ पंत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। सातवें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने ऋषभ पंत (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी निकोलस पूरन ने मोर्चा संभाला। मारक्रम और पूरन की जोड़ी ने दूसरे विकेट लिये 58 रन जोड़े। 12वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने मारक्रम को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। मारक्रम ने 31 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (58) रन बनाये। 16वें ओवर राशिद खान ने निकोलस पूरन को आउट किया। पूरन ने 34 गेंदों में एक चौका और सात छक्कों की तूफानी पारी खेलते हुए (61) रन बनाये। चौथे विकेट के रूप में डेविड मिलर (सात) को वॉशिंगटन सुदंर ने बोल्ड आउट किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। आयुष बडोनी 20 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। अब्दुल समद (दो) रन बनाकर नाबाद रहे।

गुजराज टाइटंस के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिये। राशिद खान और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस के लिए कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की। 13वें ओवर में आवेश खान ने शुभमन गिल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। गिल ने 38 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (60) रन बनाये। अगले ही ओवर में रवि बिश्नाई ने साई सुदर्शन को आउटकर गुजरात को दूसरा बड़ा झटका दिया। साई सुदर्शन ने 37 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (56) रन बनाये। जॉस बटलर (16) और वॉशिंगटन सुंदर (दो) रन बनाकर आउट हुये। एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही गुजरात के 25 रनों के अंतराल पर चार विकेट गिरने से उसकी रन बनाने की रफ्तार धीमी हो गई। शरफेन रदरफोर्ड (22) रन बनाकर आउट हुये।

# धोनी ने लगातार पांचवां मैच हारने के बाद सीएसके की बल्लेबाजी की समस्या को उठाया

■ सीएसके 59 गेंद शेष रहते गत चैंपियन से आठ विकेट से हार गई
■ सुनील नारायण ने 3-13 के आंकड़े के साथ वापसी की



**चेन्नई,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी खिलाड़ी एमएस धोनी, जिन्होंने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मध्य सत्र में टीम की कमान संभाली थी, ने लगातार पांचवीं हार के बाद अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप में समस्याएं उठाईं। सीएसके 59 गेंद शेष रहते गत चैंपियन से आठ विकेट से हार गई, जब घरेलू टीम का बल्लेबाजी क्रम बुरी तरह से ध्वस्त हो गया और 103/9 पर सीमित हो गया - चेपॉक में उनका सबसे कम स्कोर और आईपीएल में तीसरा ओवरऑल कम स्कोर। सुनील नारायण ने 3-13 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में, नारायण ने 18 गेंदों में पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 44 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने अपने हरफनमौला खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। मैच के बाद धोनी ने कहा कि वे साझेदारी बनाने और पावरप्ले का पूरा उपयोग करने में विफल रहे।

विकेटकीपर-बल्लेबाज ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, 'कुछ रातें ऐसी रही हैं जब हम अपने पक्ष में नहीं गए। चुनौती हमेशा रही है, हमें चुनौती स्वीकार करनी होगी। ऐसा ही हुआ है, जब हमने दूसरी पारी में गेंदबाजी की तो गेंद थोड़ी रुकी, आज पहली पारी में भी ऐसा हुआ। जब आप बहुत अधिक विकेट खो देते हैं, तो दबाव होता है और अच्छे स्पिनरों के साथ ऐसा करना मुश्किल होता है। हमें कभी कोई साझेदारी नहीं मिली और थोड़ी और साझेदारी, प्रयास और हम ठीक रहेंगे।' धोनी ने कहा, 'महत्वपूर्ण बात यह है कि परिस्थितियों को देखें, कुछ मैचों में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है।


## हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015

रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

### परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुर्ननिर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेरस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर/सहउधारकर्ता | 1. डिमांड नोटिस जारी का दिनांक 2. ऋण खाता संख्या 3. नोटिस के अनुसार देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| श्री अजय कुमार मिश्रा<br>श्रीमती रंजना मिश्रा | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000426<br>3. Rs. 30,70,269/- (Thirty Lacs Seventy Thousand Two Hundred Sixty Nine Only) | खसरा नंबर 426 पीएच नंबर 40 लोक मान्य तिलक वार्ड, वार्ड नंबर 1 मुरवारा कटनी, शहरी, कटनी, मध्य प्रदेश, भारत - 483501 माप क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - कुंजीलाल की भूमि, पश्चिम - यादव जी का भूखंड, उत्तर - 3 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण - बजाज का मिल | 11/04/2025 |
| श्री अखिल महाजन<br>श्रीमती अर्चना महाजन | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/CDWR/A000000404<br>3. Rs. 11,77,901/- (Eleven Lacs Seventy Seven Thousand Nine Hundred One Only) | खसरा नंबर 687/1/1/1/2, चिचोली पांढुरा, सेमीअर्बन, पांढुर्ना, मध्य प्रदेश, भारत - 480334 क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट चार सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - गंगाधर उद्दे का घर, उत्तर - दिगंबर का प्लॉट, दक्षिण - चंद्र शेखर भक्ते का प्लॉट | 09/04/2025 |
| श्री अनिल अग्रवाल<br>श्री अमन अग्रवाल | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000597<br>3. Rs. 20,28,503 /- (Twenty lacs Twenty Eight Thousand Five Hundred Three Only) | ग्राम सिहोरा एनबी 421 फोन 61/2 73 आरएनएम खितौला ब्लॉक सिहोरा नगर पालिका सिहोरा वार्ड नंबर 12 दीनदयाल वार्ड तहसील सिहोरा जबलपुर, सिहोरा जबलपुर, शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 483225 क्षेत्रफल 0.011 हेक्टेयर चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - गर्ग का भूखंड, उत्तर - कंकणे का भूखंड, दक्षिण - पटेल का भूखंड | 11/04/2025 |
| श्री अजिंक्य वानखड़े<br>श्रीमती वनिता वानखेड़े | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/CDWR/A000000163<br>3. Rs. 23,72,295 /- ( Twenty Three Lacs Seventy Two Thousand Two Hundred Nintey Five Only) | मौजा सौसर राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 14 निमनी रोड प.ह.न. 18/9 बी.एन. 411 खसरा नंबर 1127/2 सौसर छिंदवाड़ा म.प्र. 480106, छिंदवाड़ा सौसर, छिंदवाड़ा, सेमीअर्बन, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, भारत - 480106 माप क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट। चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - दामोदर ठाकरे का खेत, उत्तर - वनिता बानखेड़े का घर, दक्षिण - सिंधु बाई पोखरे का घर | 09/04/2025 |
| श्री चंदन कुमार जायसवाल<br>श्रीमती सुनीता जायसवाल<br>श्री रजनीश कुमार जायसवाल | 1. Issuance Date - 29-10-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000251 & CO/CPC/CPOF/A000002757<br>3. Rs. 17,55,082 /- (Seventeen Lacs Fifty Five Thousand Eighty Two Only) | ग्राम करौंदी खुर्द, एन बी 58, पी एच नं. 09, तेह बरही, जिला कटनी, ग्रामीण, कटनी, मध्य प्रदेश, भारत - 483770 माप क्षेत्र 0.060 हेक्टेयर। चार सीमाएँ - पूर्व - रामरतन की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - मोहनलाल की भूमि, दक्षिण - सीसी रोड | 11/04/2025 |
| श्री चंदन पाठक<br>श्री दुर्गेश कुमार पाठक | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/GDWR/A000000178<br>3. Rs. 1185698/- (Eleven Lacs Eighty five Thousand Six Hundred Nintey Eight Only) | मौजा चिरहकला, नं 148, पी.एच.नं. 13/100, आर.एन.एम. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर खसरा नंबर 525/871, जिला नरसिंहपुर „ अर्धनगरीय , नरसिंहपुर , मध्य प्रदेश , भारत - 487555 माप क्षेत्र 1000 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - राकेश शर्मा का प्लॉट, पश्चिम - जीतू रघनवंशी का प्लॉट, उत्तर - सड़क, दक्षिण - राम कलेश पटेल | 11/04/2025 |
| श्री मनोज कुमार सेन<br>श्रीमती सरोज बाला सेन | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000586<br>3. Rs. 9,99,956 /- (Nine Lacs Ninety Nine Thousand Nine Hundred fifty Six Only) | मौजा कुमाखेड़ा, नंबर 69 पीएचएन 47/23 आरएनएम गोटेगांव, तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर,मेट्रो, झाबुआ, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 माप क्षेत्रफल 960 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - संजय वाल्मीक का प्लॉट, पश्चिम - चतुर्भुज मेहरा का प्लॉट, उत्तर - संतोष दुबे का घर, दक्षिण - सड़क | 11/04/2025 |
| श्री लक्ष्मी निवास पांडे<br>श्रीमती प्रीति पांडे | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000236<br>3. Rs. 7,45,685/- (Seven Lacs forty five Thousand Six Hundred Eighty Five Only) | ग्राम चक नं. 234, फोन नं. 40, तहसील कटनी जिला कटनी, शहरी, कटनी, मध्य प्रदेश, भारत - 483501 माप क्षेत्र 1200 वर्ग फुट चार सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि | 11/04/2025 |
| श्री मुन्ना लाल<br>श्रीमती सुनीता बाई मेहरा | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/NRSP/A000000205<br>3. Rs. 9,75,751/- (Nine Lacs Seventy five Thousand Seven Hundred fifty One Only) | मौजा समनापुर, नं 543, पी.एच.नं. 22/09, आर.एन.एम. करेली, आबादी खसरा नंबर 190/2 सेमीअर्बन, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487001 माप क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - धीर सिंह मेहरा की भूमि, पश्चिम - खाली प्लॉट, उत्तर - सड़क, दक्षिण - थम्मन लोधी की भूमि | 11/04/2025 |
| श्री प्रदीप पटेल<br>श्री संदीप पटेल | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000348<br>3. Rs. 1937651/- (Ninteen Lacs Thirty Seven Thousand Six Fifty One Only) | ग्राम-इमलाई, नं.बी.-40, पी.एच.नं.-9, आर.एन.एम.पनागर, द-जबलपुर, जिला-जबलपुर, जबलपुर, जबलपुर, सेमीअर्बन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487338 माप क्षेत्र 0.2843 हेक्टेयर चार सीमाएँ - पूर्व - धनवीर की भूमि, पश्चिम - राजकुमार पटेल की भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 11/04/2025 |
| श्री राधेश्याम राय<br>सुश्री सोना राय | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/GDWR/A000000147<br>3. Rs. 7,04,526 /- ( Seven Lacs four Thousand five Hundred twenty Six Only) | मोजा वार्ड क्रमांक 3 शिव शक्ति वार्ड बाबई कला सालीचौका एन.बी.310 पीएचएन 44 आरएनएम. बाबई कला ब्लॉक चिचली द, गाडरवारा जिला नरसिंहपुर खसरा नंबर 368/30/2 रकवा 0.008 यानि 28.1*31=871.1 वर्गफुट। , गाडरवारा , गाडरवारा , सेमीअर्बन , नरसिंहपुर , मध्य प्रदेश, भारत - 487110 माप क्षेत्रफल 871 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - कालूराम का प्लॉट, पश्चिम - केशर बाई का प्लॉट, उत्तर - सड़क, दक्षिण - गोपाल का प्लॉट | 11/04/2025 |
| श्रीमती अंजुलता नामदेव<br>श्री नितिन नामदेव | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000560<br>3. Rs. 7,64,820 /- (Seven Lacs Sixty four Eight Hundred Twenty Only) | मौजा मढ़ोताल नंबर 600, फोन 25, तहसील और जिला जबलपुर, भूमि खसरा नंबर 149/3 सेमीअर्बन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482002 क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट। चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - बर्मन जी का घर, उत्तर - मयूर साहू का घर, दक्षिण - प्लॉट नंबर 26 | 11/04/2025 |
| सुश्री खेमलता बकात<br>श्री होमचंद बकत | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000484<br>3. Rs. 19,80,677/- (Nintey Lacs Eighty Thousand Six Hundred Seventy Seven Only) | मौजा डोंगरमाली, पीएचएन 62, आरएनएम मेंडकी तहसील वारासिवनी, खसरा नंबर 219/5, शहरी, बालाघाट, मध्य प्रदेश, भारत - 481331 माप क्षेत्र 0.094 हेक्टेयर। चार सीमाएँ - पूर्व - सहसराम लिहारे की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - पुरवंता का घर, दक्षिण - हरि लाल मसखरा की भूमि | 11/04/2025 |
| श्री राहुल राय<br>श्रीमती पुष्पा बाई राय | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/GDWR/A000000070<br>3. Rs. 12,57,641 /- ( Twelve lacs fifty Seven Thousand Six Hundred forty One Only) | मोजा गाडरवारा तह गाडरवारा जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 481551 माप क्षेत्रफल 900 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - ताम्रकर पश्चिम रोड का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - सतीश शोहानी की भूमि | 11/04/2025 |
| श्री राजेश कुमार वर्मा<br>श्रीमती लक्ष्मी वर्मा | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/GDWR/A000000075<br>3 Rs. 16,18,157 /- (Sixteen Lacs Eigteen Thousand One Hundred Fifty Seven Only) | मोज़ा एन.बी. 444 पी.एच.एन. 134 सीहोरा ब्लॉक पंचायत चावरपाठा तह. गाडरवारा जिला. नरसिंहपुर खसरा 208/2 कुल रकवा 1220, सीहोरा गाडरवारा नरसिंहपुर म.प्र. , सीहोरा गाडरवारा नरसिंहपुर म.प्र. , अर्धशहरी, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 4808 माप क्षेत्र 1220 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - वीरेंद्र कौरव की भूमि, उत्तर - पवन की भूमि, दक्षिण - डोनूर की भूमि | 11/04/2025 |
| श्री राहुल मिश्रा<br>श्रीमती रिंकी मिश्रा | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000395<br>3. Rs. 33,18,710/- (Thirty Three Lacs Eighteen Thousand Seven Hundred Ten Only) | खसरा नंबर 138.01 पीएच नंबर 27/12 आरएनएम मंडल विजयराघवगढ़ तहसील विजयराघवगढ़ जिला। कटनी, खसरा नंबर 138.01 पीएन नंबर 27/12 आरएनएम मंडल विजयराघवगढ़ तहसील विजयराघवगढ़ जिला। कटनी, खसरा नं.138.01 पीएन नं.27/12 आरएनएम मंडल विजयराघवग माप क्षेत्रफल 1485 वर्गफीट चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - प्रवीण गुप्ता की भूमि, उत्तर - दिलीप गुप्ता की भूमि, दक्षिण - प्रदीप गुप्ता की भूमि | 11/04/2025 |
| श्री राजेश चौरसिया<br>श्री अशोक चौरसिया | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/NRSP/A000000172<br>3. Rs. 19,76,606 /- (Ninteen Lacs Seventy Six Thousand Six Hundred Six Only) | बजरंग वार्ड कंदेली, क्रमांक 36, तहसील नरसिंगपुर। म.प्र. , नरसिंगपुर। म.प्र. , नरसिंगपुर। म.प्र. , अर्धशहरी, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487001 माप क्षेत्र 348 वर्ग फुट चार सीमाएँ - पूर्व - नवाब अहमद का घर, पश्चिम - तुलसीराम चौरसिया का घर, उत्तर - गुलाब सिंह ठाकुर का घर, दक्षिण - सड़क | 11/04/2025 |
| श्री राजू चट्टे लाल सेन<br>श्रीमती मनीषा | 1. Issuance Date - 06-01-2025<br>2. MP/JBR/SEON/ A000000202<br>3. Rs. 29,06,966/- (Twenty Nine lacs Six thousand nine hundred sixty six Only) | मौजा गरथिया पटवारी हल्का नंबर 127 आरएनएम बंडोल तहसील और जिला सिवनी खसरा नंबर 227 रकवा 0.06 हेक्टेयर 6534 क्षेत्रफल और 607.24 वर्गमीटर, ग्राम गरथिया तहसील और जिला सिवनी मप्र „ सेमीअर्बन, सिवनी, मध्य प्रदेश, भारत - 480882 क्षेत्रफल 6534 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - दयाराम की भूमि, पश्चिम - सुखराम की भूमि, उत्तर - आबादी भूमि, दक्षिण - सड़क | 11/04/2025 |
| श्री रोशन सावित्री घोटेल<br>श्रीमती प्रेमलता घोटेल | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000648<br>3. Rs. 12,62,153 /- ( Twelve Lacs Sixty Two Thousand One Hundred Fifty Three Only) | मौजा बिछुआ एनबी 85 पटवारी हल्का नंबर 14 बेजापुर आरएनएम इमालिया तहसील कुंडम जिला जबलपुर खसरा नंबर 90 रकवा 1.24 हेक्टेयर भूमि 3.06 एचईसी, सदर बाजार कैंट रोड जबलपुर एमपी „ शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 माप क्षेत्रफल 994.5 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - प्लॉट नंबर 09, उत्तर - प्लॉट नंबर 13, दक्षिण - प्लॉट नंबर 11 | 11/04/2025 |
| श्री साहिल कुमार<br>श्रीमती सविता सविता | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000607<br>3. Rs. 16,91,797/- ( Sixteen Lacs Nintey One Thousand Seven Hundred Nintey Seven Only) | मौजा बिलपुरा पीएचएन 53 आरएनएम बिलपुरा तहसील रांझी जिला जबलपुर खसरा नंबर 593/1/1 प्लॉट नंबर 1, रांझी शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट चार सीमाएं - पूर्व - मकान नंबर 3, पश्चिम - सड़क, उत्तर - मकान नंबर 2, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 11/04/2025 |
| श्री संदीप राजपूत<br>श्रीमती बीना बाई | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/GDWR/A000000166<br>3. Rs. 5,54,154 /- (Five lacs Fifty Four thousand One Hundred fifty four Only) | मौजा पित्र क्रमांक 257, पटवारी हल्का नंबर 8, आरएनएम साईखेड़ा, ब्लॉक साईखेड़ा, तलशी गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर। , गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, सेमीअर्बन, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487661 क्षेत्रफल 1700 वर्ग फुट चार सीमाएँ - पूर्व - शिशुपाल का घर, पश्चिम - भोजराज का घर, उत्तर - सड़क, दक्षिण - संदीप राजपूत का घर | 11/04/2025 |
| श्री सीता राम<br>श्री आशा बाई | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/NRSP/A000000161<br>3. Rs. 8,28,471/- (Eight Lacs Twenty Eight Thousand Four hundred Seventy One Only) | मोजा - कोसमखेड़ा, नं.बी.-84, पी.एच.एन0.-20, तहसील करेली, जिला-नरसिंहपुर, नरसिंहपुर, नरसिंहपुर, सेमीअर्बन, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487110 क्षेत्रफल 0.2843 हेक्टेयर चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - छोटे लाल का घर, उत्तर - पवन प्रजापति का घर, दक्षिण - सड़क | 11/04/2025 |
| श्री विवेक कुमार पटेल<br>श्री गोविंद प्रसाद पटेल | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000332<br>3. Rs. 2371022 /- (Twenty Three Lacs Seventy One Thousand Twenty Two Only) | मोजा झगरा पीएचएन 69 आरएनएम महाराजपुर द. पनागर जिला. जबलपुर खसरा नंबर 143 रकवा 2.000 विक्रय रकवा 14*75=1050 वर्ग फीट। , जबलपुर , जबलपुर , अर्धशहरी , जबलपुर , मध्य प्रदेश , भारत - 482002 माप क्षेत्रफल 1075 वर्गफुट चार सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की संपत्ति, उत्तर - प्रमोद शर्मा की संपत्ति, दक्षिण - विक्रेता की संपत्ति | 11/04/2025 |
| श्री विवेक कुमार शुक्ला<br>श्रीमती मन कुवंर शुक्ला | 1. Issuance Date - 01-01-2025<br>2. MP/JBR/GDWR/A000000138<br>3. Rs. 20,16,126/- ( Twenty Lacs Sixteen Thousand One Hundred Twenty Six Only) | मोजा राजीव वार्ड गाडरवारा एनबी 119 पीएचएन 99/18/1 आरएनएम गाडरवारा ब्लॉक साईखेड़ा तह एवं जिला गाडरवारा खसरा नंबर 81/1 रकवा 0.918 मीटर सालरे रकवा 25*50=1250 वर्गफीट, गाडरवारा, गाडरवारा, सेमीअर्बन, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487551 माप क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट चार सीमाएँ - पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट | 11/04/2025 |
| श्री प्रशांत गिरी गोस्वामी<br>श्री नीता गोस्वामी | 1. Issuance Date - 05-02-2024<br>2. MP/JBR/CDWR/A000000015<br>3. Rs 19,95,107/- (Rupess Ninteen Lacs Nintey Five Thousand One Hundred Seven Only) | परिवर्तित भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका खसरा नंबर-54/2/1, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट है, मौजा- सर्रा नगर निगम वार्ड नंबर 35 कुलबेहरा वार्ड, बी. नंबर-538, पी.एच. नंबर-14, आर.आई. सर्किल - छिंदवाड़ा-02 तहसील- छिंदवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा में स्थित है। सीमाएं इस प्रकार हैं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - ज्योति डोंगरे का प्लॉट, उत्तर - कपिल चौबितकर का खेत, दक्षिण - 25 फीट रोड | 11/04/2025 Physical |
| श्री टीकाराम धीमर<br>श्रीमती सुनीता बाई<br>श्रीमती सुनीता बर्मन | 1. Issuance Date - 05-02-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000213<br>3. Rs 4,14,838 /- (Rupees Four Lakh Fourteen Thousand Eight Hundred Thirty Eight Only) | परिवर्तित भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, खसरा नं. 149/1 का हिस्सा, क्षेत्रफल 2175 वर्ग फीट, मौजा बरबटी एस.नं.322 पीसी. पटवारी हल्का नं.48 नया 63 आरएनएम बरगी तहसील और जिला जबलपुर गौतम जी मढ़िया गढ़ा जबलपुर (मप्र) (इसके बाद विषयगत संपत्ति कहा जाएगा)। सीमाएं इस प्रकार हैं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - अमन बर्मन की संपत्ति, उत्तर - 8 फीट चौड़ी गली, दक्षिण - मिठाईलाल और तुलसी बर्मन की संपत्ति | 11/04/2025 Physical |

### वैधानिक नोटिस उधारकर्ताओं / जमानतदार

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा ( बयाज ) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Sameer Singh - 9584290575


दिनांक - 13/04/2025

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

# अर्थ जगत

## यूट्यूब, वाट्सअप पर चल रही फर्जी ट्रेडिंग स्कीमों को लेकर सेबी ने चेतावनी दी

नई दिल्ली। शेयर बाजार से जुड़ी धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने निवेशकों को एक चेतावनी दी है। सेबी ने निवेशकों से कहा है कि वे यूट्यूब, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, एक्स वाट्सअप , टेलीग्राम, गूगल प्ले स्टोर और यू एपल स्टोर जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी निवेश सलाह या ट्रेडिंग कॉल को लेकर सतर्क रहें और सावधानीपूर्वक जांच करें कि संबंधित सोशल मीडिया हैंडल वाकई सेबी-पंजीकृत इकाई से जुड़े हैं या नहीं।



# यूपीआई एक बार फिर हुआ डाउन लेनदेन में यूजर्स को हुई परेशानी

*नई दिल्ली। भारत की सबसे व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली डिजिटल भुगतान प्रणाली, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को शनिवार को इस महीने दूसरी बार बड़ी रुकावट का सामना करना पड़ा, जिसके कारण देश भर में हजारों यूजर्स के लेनदेन प्रभावित हुए। गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे लोकप्रिय थर्ड-पार्टी प्लेटफॉर्म भी इस रुकावट से प्रभावित हुए, जिसके चलते सोशल मीडिया और आउटेज मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म पर शिकायतों की बाढ़ आ गई।*

डाउनडिटेक्टर के अनुसार, जो यूजर्स की शिकायतों के आधार पर रीयल-टाइम सेवा रुकावटों को ट्रैक करता है, यह समस्या सुबह 11.26 बजे शुरू हुई और सुबह 11.41 बजे अपने चरम पर पहुंची, जब 222 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। यूजर्स ने ट्रांजैक्शन फेल होने और फंड ट्रांसफर में समस्याओं को सबसे आम मुद्दों के रूप में बताया। एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यूपीआई आज फिर से डाउन है, सभी ट्रांजैक्शन फेल हो रहे हैं। कम से कम अगर यह नियोजित रुकावट है तो पहले सूचना दी जानी चाहिए। यूपीआई यह पिछले



एक साल में यूपीआई की छठी बड़ी रुकावट है और यह मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में लगातार दो रुकावटों के कुछ ही दिनों बाद आई है। 26 मार्च को, देश भर के यूजर्स को भुगतान करने में परेशानी हुई, जिसे नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने तकनीकी समस्या बताया था। एनपीसीआई जो यूपीआई नेटवर्क का संचालन करता है, ने बाद में पुष्टि की थी कि सिस्टम बहाल हो गया था। लेकिन एक हफ्ते से भी कम समय बाद, 2 अप्रैल को, डाउनडिटेक्टर ने फिर से सैकड़ों शिकायतें दर्ज कीं। इसमें 44 प्रतिशत ट्रांजैक्शन फेल होने से संबंधित और लगभग आधी फंड ट्रांसफर की समस्याओं से जुड़ी थीं।

### 1168 से ज्यादा शिकायतें दर्ज

शनिवार सुबह से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सेवा में तकनीकी खराबी के चलते देशभर में डिजिटल लेनदेन बाधित हो गया। बीते 20 दिन में यह तीसरी बार है जब ट्रांजेक्शन में समस्या हो रही है। इस अचानक आई रुकावट के कारण न सिर्फ आम लोग, बल्कि छोटे-बड़े व्यापारियों के रोजमर्रा के लेनदेन पर भी असर पड़ा है। ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, दोपहर तक यूपीआई से जुड़ी करीब 1168 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें सबसे ज्यादा गूगल पे के यूजर्स प्रभावित हुए हैं- जहां 96 से अधिक समस्याएं रिपोर्ट की गईं। वहीं, पेटीएम से जुड़े 23 यूजर्स ने भी इसी तरह की दिक्कतें साझा कीं।


## निवेशकों में डर!

# एसआईपी एकाउंट को लेकर चौंकाने वाला आंकड़ा, बंद हुए 51 लाख खाते

*नई दिल्ली। शेयर बाजार की बढ़ती अस्थिरता के बीच म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए सिस्टमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान को लेकर बड़ा आंकड़ा सामने आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की ताज़ा रिपोर्ट ने चिंताएं बढ़ा दी हैं।*

एएमएफआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2025 मे एसआईपी के जरिए कुल 25,926 करोड़ का निवेश किया गया, जो पिछले चार महीनों में सबसे कम है जबकि 51 लाख एसआईपी अकाउंट बंद हुए हैं। यह गिरावट ऐसे समय में आई है जब बाजार में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की सतर्कता बढ़ी हुई है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि बाजार में धीरे-धीरे रिकवरी के संकेत भी दिख रहे हैं।

**फरवरी से भी कम निवेश-** फरवरी 2025 में एसआईपी



निवेश 25,999 करोड़ रहा था, जो खुद एक गिरावट भरे माहौल में आया था। उस समय बाजार में तेज बिकवाली और भारी अनिश्चितता का माहौल था।

**स्टॉपेज रेशियो बढ़ा-** एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में 51 लाख एसआईपी अकाउंट बंद हुए, जबकि 40 लाख नए अकाउंट खोले गए। इससे एसआईपी स्टॉपेज रेशियो में तेज उछाल आया है, फरवरी में यह 122 प्रतिशत था, जो मार्च में बढ़कर 128.75 प्रतिशत पहुंच गया। इसका सीधा मतलब है कि पुराने एसआईपी या तो समय पूरा होने के बाद बंद हो रहे हैं या निवेशक अब बीच में ही इन्हें बंद कर रहे हैं, जबकि नए निवेशक धीमी गति से जुड़ रहे हैं।

**सक्रिय एसआईपी अकाउंट्स में गिरावट-** मार्च के अंत तक एसआईपी अकाउंट्स की संख्या घटकर 8.11 करोड़ रह गई, जो फरवरी में 8.26 करोड़ और जनवरी में 8.34 करोड़ थी। यह लगातार तीसरे महीने गिरावट का संकेत है।

**13.35 लाख करोड़ के एसेट्स-** मार्च 2025 तक एसआईपी के ज़रिए कुल 13.35 लाख करोड़ के एसेट्स म्यूचुअल फंड्स में मैनेज किए जा रहे थे। दिलचस्प बात यह है कि फरवरी 2020 में एसआईपी का आंकड़ा मात्र 8,513 करोड़ था, जो पांच साल में बढ़कर 26,000 करोड़ तक पहुंच गया था।

# तेल कीमतों में दूसरे हफ्ते भी गिरावट के आसार




*नई दिल्ली। शुक्रवार को तेल की कीमतें स्थिर रहीं, लेकिन अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध की आशंका से लगातार दूसरे सप्ताह भी गिरावट का रुझान देखा गया। ब्रेंट क्रूड वायदा 12.21 बजे तक 16 सेंट या 0.25 फीसदी तक चढ़कर 63.49 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।*

यूएस टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड 15 सेंट या 0.25 फीसदी चढ़कर 60.22 डॉलर पर आ गया। ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई में करीब 3 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट हो सकती है। इन दोनों में पिछले सप्ताह करीब 11 फीसदी की गिरावट आई थी। ब्रेंट इस सप्ताह 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंचा जो फरवरी 2021 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टाउनोवो ने कहा, 'ऊंचे अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ चीन की सख्त प्रतिक्रिया ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है और तेल कीमतों में कमजोरी आई है।' चीन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अमेरिकी सामान पर शनिवार से 125 प्रतिशत शुल्क लगाएगा जो पहले की गई 84 प्रतिशत की घोषणा से अधिक है।

# मटर की बंपर आमद से टूटे दालों के दाम

*नई दिल्ली। अनुकूल कर ढांचे के कारण भारत में दालों का आयात वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 7 साल के उच्च स्तर 67 लाख टन पर पहुंचने की संभावना है। ज्यादातर दालों पर आयात शुल्क शून्य रखा गया है, जिससे कि आपूर्ति सुनिश्चित हो सके और कीमतों में वृद्धि न हो।*

दालों के आयात में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण पीली मटर के आयात में वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025 में भारत ने करीब 20.4 लाख टन मटर का आयात किया है, जो कुल आयात का करीब 31 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के बाद सर्वाधिक मात्रा में आयात है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और रूस से भारी मात्रा में मटर का आयात किया गया है। मटर भारत में आयात होने वाली सबसे सस्ती दाल है। इसका आयात मूल्य प्रमुख दालों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम है। यह तमाम लोगों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह किसानों को अनाज की फसल की बोआई छोड़कर दालों की ओर जाने की



मंशा को हतोत्साहित करती है। कारोबारियों का कहना है कि आगे भी इस दलहन का बड़ी मात्रा में आयात जारी रहेगा, जब तक कि मटर के आयात को रोकने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए जाते हैं। मटर के बाद सबसे ज्यादा आयात देसी चना का हुआ है। उसके बाद मसूर का स्थान आता है।

### दालों का आयात 7 साल के उच्च स्तर पर

सरकार द्वारा बनाए गए अनुकूल कर ढांचे और अधिकांश दालों पर आयात शुल्क को शून्य रखने के चलते वित्त वर्ष 2025 में भारत का दलहन आयात 7 साल के उच्चतम स्तर 67 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है। इस नीति का उद्देश्य घरेलू आपूर्ति को बनाए रखना और बाजार में कीमतों को नियंत्रण में रखना है। दालों के बढ़ते आयात में सबसे बड़ा योगदान पीली मटर का रहा है। मटर के बाद देसी चना और मसूर ऐसे प्रमुख दलहन हैं जिनका आयात लगातार बढ़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक पीली मटर के आयात को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप या सीमा नियंत्रण जैसे ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक यह ट्रेंड जारी रह सकता है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत की बड़ी छलांग, वैल्यू एडिशन 70 प्रतिशत पहुंचा



*नई दिल्ली। भारत तेजी से वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) जो पहले केवल 30 प्रतिशत था, अब बढ़कर करीब 70 प्रतिशत हो गया है और वित्त वर्ष 2026-27 तक इसे 90 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में सामने आई है।*

रिपोर्ट के मुताबिक, नई कंपोनेंट्स नीति के तहत सरकार वैल्यू एडिशन को 15-16 प्रतिशत से बढ़ाकर 40-50 प्रतिशत तक ले जाने की दिशा में काम कर रही है। भारत से मोबाइल फोन का निर्यात पिछले 10 वर्षों में 77 गुना बढ़ा है, जो मेक इन इंडिया पहल की बड़ी सफलता को दर्शाता है।

**एसी के आयात में भारी गिरावट-** फुली-बिल्ट एयर कंडीशनर का आयात वित्त वर्ष 19 में 35 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 25 में घटकर सिर्फ 5 प्रतिशत रह गया है। अब भारत में कंप्रेसर, कॉपर ट्यूब और एल्युमिनियम कॉइल जैसे मुख्य पुर्जे भी स्थानीय रूप से तैयार किए जा रहे हैं। वित्त वर्ष 24 में लगभग 85 लाख आरएसी कंप्रेसर आयात किए गए थे लेकिन अगले 2-3 वर्षों में इनका पूरा उत्पादन भारत में ही होगा।

**भारत का सेमीकंडक्टर और एआई मिशन तेज रफ्तार से आगे-** सरकार का सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत ने 2030 तक 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में कई योजनाएं और पहल जमीन पर उतर चुकी हैं।मंत्री ने बताया कि भारत में 25 ऐसे चिपसेट डिजाइन किए जा रहे हैं जिनकी बौद्धिक संपदा भारत के पास होगी। ये चिप सुरक्षा से जुड़े उपकरणों जैसे निगरानी कैमरे और वाई-फाई पॉइंट्स में इस्तेमाल होंगे।

# एनएसई ने पार किया 22 करोड़ निवेशक खातों का आंकड़ा

*मुम्बई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने अप्रैल 2025 में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जब निवेशकों के कुल खाते यानि यूनिक क्लाइंट कोड्स (यूसीसी) की संख्या 22 करोड़ के पार पहुँच गई।*

खास बात यह रही कि अक्टूबर 2024 में 20 करोड़ के आंकड़े को पार करने के बाद सिर्फ छह महीनों में ही कंपनी तेज़ी से यह महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में सफल रही है। वहीं, 31 मार्च, 2025 तक यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 11.3 करोड़ दर्ज की गई, जो कि 20 जनवरी, 2025 को ही 11 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी थी। एक निवेशक के कई ब्रोकर्स के साथ खाते हो सकते हैं, जिससे उसके नाम पर एक से अधिक क्लाइंट कोड हो सकते हैं। यदि राज्यों की बात करें, तो निवेशक खातों की संख्या के मामले में महाराष्ट्र सबसे आगे है, यहाँ कुल 3.8 करोड़ खाते हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 2.4 करोड़, गुजरात में 1.9




करोड़ और राजस्थान व पश्चिम बंगाल दोनों में प्रत्येक में 1.3 करोड़ निवेशक खाते दर्ज किए गए हैं। ये राज्य मिलकर कुल खातों का लगभग 49 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं, जबकि शीर्ष 10 राज्य मिलकर लगभग तीन-चौथाई खातों में योगदान देते हैं। बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स ने पिछले पाँच वर्षों में औसतन 22 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया है, जबकि निफ्टी 500 इंडेक्स ने 25 प्रतिशत सालाना रिटर्न देकर इस अवधि में निवेशकों के लिए शानदार संपत्ति निर्माण दिखाया है।

# सरकारी बैंकों सहित कई निजी बैंकों ने भी घटाई ब्याज दर



*नई दिल्ली। देश के एक और प्रमुख सरकारी बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपनी रेपो दर से जुड़ी ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कमी की घोषणा की है। बैंक ने ग्राहकों को सस्ते लोन का लाभ देने के लिए कर्ज दर को कम कर दिया है। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी मौद्रिक नीति समिति की हालिया बैठक में रेपो दर को 6.25 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत करने के निर्णय के बाद उठाया गया है।*

परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति ने 11 अप्रैल को आयोजित अपनी बैठक में ग्राहकों को दर में कटौती का लाभ देने का निर्णय लिया। बैंक ने रेपो से संबद्ध कर्ज पर ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ 9.10 प्रतिशत से घटाकर 8.85 प्रतिशत कर दिया है। यह कटौती 12 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी।

**ये बैंक भी घटा चुके दरें-** इससे पहले पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और यूको बैंक भी ब्याज दरों में कटौती का ऐलान कर चुके हैं।यस बैंक, केनरा बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इक्वटिास और शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक जैसे बैंकों ने भी ब्याज दरें में कटौती की है। बैंकों के इस फैसले से उनके मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को फायदा होगा। इंडियन बैंक ने कहा कि उसकी रेपो-संबद्ध मानक उधारी दर में 11 अप्रैल से 35 आधार अंकों की कटौती करके 8.70 प्रतिशत कर दी जाएगी। पंजाब नेशनल बैंक ने आरबीएलआर को 9.10 प्रतिशत से संशोधित कर 8.85 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ऑफ इंडिया की नई आरबीएलआर 8.85 प्रतिशत है, जबकि पहले यह 9.10 प्रतिशत थी।

### पीएनबी घटाई एफडी की ब्याज दरें

पंजाब नेशनल बैंक ने अपनी एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों में भी कमी कर दी है। यह बदलाव 3 करोड़ से कम की जमाओं पर लागू होंगे। बैंक अब ग्राहकों को 7 दिन से 10 साल तक की एफडी पर 3.50 प्रतिशत से 7.10 प्रतिशत तक ब्याज देगा। सबसे ज़्यादा ब्याज दर 390 दिन की एफडी पर मिल रही है - 7.10 प्रतिशत, जबकि पहले 400 दिन की एफडी पर 7.25 प्रतिशत ब्याज मिलता था। बैंक ने अलग-अलग समय के लिए अपनी एफडी की ब्याज दर में बदलाव किया है। 300 दिन के टेन्योर वाली एफडी के लिए ब्याज दर 7.05 प्रतिशत से घटाकर 6.50 प्रतिशत कर दी गई है, जबकि 303 दिन वाली एफडी पर 7.00 प्रतिशत की जगह 6.40 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। दो साल से ज्यादा, तीन साल तक की अवधि वाली डिपॉजिट पर ब्याज दर 7 प्रतिशत से कम करके 6.75 प्रतिशत कर दी गई है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 04 |
| एक यूरो | 97. 77 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113 . 21 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 20 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-130 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 93000 चांदी -97800

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 93000 चांदी -97800

## दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

Ministry of Cooperation | सहकारिता मंत्रालय
Government of India | भारत सरकार

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# सहकार से समृद्धि


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

एवं

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड तथा मध्यप्रदेश सरकार के मध्य

# सहकार्यता अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम

डेयरी किसानों से दूध की खरीदी सुनिश्चित कर उनकी आय में वृद्धि की अहम पहल

मुख्य अतिथि
## अमित शाह
केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**13 अप्रैल, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल**



### हर ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर होंगे स्थापित

- दुग्ध उत्पादकों को उनके **द्वार पर ही दूध विक्रय** की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी
- 6 हजार दुग्ध समितियों को बढ़ाकर 9 हजार एवं दुग्ध संकलन 10 लाख से 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य। **18 हजार गांव होंगे लाभान्वित**
- को-ऑपरेटिव-पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी समितियों को उपलब्ध कराये जायेंगे व्यवसाय के नए अवसर

साँची Sanchi

### प्रदेश के साँची ब्रांड की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कदम...

- ₹ 2500 करोड़ के निवेश लक्ष्य से प्रत्येक जिले में **साँची डेयरी** के साथ **मिल्क कूलर, मिनी डेयरी** एवं **चिलिंग सेंटर** खोले जायेंगे
- साँची डेयरी संयंत्रों की क्षमता में वृद्धि करते हुए 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर किया जायेगा
- **आय में वृद्धि**, डेयरी किसानों की आय ₹ 1700 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 3500 करोड़ करने का लक्ष्य



### ₹ 787 करोड़ के निवेश से दुग्ध प्रसंस्करण के लिए विकसित होगी बुनियादी अवसंरचना

- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नवीन योजना **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना"** की स्वीकृति। योजना में 25 दुधारू पशुओं की ₹ 42 लाख तक लागत की डेयरी इकाई लगाने के लिए ऋण सहायता
- स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति - 2025 अंतर्गत प्रदेशभर में **पीपीपी मोड पर स्वावलंबी गौशाला** का निर्माण किया जाएगा
- गौशाला में प्रति गाय दी जाने वाली **₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹ 40** की गयी है

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

D-11007/25

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025